फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -42, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन 16

देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक 15

किसानों का दिल्ली कूच, चौकसी बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली पुलिस ने राजधानी की सीमाओं पर तेज की जांच

किसानों के विरोध-प्रदर्शन और दिल्ली कूच के मद्देनजर दिल्ली की सीमाओं पर बुधवार को यातायात प्रभावित हुआ। बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की वजह से दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर और दिल्ली-नोएडा सीमा पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं। पुलिस ने सीमाओं और शहर के अन्य हिस्सों में अवरोधक लगाए हैं और मध्य दिल्ली की ओर जाने वाली सड़कों पर जांच तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पुलिस बल टिकरी, सिंघु और गाजीपुर सीमाओं के साथ-साथ रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रख रहा है। एक अधिकारी ने बताया हमने तीनों सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि हमने कोई सीमा या मार्ग को बंद नहीं किया है लेकिन वाहनों की जांच की जाएगी।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी दिल्ली) जिमी चिराम ने बताया कि दिल्ली-हरियाणा सीमा पर बल पहले से ही तैनात है। उन्होंने कहा कि किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के मद्देनजर हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सिंघु और टिकरी सीमाओं पर अस्थायी रूप से लगाए गए अवरोधकों को वाहनों की आवाजाही के लिए हटा दिया गया है। हालांकि पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान अभी भी तैनात हैं। रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर अतिरिक्त पुलिस व अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।

10 मार्च को देशव्यापी रेल रोको आंदोलन

किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दो प्रमुख संगठन किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने रविवार को देश भर के किसानों से बुधवार को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया था। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने यह आह्वान किया था।

परीक्षा से एक दिन पहले मिल गया था पेपर, सात गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

उप्र. पुलिस भर्ती परीक्षा

- पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने छह को मेरठ जबकि एक को दिल्ली से दबोचा
- प्रश्न पत्र और आंसर शीट बरामद, अभ्यर्थियों के 26 एडमिट कार्ड, ब्लैंक चेक भी मिले

अमृत विचार : यूपी एसटीएफ ने वायुसेना के पूर्व कर्मचारी समेत उप्र. पुलिस की भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले सॉल्वर गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को मेरठ से पकड़े गए छह आरोपियों के पास से मोबाइल से पेपर लीक करने के सबूत मिले हैं। वहीं, नोयडा से पकड़ा गया वायुसेना में रह चुका एक आरोपी प्रमोद पाठक भी उप्र. समेत अन्य राज्यों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की भर्ती में सेंध लगाने वाले गिरोह का सदस्य है। इसके पास से भी वायुसेना का जाली आईडी कार्ड, अभ्यर्थियों के 26 एडमिट कार्ड, 38 हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक, चार बैंक की चेक बुक, आरक्षी भर्ती के प्रश्न पत्र से संबंधित कागजात बरामद हुए हैं।

सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसटीएफ ने मंगलवार रात मेरठ हाईवे से पेपर लीक करने वाले जिन छह आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनके पास से बरामद मोबाइल व लैपटॉप से पेपर लीक से जुड़ीं कई जानकारियां मिलीं। परीक्षा से एक दिन पहले ही इन्हें व्हाट्सएप पर पेपर मिल गया था। आरोपी पूछताछ में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर कई बड़े राज खोल सकते हैं। इस गैंग में कुल 14 सदस्य बताए जा रहे हैं। फरार आठ आरोपियों की भी तलाश तेज कर दी गई है।

आरोपियों की पहचान दीपू उर्फ दीपक पुत्र दिनेश निवासी दुपहिया रोड पठानपुरा, बिट्टू पुत्र दयाराम निवासी अलीपुर थाना सरधना, प्रवीण पुत्र ओमपाल सिंह निवासी नगलाताशी, रोहित उर्फ ललित पुत्र विनोद कुमार निवासी गोलाबढ़ थाना टीपी नगर, नवीन पुत्र सुलेख चंद ओर साहिल पुत्र अमरनाथ निवासी शोभापुर थाना कंकरखेड़ा के रूप में हुई है।

प्रमोद पाठक वायुसेना से हुआ था बर्खास्त, प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कराता था

पूर्व वायुसेना कर्मचारी प्रमोद पाठक दिल्ली के मुखर्जीनगर से गिरफ्तार आरोपी और कई अन्य के साथ मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने का काम करता था। इसके कुछ साथी पहले भी गिरफ्तार हो चुके हैं। जिनसे पूछताछ के बाद इसका नाम सामने आया था। प्रमोद पाठक (40) जामिया मिल्लिया इस्लामिया से ग्रेजुएट है। 2009 में वह एयरमैन के पद पर भर्ती हुआ था और 2022 तक खड़गपुर पश्चिम बंगाल, श्रीनगर व भारतीय वायु सेना के दिल्ली मुख्यालय पर तैनात रहा। नौकरी के दौरान ही उसने 2017 में अलीगढ़ में सेना में भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर खोला था। 2018 में मित्र मोनू के साथ मिलकर वायुसेना, नेवी, कोस्ट गार्ड, दिल्ली पुलिस, एसएससी जीडी व उप्र की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने का गैंग चलाने लगे। सूचना पर वायुसेना के अधिकारियों जांच कराई। जिसके बाद 18 अगस्त, 2022 में प्रमोद को वायुसेना से बर्खास्त कर दिया गया।

एक नजर

सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ नए शिखर पर

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में रहे और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंक और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 408.86 अंक यानी 0.55 प्रतिशत उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर 74,085.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 474.14 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 117.75 अंक यानी 0.53 प्रतिशत मजबूत होकर नए शिखर 22,474.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 140.9 अंक तक चढ़ गया था।

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज

नई दिल्ली। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की गुरुवार को बैठक होगी जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगेगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर विचार-विमर्श करने और निर्णय लेने को सीईसी की पहली बैठक 7 मार्च को शाम 6 बजे होगी। बैठक में राज्य कमेटी द्वारा भेजे नामों पर मुहर लगाई जाती है।

प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त महिला पायलट घायल

गुना। मध्यप्रदेश की गुना हवाईपट्टी पर आज एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार महिला पायलट नैनसी मिश्रा (22) घायल हो गई। पुलिस ने कहा कि प्रशिक्षु विमान राज्य के नीमच से सागर जिले के ढाना तक की उड़ान पर था। उड़ान के दौरान महिला पायलट को कुछ तकनीकी परेशानी प्रतीत हुई।

प्रधानमंत्री ने कहा-गुनहगारों को बचाने में लगी पश्चिम बंगाल की ममता सरकार

संदेशखाली का ज्वार बंगाल में फूटेगा

महिलाओं पर अत्याचार ने किया शर्मसार, टीएमसी का होगा सफाया : मोदी

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संदेशखालि में नारी शक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है और इससे हर किसी का सिर शर्म से झुक गया है। आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेतृत्व वाली सरकार राज्य की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है जबकि उसे हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में झटका लगा है। राज्य सरकार के इस व्यवहार से बंगाल की महिलाएं... देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारी शक्ति के आक्रोश का यह ज्वार संदेशखालि तक ही सीमित नहीं रहने वाला है, बल्कि यह पूरे बंगाल तक जाएगा और पूरे राज्य में टीएमसी को खत्म कर देगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख और उनके साथियों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप हैं।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले के मुख्यालय बारासात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आयोजित 'नारी शक्ति वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा, कहा कि 'संदेशखालि का ज्वार' पूरे पश्चिम बंगाल में फूटेगा, जहां 'नारी शक्ति' लोकसभा चुनावों में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मोदी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तुष्टीकरण और तोलाबाजों के दबाव में काम करने वाली टीएमसी सरकार कभी भी बहन-बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकती है। वहीं दूसरी तरफ केंद्र की सरकार है जिसने बलात्कार जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की सजा तक की व्यवस्था की है। लेकिन यहां नारी पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है।

पानी के भीतर देश की पहली मेट्रो का किया लोकार्पण

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता मेट्रो के एस्प्लेनेड-हावड़ा मैदान खंड का लोकार्पण किया। यह खंड देश में पहली बार पानी के अंदर बने परिवहन सुरंग के माध्यम से हुगली नदी के नीचे से होकर गुजरता है। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की। यह सुरंग देश की उन्नत अभियांत्रिकी क्षमताओं का साक्ष्य है। प्रधानमंत्री के साथ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि 4.8 किलोमीटर लंबा हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर का हिस्सा है और इसका निर्माण 4,960 करोड़ रुपये की लागत से 14 अप्रैल 2009 को शुरू हुआ था।

ईडी को अवमानना याचिका की अनुमति

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को नहीं सौंपे जाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की बुधवार को अनुमति दी। ईडी की ओर से पेश डिप्टी सॉलीसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने अवमानना याचिका दाखिल करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

सीबीआई को सीआईडी ने शाहजहां शेख की हिरासत सौंपी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सीआईडी ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की हिरासत अंततः बुधवार शाम को सीबीआई को सौंप दी। सीआईडी ने यह कदम कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा उसे केंद्रीय एजेंसी को सौंपने के लिए लगातार दो दिन दिए निर्देश के बाद उठाया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में ईडी टीम पर हमले की जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को सौंपने के उसके मंगलवार के आदेश को तुरंत लागू करे। सीबीआई टीम अपराह्न चार बजे से पहले ही भवानी भवन पहुंच गई। लेकिन सीआईडी ने शाहजहां को शाम 6:48 बजे केंद्रीय एजेंसी को सौंपा।

मंत्रिमंडल में कई मंत्रियों के काम का बोझ होगा कम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुराने मंत्रियों के विभागों में फेरबदल संभव, नए मंत्रियों को जल्द आवंटित होंगे विभाग

अमृत विचार : प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल पुराने मंत्रियों का बोझ कम करते हुए चार नए मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने की तैयारी है। नए बने मंत्रियों को जहां जल्द ही विभाग आवंटित किए जाएंगे वहीं, कई मंत्रियों के विभाग में भी फेरबदल हो सकता है। दरअसल कुछ मंत्रियों के पास दो से पांच विभागों तक की जिम्मेदारी है। ऐसे में मंत्रियों का बोझ हल्का किया जा सकता है।

जिन चार नेताओं को मंगलवार को मंत्रीपद सौंपा गया है उनमें ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, अनिल कुमार और सुनील कुमार शर्मा शामिल हैं। इनमें से राजभर और दारा पिछली योगी सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली भाजपा सरकार में ओम प्रकाश राजभर 9 मार्च 2017 को कैबिनेट मंत्री बने जिन्हें पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सौंपा गया था।

हालांकि, 20 मई 2019 को राजभर को गठबंधन विरोधी गतिविधियों के कारण मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया था। फिलहाल ये विभाग नरेंद्र कश्यप के पास हैं जो कि इस मौजूदा कैबिनेट में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। वहीं, दारा सिंह चौहान के पास वन विभाग था। वर्तमान में इस विभाग का जिम्मा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. अरुण कुमार सक्सेना के पास है। डॉ. सक्सेना के प्रोफाइल में पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन शामिल है।

बहरहाल, वर्तमान में चार से पांच विभाग रखने वाले कुछ मंत्रियों की बात की जाए तो इनमें धर्मपाल सिंह के पास पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज और नागरिक सुरक्षा विभाग हैं। वहीं, योगेन्द्र उपाध्याय के पास उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग हैं। जबकि, राकेश सचान के पास सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग हैं।

निर्वाचन आयोग की सलाह सतर्कता बरतें राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री के लिए पनौती और जेबकतरा जैसी टिप्पणी के प्रति किया आगाह

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' संबंधी बयानों के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने को कहा है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले साल दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने गांधी से कहा कि वह स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करें। एक मार्च को जारी परामर्श में आयोग ने चेतावनी दी थी कि दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए सिर्फ 'नैतिक निंदा' के बजाय कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पूर्व में नोटिस मिल चुके हैं, उन्हें बार-बार आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

क्वांटम ग्रुप के चेयरमैन के ठिकानों पर आयकर छापा

लखनऊ। आयकर विभाग के अधिकारियों ने बस्ती के क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के ठिकानों छापेमारी की है। लखनऊ और गोरखपुर की टीम ने मंगलवार की सुबह बैरीहवा मोहल्ले में उनके आवास पर छापा मारा। यह कार्रवाई बुधवार तक चलती रही। राकेश पर आरोप है कि, कंपनी के लेनदेन में टैक्स की चोरी की है। अधिकारियों ने राकेश से पूछताछ भी की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के संबध को कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा के आवास पर आयकर की रेड पड़ी थी। बस्ती के रहने वाले राकेश श्रीवास्तव ना सिर्फ व्यवसाई हैं, बल्कि राजनीतिक रसूख के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने बस्ती नगर पालिका का चुनाव भी लड़ा है। इन दिनों चर्चा रही कि वह बसपा से लोकसभा चुनाव भी लड़ सकते हैं। राकेश क्वांटम ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष हैं, जिसका दफ्तर लखनऊ, नोएडा सहित कई जिलों में है।

महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ खाया जहर, चारों की मौत

कार्यालय संवाददाता सीतापुर

- मानपुर थाना इलाके का मामला, गांव में पसरा सन्नाटा

अमृत विचार: मानपुर थाना क्षेत्र में एक मां ने अपने तीन बच्चों के साथ जहर खा लिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान चारों की मौत हो गई। बताया गया कि महिला ने यह कदम पति से झगड़े के बाद उठाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में ले लिया है।

क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर निवासी राजकुमारी (35) पत्नी सजीवन ने आज सुबह खेतों में जाकर अपने तीन बच्चों संध्या (8), नेहा (5) व सुमित (3) के साथ जहर खा लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने चारों को बेहोश देखकर सूचना पुलिस व सजीवन को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान चारों को मृत घोषित कर दिया। सजीवन का कहना है कि कल रात शादी से आने के बाद हमारे बीच कहासुनी हुई थी। लेकिन बाद में सब कुछ शांत हो गया था। तीनों बच्चों के साथ राजकुमारी का जहर खा लेना हमारी समझ से बाहर है। मेरा तो सबकुछ बर्बाद हो गया। उधर, आरोपी पति रामसजीवन को हिरासत में ले लिया हैं।

पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा, जुर्माना

- अपहरण, रंगदारी मांगने के मामले में पाए गए थे दोषी

जौनपुर। जौनपुर की एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट ने अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में बुधवार को बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को सात-सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि 10 मई 2020 को नमामि गंगे के परियोजना प्रबंधक के अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र रचने तथा अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले में विशेष एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को मंगलवार को दोषी ठहराया था। बुधवार को उन्हें सात-सात साल की कैद और 75-75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह सजा के बाद धनंजय अब चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो गए हैं। सजा का ऐलान होते ही न्यायालय परिसर में जमा धनंजय सिंह के तमाम समर्थक मायूस हो गए।

किशोरियों की आत्महत्या के बाद पिता ने भी जान दी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- भाई ने कहा- समझौते के लिए धमका रहे थे गैंगरेप के आरोपी

अमृत विचार : घाटमपुर के एक ईंट भट्ठे में पिछले हफ्ते गैंगरेप के बाद दुष्कर्म का वीडियो बनाने के मामले में आत्महत्या करने वाली दो किशोरियों में से एक के पिता ने आरोपी पक्ष से मिल रही धमकियों के बाद बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके बेटे ने आरोप लगाया कि गैंगरेप के आरोपी समझौते के लिए धमकी दे रहे थे।

थाना घाटमपुर के बरौली गांव के ईंट भट्ठे में परिवार के साथ मजदूरी करने वाली दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ भट्ठे के ठेकेदार रामस्वरूप, उसके पुत्र रज्जू और भांजे संजू ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म की वीडियो और फोटो खींच कर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे। जिससे आहत दोनों किशोरियों ने 29 फरवरी को ईंट भट्ठे के निकट पेड़ पर एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। किशोरी के भाई का आरोप है कि आरोपी और ईंट भट्ठा संचालक मामला रफा-दफा करने को लेकर दबाव डाल रहे थे, लेकिन कांग्रेस महिला विंग ने मामले को ट्वीट कर दिया। जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों रामस्वरूप, रज्जू और संजू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

अयोध्या-देहरादून विमान सेवा शुरू

अयोध्या। अयोध्या से उत्तराखंड के देहरादून के लिए फ्लाइट का संचालन बुधवार से शुरू हो गया। देहरादून एयरपोर्ट से सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विमान सुबह साढ़े नौ बजे टेकऑफ हुआ और दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचा। अयोध्या एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार के मुताबिक देहरादून से 71 यात्री अयोध्या पहुंचे। यह सेवा सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होगी। उड़ान देहरादून से सुबह 9.40 बजे चलकर 11.30 बजे अयोध्या पहुंचेगी, यहां से 12.15 बजे चलकर 1.55 बजे देहरादून पहुंचेगी।

कारगर व्यवस्था | ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय के छात्रों ने फसलों की निगरानी के लिए बनाई डिवाइस

अल्ट्रासोनिक-इंफ्रारेड तरंगों से होगी फसलों की सुरक्षा

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : अब जानवरों से घबराने की जरूरत नहीं, भाषा विश्वविद्यालय का तैयार पेटेंट फसलों की न सिर्फ निगरानी करेगा, बल्कि उसको नुकसान से भी बचाएगा। विवि प्रशासन का दावा है कि देश में तैयार पहला पेटेंट जानवरों को नुकसान पहुंचाए बिना खदेड़ने की क्षमता रखता है।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय (भाषा) के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र बहादुर सिंह बताते हैं कि उप्र में किसानों की जितनी समस्या उपज को लेकर है, उससे कहीं अधिक उसे बचाने की। इसके लिए विवि की इंजीनियरिंग संकाय की डॉ. ममता शुक्ला द्वारा पेटेंट तैयार किया गया है। इसमें बॉयोटेक्नॉलाजी कंप्यूटर साइंस ग्रुप के छात्रों की टीम भी शामिल है। डॉ. ममता बताती हैं कि सोलर और बैट्री पर आधारित डिवाइस खेतों में लगते ही फसलों की निगरानी करेगी। इसका संपर्क किसान के मोबाइल से होगा। जैसे ही कोई जानवर अथवा कीट (नीलगाय, खरगोश, चूहा, पतिंगा) खेतों में घुसेगा, डिवाइस का सेंसर ऑन हो जाएगा। ऐसे में मोबाइल भी अलर्ट करने लगेगा। किसान द्वारा मोबाइल से एक क्लिक करते ही डिवाइस के सहारे अल्ट्रासोनिक वेव्स और इंफ्रा रेड किरणें निकलने लगेंगी। चंद लम्हों में जानवर अथवा कीट इतना परेशान हो जाएगा कि उसे खेत छोड़ना ही पड़ेगा। डॉ. ममता बताती हैं कि केन्द्र सरकार की अनुमति से डिजाइन पेटेंट तैयार हो गया है, जल्द ही ये बाजार में आकर किसानों को लाभ देगा।

डिवाइस को दिया गया ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप

भाषा विवि की टीम द्वारा तैयार डिवाइस को ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप दिया गया है। डॉ. ममता बताती हैं कि अभी इसका स्वरूप प्रोटो टाइप (छोटा) है, लेकिन खपत के हिसाब से इसे विस्तार देने की भी तैयारी है।

फसलों को नुकसान से बचाने को इनोवेशन का कराया पेटेंट

नुकसान पहुंचाने वाले दो मिनट में होंगे खेत से बाहर

तैयार डिवाइस से निकलने वाली अल्ट्रासोनिक और इंफ्रा रेड तरंगों से किसी भी जानवर अथवा कीट- पतंगे को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचेगा। ये तरंगे मानसिक तौर पर बेचैन करेंगी। जिससे फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले पशु, कीट दो मिनट के भीतर ही खेत से बाहर होंगे।

70 से 80 फीसद तक क्षति पहुंचाते हैं कीट और जंतु

धान की फसल में 40 से 50 फीसद तक नुकसान कीटों द्वारा किया जाता है। गोदाम में 17 से 20 फीसद तक अनाज चूहों द्वारा नष्ट किये जाते रहे हैं। फल चूषक कीट एवं फल मक्खी द्वारा 70 से 80 फसल तक फसलों का नुकसान होता है। पक्षियों द्वारा ज्वार, बाजरा, रागी करीब 70 फीसद तक नष्ट्र की जाती है।

एक नजर

आज औद्योगिक आपदा से बचाव पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन

अमृत विचार, लखनऊ : राहत विभाग की ओर से गुरुवार को मॉल एवेन्यू स्थित एक होटल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। इसमें विषय विशेषज्ञ बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण प्रदेश में केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल, न्यूक्लियर (सीबीआरएनआई) तथा औद्योगिक आपदाओं से निपटने के लिए मंथन करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एक दिवसीय औद्योगिक आपदाओं के न्यूनीकरण एवं प्रबंधन पर कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में इण्डस्ट्रियल, केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल तथा न्यूक्लियर आपदाएं घटित होने की संभावनाओं को कम करने एवं आकस्मिक स्थिति में बचाव कार्य पर मंथन किया जाएगा।

किसानों के लिए कृषि मंत्री ने की नई व्यवस्था की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : किसानों को कृषि निवेशों (बीज एवं जिप्सम) की खरीदारी के वक्त तत्काल सब्सिडी प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने एक और नई पहल की है। इसके तहत कृषि विभाग ने बुधवार को कृषि निवेशों को पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन के माध्यम से वितरित कराकर सब्सिडी एट सोर्स की व्यवस्था को लागू कर दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बटन दबाकर इस नई व्यवस्था की शुरुआत की। इस अवसर पर लाभार्थी किसानों को कृषि मंत्री ने पीओएस मशीन के द्वारा सब्सिडी एट सोर्स भी प्रदान की।

आगरा मेट्रो की शुरुआत से बना अनोखा रिकार्ड

तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी मेट्रो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को कोलकाता से आगरा मेट्रो ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाते ही एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। मेट्रो ट्रेन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एक के चुने गए 32 बच्चों संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सफर किया। गुरुवार से पहले चरण के छह स्टेशनों के बीच आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिवाजी महाराज के गौरव से जुड़े आगरा शहर को होली से पहले मेट्रो ट्रेन की सौगात मिली है। आधुनिक सुविधाओं का केंद्र यह शहर बने इसके लिए मेट्रो आवश्यक थी। पीएम का आभार जताते हुए कहा कि मेट्रो के साथ आगरा में अन्य सुविधाएं जैसे आगरा के पास अपना एयरपोर्ट हो, उसके सिविल टर्मिनल का कार्य भी तेजी के साथ आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यहां पर जायका प्रोजेक्ट के अंतर्गत गंगाजल की उपलब्धता पेयजल के लिए उपलब्ध हो। आईटी सेक्टर के रूप में भी इस सिटी को डेवलप करने के लिए तेजी के साथ उन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य भी सरकार प्राथमिकता के आधार पर कर रही है।

मेट्रो में यात्रा करते मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर व अन्य। अमृत विचार

- प्रधानमंत्री ने कोलकाता से वर्चुअली दिखाई हरी झंडी
- मुख्यमंत्री योगी ने बच्चों के साथ किया सफर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाने के बाद ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का प्रधानमंत्री ने वर्चुअली शुभांरभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, स्थानीय सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विकास को गति देने के लिए एमओयू

अमृत विचार, लखनऊ : शहरों में विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार ने विश्व संसाधन संस्थान, भारत (डब्ल्यूआरआई इंडिया) के साथ बुधवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। नगर विकास विभाग और डब्ल्यूआरआई इंडिया के बीच इको सिटी-रीजन पहल के तहत सहयोग करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गये हैं। इस पहल का लक्ष्य राज्य भर के शहरी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना और जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस साझेदारी के तहत डब्ल्यूआरआई इंडिया नगरीय विकास विभाग को शहरी विकास से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञता और सहायता प्रदान करेगा। इसमें डेटा प्रबंधन प्रणाली, नगरीय बाढ़ स्टॉर्मवाटर प्रबंधन, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम, शहरी नियोजन और इलेक्ट्रिक वाहन नीति के कार्यान्वयन जैसे कार्य शामिल हैं।

प्रियंका रायबरेली और राहुल अमेठी से लड़ सकते हैं चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस की उत्तर प्रदेश में दो महत्वपूर्ण सीटों अमेठी और रायबरेली पर गांधी परिवार के ही चुनावी मैदान में उतरने का फैसला संभव है। सूत्रों के मुताबिक, प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी जबकि राहुल गांधी अपनी पुरानी सीट अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि इसका आधिकारिक फैसला गुरुवार को होने वाली कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में होगा।

दरअसल, दोनों महत्वपूर्ण सीटों पर गांधी परिवार से चुनाव लड़ने को लेकर उप्र. में कांग्रेस के कार्यकर्ता निरंतर मांग कर रहे हैं। पार्टी से जुड़े नेता मानते हैं कि अगर राहुल और प्रियंका अमेठी और रायबरेली से लड़ते हैं, तो इसका राजनीतिक फायदा पार्टी को अन्य सीटों पर भी होगा।माना जा रहा है कि, सोनिया गांधी के चुनाव न लड़ने से खाली हुई रायबरेली की सीट पर प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की बात तय हुई है। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों को जो चिट्ठी लिखी थी, उसमें इशारों में जिसका जिक्र किया था, वो प्रियंका गांधी ही थीं।

- आधिकारिक फैसला आज होने वाली कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में होगा

कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के साथ प्रियंका गांधी की हुई व्यक्तिगत बैठकों में उनको रायबरेली से प्रत्याशी बनाने की बात कही जा चुकी है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी इसका कोई एलान नहीं किया गया है।

चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता सक्रिय

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ ने बुधवार को बैठक की। बैठक में श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुट गए है। कार्यकर्ताओं को हर वार्ड में जाकर लोगों की जानकारी एकजुट करने को कहा गया है।

सीएए लागू होने पर नहीं बिगड़ेगी कानून व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि उप्र. पुलिस जहां लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटी हुई है वहीं, सीएए लागू होने पर इसके लिए भी हम युद्धस्तर पर तैयारी कर रहे हैं। अगर किसी तरह के विवाद की कोई सूचना मिलती है तो उससे निपटने के लिए हम तैयार हैं।

- डीजीपी बोले, कानून व्यवस्था के लिए हमारे पास डंडा भी है और डाटाबेस भी

प्रशांत कुमार ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी। कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए हमारे पास डंडा भी है और डेटाबेस भी। वहीं धर्मगुरुओं, समाज के सम्मानित लोगों से भी पुलिस की वार्ता जारी है। हमारा मानना है कि वार्ता से हर समस्या का समाधान संभव है।

प्रशांत कुमार ने कहा कि हम चुनाव के मद्देनजर अपने संसाधनों जैसे जनशक्ति और उपकरणों को भी अपडेट कर रहे हैं। अभी राज्य में निवेश का माहौल है, हमारी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार हो रहा है, इसलिए ऐसा कुछ भी नहीं करने दिया जाएगा, जिससे राज्य की छवि पर असर पड़े।

चुनाव से पहले 101.25 करोड़ का अस्त्र-शस्त्र खरीदेगी पुलिस

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस विभाग ने भी अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्र के जखीरे से लैस होने की तैयारी शुरू कर दी है। शासन ने पिस्टल, रायफल, मशीनगन समेत गोला-बारुद और आंसू धुआं हथियार खरीदने के लिए 101.25 करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृति की है। चुनाव की तैयारी में जुटे पुलिस अफसरों और जवानों को हथियारों की खासी जरूरत थी। गृह विभाग की स्वीकृति के बाद अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की ओर से हथियार, गोला-बारूद और और आंसू धुआं हथियार खरीद का रास्ता साफ हो गया है। 9एमएम की 5600 पिस्टल 83 हजार 700 की दर से 46 करोड़ 87 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान स्वीकृत हुआ है, 24 करोड़ 20 लाख 4 हजार रुपये से दो हजार 5.56 एमएम राइफल और 3 करोड़ 96 लाख 27 हजार रुपये से तीन सौ 9एमएम सब मशीनगन खरीदी जाएगी। गोला बारूद के लिए 22 करोड़ 52 लाख 35 हजार की धनराशि स्वीकृति हुई है। आंसू धुआं हथियार के लिए 3 करोड़ 69 लाख 83 हजार 300 रुपये पुलिस विभाग को शासन ने भेजा है। शासन ने कहा है कि खरीद में किसी तरह की अनियमितता या आडिट आपत्ति के लिए उप्र पुलिस मुख्यालय जिम्मेदार होगा।

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में सीतापुर पीछे

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री (ग्रामीण) आवास योजना में सीतापुर पीछे है। मंडलीय समीक्षा में अन्य जिलों की अपेक्षा कम प्रगति पर डी ग्रेड मिला है। जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में बी ग्रेड मिला है। मंडलायुक्त ने सभी जिलों में 15 मार्च तक आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने 23 फरवरी को लखनऊ, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, उन्नाव व हरदोई के विकास कार्यों की समीक्षा की थी। हरदोई में स्वीकृत आवास 2262 के सापेक्ष 2160 पूर्ण (95.49 प्रतिशत), लखीमपुर खीरी में 7862 आवास में 7091 पूर्ण (90.19 प्रतिशत), लखनऊ में 884 में 824 आवास पूर्ण (93.21 प्रतिशत), रायबरेली में 3046 आवास के सापेक्ष 2931 पूर्ण (96.23 प्रतिशत), सीतापुर में 2812 में 1743 आवास पूर्ण (61.98 प्रतिशत) व उन्नाव में 3046 आवास में 2819 (92.55 प्रतिशत) पूर्ण मिले। इस प्रगति पर हरदोई, लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव को ए ग्रेड, जबकि लखीमपुर खीरी को बी व सीतापुर को डी ग्रेड मिला। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना में हरदोई में 93,648 के सापेक्ष 90,106 पूर्ण (96.22 प्रतिशत), लखीमपुर खीरी में 1,60,283 के सापेक्ष 1,55,684 (97.13 प्रतिशत), सीतापुर में 2,40,886 में 2,30,691 आवास (95.77 प्रतिशत) पूर्ण पाए।

61 हजार से अधिक विद्यार्थी बने प्रवीण

अमृत विचार, लखनऊ : छात्र- छात्राओं को पढ़ाई के दौरान ही कौशल विकास से जोड़ने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट प्रवीण का असर दिखने लगा है। कक्षी 9वीं से 12वीं तक के 61 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों नि:शुल्क स्किल ट्रेनिंग और नए जमाने के कोर्स के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण'' माध्यमिक शिक्षा और उप्र कौशल विकास मिशन के बीच हुए एक एमओयू के तहत संचालित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य राज्य के एजुकेशन सिस्टम और करिकुलम को नया रूप देना है। प्रोजेक्ट प्रवीण की शुरुआत वर्ष 2022-23 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। इस दौरान प्रदेश के 150 राजकीय माध्यमिक बालक एवं बालिका विद्यालयों में 20,582 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भी इस योजना से जोड़े गए हैं, जिनमें 3,450 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी तरह, वर्ष 2023-24 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत कुल 315 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को शामिल किया गया है। इन संस्थानों के जरिए अब तक 61,400 विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार चुने हुए ट्रेड्स में जैसे आईटी सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटीशियन, हेल्थकेयर, अपैरल, अकाउंटिंग आदि में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

दोबारा सर्वे के आदेश से विस्थापितों में जगी आस

अमृत विचार, लखनऊ : कश्मीर के विस्थापित परिवारों में एक बार फिर दिन बहुरने की आस जगी है। अयोध्या और गाजियाबाद में बदहाली झेल रहे परिवारों की वास्तविक स्थिति का सर्वे दोबारा कराया जाएगा। बता दें कि वर्ष 1990 में कश्मीर से 99 परिवार विस्थापित किए गए थे। इनमें से एक परिवार अयोध्या में बस गया और शेष परिवार नोएडा में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। सभी को वर्ष 1992 से 750 रुपये प्रतिमाह की दर से पेंशन दी जा रही है। इनको रहने के लिए जनता फ्लैट दिए गए हैं। नोएडा के आठ और अयोध्या के एक परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं है। यह नौ परिवार आर्थिक बदहाली का दंश झेल रहे हैं और एक ही कमरे के फ्लैट में गुजर बसर कर रहे हैं। वर्ष 1992 से इनकी पेंशन की धनराशि में आज तक बढ़ोतरी नहीं हुई है। इनकी पेंशन बढ़ाने और अन्य सुविधाएं देने के लिए एक प्रस्ताव समाज कल्याण निदेशालय ने तैयार किया था और शासन को भेजा था, मगर कोई निर्णय नहीं हो सका। विभागीय अधिकारियों की मानें तो अब दोबारा से सर्वे करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी अयोध्या और गाजियाबाद को दिए गए हैं। समाज कल्याण दोबारा सर्वे रिपोर्ट आने के बाद प्रस्ताव बनाकर नए वित्तीय वर्ष में शासन को भेजा जाएगा।

शहर में आज

- उर्दू अकादमी, गोमतीनगर में विश्वविद्यालयों के उर्दू शोध छात्रों का सेमिनार - 11.00 बजे।
- रवीन्द्रालय लॉन में लगे लखनऊ पुस्तक मेला में श्रीनिवास त्रिपाठी की पुस्तक कोरोना विषाणु और पीएस वर्मा की पुस्तक कुछ टूटने की आवाज पर परिचर्चा - 12:00 बजे।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी, नलकूप व आरईडी के बजट संबंधित बैठक - 3:00 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर इग्नू परिसर तेलीबाग में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं का सम्मान समारोह - 3.00 बजे।
- होटल ओरनेट, वृंदावन कालोनी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान समारोह - 7.00 बजे।

एक नजर

नगर आयुक्त ने किया कॉलोनी का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : डायमंडडेरी कॉलोनी कल्याण समिति की शिकायत पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष श्याम कुमार ने कॉलोनी में जारी जल संकट के साथ सफाई की समस्या से भी उन्हें अवगत कराया। जिसके बाद नगर आयुक्त ने नगर निगम के स्वास्थ्य, जलकल विभाग, उद्यान, मार्ग प्रकाश और सिविल कार्य करने वाले विभागों को डायमंडडेरी कॉलोनी की सभी समस्याओं के जल्द समाधान के लिए निर्देशित किया।

हाजिरी गड़बड़, कैमरों का नहीं मिला बैकअप

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में उप्र कौशल विकास मिशन के तहत संचालित प्रशिक्षण केंद्र के निरीक्षण में हाजिरी गड़बड़ मिली। कक्ष में लगे सीसीटीवी का बैकअप भी नहीं मिला। केंद्र में तमाम खामियां मिलने पर मिशन निदेशक को रिपोर्ट भेजी गई है। जिले में कौशल विकास मिशन से सूचीबद्ध केंद्र का जिला समन्वयक ने निरीक्षण किया। केंद्र पर प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को ड्रेस और पाठ्य सामग्री नहीं बांटी गई। हाजिरी बायोमैट्रिक की जगह मैनुअली रजिस्टर में मिली। जो गुणवत्तापरक नहीं थी। प्रशिक्षणार्थियों को पढ़ाने के लिए ट्रेनर नहीं मिले। सीसीटीवी चेक किए तो बैकअप नहीं मिला। तमाम खामियों को देख नाराजगी जताई और प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रगति खराब होने पर मिशन निदेशक को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी गई है।

कुकरैल नदी व बंधे पर बने मकान होंगे ध्वस्त

अकबर नगर : उच्च न्यायालय ने 31 मार्च की रात 12 बजे तक मकान खाली करने का दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अकबर नगर में कुकरैल बंधे और नदी की जमीन पर अवैध रूप से बने मकानों के ध्वस्तीकरण मामले में उच्च न्यायालय ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया। 74 याचिकाकर्ताओं की अपील को खारिज करते हुए 31 मार्च तक मकान खाली करने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय ने सभी विस्थापितों को आवास उपलब्ध कराने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए हैं। अकबर नगर में लगभग 1,200 मकान, शोरूम, दुकानें और कॉम्प्लेक्स ध्वस्त होने का रास्ता साफ हो गया है। 31 मार्च को रात 12 बजे के बाद एलडीए अकबर नगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर देगा। वहीं, एलडीए के अधिकारी उच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए आदेश का परीक्षण करने में लगे रहे। उच्च न्यायालय के आदेश से अनजान अकबर नगर के लोग सामान्य दिनों की तरह कामकाज में लगे रहे।

आज से पंजीकरण शिविर लगाएगा प्राधिकरण : उच्च न्यायालय के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण अकबर नगर के विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास देने के लिए तीन जगहों पर गुरुवार से पंजीकरण शिविर लगाएगा। सभी को 1,000 रुपये पंजीकरण शुल्क देना होगा। बाकी धनराशि आसान किश्तों में जमा करनी होगी। अकबर नगर के विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास देने के लिए एलडीए लगातार शिविर लगा रहा था। जिसमें कुल 65 लोगों ने ही पंजीकरण कराया था। उच्च न्यायालय का मकान खाली करने का आदेश आने के बाद अब मकान लेने के लिए विस्थापितों की भीड़ लगेगी।

विष्णु स्वरूप के ध्वस्त किए गए शोरूम के मलबे से सरिया निकालते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

विष्णु स्वरूप का शोरूम मलबे में तब्दील

सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने वाले विष्णु स्वरूप चौरसिया का शोरूम मलबे में तब्दील हो चुका है। बुधवार को क्षेत्रीय लोग मलबे से सरिया और अन्य काम की चीजें निकालते रहे। अकबर नगर के 25 दुकानदार व शोरूम मालिकों की उच्च न्यायालय से 27 फरवरी को अपील खारिज होने के बाद एलडीए ने 24 दुकानें व शोरूम उसी दिन ध्वस्त कर दिए थे। एक अपीलकर्ता विष्णु स्वरूप चौरसिया ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील की थी। जिस पर 4 मार्च तक उन्हें दुकान खाली करने का समय दिया था। मियाद खत्म होते ही मंगलवार को एलडीए ने जेसीबी की मदद से दुकान ध्वस्त कर दी।

सम्राट व ताजमहल फर्नीचर के मलबे को बनाया ठिकाना

अकबर नगर में मुख्य मार्ग पर अभी भी भारी पुलिस बल तैनात है। उनके बैठने का तक इंतजाम नहीं है। 27 फरवरी को एलडीए ने ताजमहल फर्नीचर और सम्राट फर्नीचर समेत 24 शोरूम ध्वस्त कर दिये थे। अभी इनका मलबा हटाया जाना बाकी है। पुलिसकर्मियों ने इसे ही बैठने का ठिकाना बना लिया है।

74 याचिकाकर्ताओं की अपील को हाईकोर्ट ने किया खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट का आदेश, ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स के लिए आवेदन करने वाले सभी विस्थापितों को मिलेगा बीपीएल श्रेणी के पुनर्वास का लाभ
- विस्थापितों द्वारा किस्तें न जमा कर पाने पर मुख्यमंत्री देंगे राहत

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अकबर नगर एक व दो के झुग्गीवासियों व कब्जेदारों की याचिकाओं को अंतिम रूप से निस्तारित करते हुए आदेश दिया है कि वे 31 मार्च की मध्य रात्रि तक विवादित परिसरों को खाली कर दें। न्यायालय ने उक्त निवासियों को बड़ी राहत देते हुए यह भी आदेशित किया है कि एलडीए द्वारा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले (बीपीएल) कब्जेदारों के लिए लाई गई पुनर्वास योजना का लाभ सभी झुग्गीवासियों को दिया जाए।

न्यायालय ने स्पष्ट करते हुए कहा है कि गरीबी रेखा के नीचे आने वाले निवासियों के साथ-साथ अकबर नगर का कोई भी विस्थापित ईडब्ल्यूएस के फ्लैट्स के लिए आवेदन कर सकता है। न्यायालय के इस आदेश का लाभ उन विस्थापितों को भी मिलेगा, जिन्होंने हाईकोर्ट में याचिका अथवा हस्तक्षेप प्रार्थना पत्र नहीं दाखिल किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अकबर नगर के निवासियों की ओर से दाखिल कुल 74 याचिकाओं पर पारित किया है। उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी को आयकर और जीएसटी भरने वाले अकबर नगर के कई कब्जेदारों को झुग्गीवासी न मानते हुए न्यायालय ने उनकी याचिकाएं खारिज कर दी थीं। वर्तमान याचियों को झुग्गीवासी मानते हुए न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि एलडीए पहले से ही बीपीएल श्रेणी के कब्जेदारों के पुनर्वास के लिए ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स दे रही है जिनका बाजार मूल्य प्रति फ्लैट 15 लाख रुपये है, हालांकि इसे पीएम आवास योजना के तहत महज चार लाख 18 हजार रुपये में दिया जा रहा है और इसके आवेदन के लिए पांच हजार रुपये का पंजीकरण शुल्क लिया जा रहा है। न्यायालय ने पाया कि फ्लैट की कीमत 10 सालों में चार हजार रुपये प्रतिमाह की किस्तें अदा कर चुकानी होंगी। हालांकि कुछ याचियों की ओर से अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि बीपीएल श्रेणी के लोगों के अलावा वहां ऐसे भी लोग हैं, जो भले ही बीपीएल में न आते हों, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति इतनी भी अच्छी नहीं है कि वे ईडब्ल्यूएस से बेहतर फ्लैट खरीद सकें।

न्यायालय ने इस पर सहमति जताते हुए आदेश दिया कि अकबर नगर का कोई भी विस्थापित एलडीए की उक्त पुनर्वास योजना के तहत फ्लैट के लिए आवेदन दे सकता है और पंजीकरण शुल्क के तौर पर पांच हजार रुपये के बजाय एक हजार रुपये ही देने होंगे। वहीं, न्यायालय ने यह भी राहत दी कि 10 साल में किस्तें न चुका पाने पर अगले पांच साल का और समय दिया जाएगा, इसके बावजूद किस्तें न चुका पाने पर मुख्यमंत्री को संबंधित व्यक्ति आवेदन दे सकेंगे। न्यायालय ने मुख्यमंत्री को भी आदेश दिया है कि ऐसा आवेदन मिलने पर वह मुख्यमंत्री लाभार्थी कोष अथवा ऐसी किसी अन्य योजना के तहत विचार करेंगे व वास्तविक जरूरतमन्द को राहत देंगे।

राजधानी के नागरिकों को है स्वच्छ जल पाने का मौलिक अधिकार

न्यायालय ने अपने विस्तृत आदेश में कहा कि याचियों ने निवास स्थान का विषय उठाते हुए मौलिक अधिकारों के हनन का दावा किया है, लेकिन हमें यह भी देखना है कि शहर के लोगों और आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ जल पाने का भी मौलिक अधिकार है। न्यायालय ने कहा कि यह स्थापित तथ्य है कि कुकरैल वाटर चैनल बख्शी का तालाब के अस्ती गांव से शुरू होता है, शुरुआत में इसमें स्वच्छ जल होता है, लेकिन आगे बढ़ने के साथ अकबर नगर इलाके और दूसरे स्थानों पर इसमें खुले नाले का गंदा पानी मिल जाता है, जिसकी वजह से यह एक ओपन सीवर में तब्दील हो जाता है और अंत में गोमती नदी में मिल जाता है, यह भी एक तथ्य है कि गोमती नदी का यही पानी लगभग पूरे लखनऊ को सप्लाई किया जाता है। न्यायालय ने कहा कि याचियों द्वारा यह स्वीकृत तथ्य है कि उनका विवादित क्षेत्र पर कोई अधिकार नहीं है, वहीं सरकार और एलडीए ने दलील दी है कि शहर वासियों को स्वच्छ पानी का मौलिक अधिकार है और इसके लिए 1158 अवैध निर्माणों को हटाने की जरूरत है। न्यायालय ने आगे कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने भी वर्ष 2020 में ही अकबर नगर के उक्त अवैध निर्माणों को गंभीर पर्यावरणीय खतरा करार देते हुए, इन्हें हटाने का आदेश दिया था। न्यायालय ने कहा, इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए हमें याचियों और करीब 50 लाख की आबादी के मौलिक अधिकारों में संतुलन बनाने की आवश्यकता है।

नगर निगम ने खाली करायी 6 करोड़ की जमीन

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के प्रवर्तन दल ने बुधवार को मोहनलालगंज तहसील के ग्राम हरिकंशगढ़ी में छह करोड़ रुपये की कीमत की लगभग 54,000 वर्गमीटर भूमि खाली करायी। खसरा संख्या 115 क्षेत्रफल 2.142 हेक्टेयर व खसरा संख्या 116 क्षेत्रफल .632 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में पशुचर में दर्ज नगर निगम की भूमि पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था। प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति के आदेश पर तहसीलदार संजय कनौजिया, नायब तहसीलदार नीरज कटिया और लेखपालों की उपस्थिति में पुलिस बल और ईटीएफ दल के सहयोग से अवैध कब्जे हटाये गए।

नहीं मिला भूखंड, आयोग ने एलडीए से मांगे रिकार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विजयंत खंड में आवंटित भूखंड दूसरे को बेचने का मामला
- राज्य उपभोक्ता आयोग ने अभिलेख जब्त करने का दिया आदेश

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की विजयंत खंड योजना में एक व्यक्ति को आवंटित भूखंड नहीं मिला। बल्कि दूसरे को आवंटित कर रजिस्ट्री करा ली गई। इसके बाद भूखंड तीसरे व्यक्ति को बेच दिया गया। मामला राज्य उपभोक्ता आयोग में पहुंचा तो एलडीए सचिव से अभिलेख जब्त कर गुरुवार को कोर्ट में मांगे हैं।

जय राम सिंह के अनुसार, उन्होंने 1984 के आसपास एलडीए की विजयंत खंड योजना में 67,680 रुपये का बी-2/76 भूखंड खरीदा था। जिसे बाद में एलडीए ने देने से मना कर दिया और नीलामी कर दूसरे को आवंटित कर दिया। संबंधित व्यक्ति ने रजिस्ट्री कराने के बाद तीसरे पक्ष को भूखंड बेच दिया। जय राम ने एलडीए से रुपये मांगे तो नहीं मिले, न ही दूसरी योजना में उसी क्षेत्रफल का भूखंड दिया। इसके बाद राज्य उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। न्यायमूर्ति/अध्यक्ष ने एलडीए सचिव/अपर सचिव को संबंधित भूखंड के मूल अभिलेख जब्त कर गुरुवार सुबह 11 बजे तक कोर्ट में प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। परीक्षण करने के बाद 12 मार्च को फैसला सुनाएंगे। साथ ही एलडीए को भूखंड की नीलामी करने पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं।

महाशिवरात्रि : मंदिरों के आसपास रहेगा रूट डायवर्जन

- आज रात 11 बजे से कल तक शिव मंदिरों की ओर जाने से पहले जान लें मार्ग बदलाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों के आसपास डायवर्जन लागू रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया कि 7 मार्च की रात 11 बजे से 8 मार्च को कार्यक्रम समाप्ति तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान ट्रैफिक से संबंधित समस्या होने पर कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

इन मार्गों पर रहेगा बदलाव

- डालीगंज इक्का तांगा स्टैंड चौराहा से मनकामेश्वर मंदिर बंधा रोड होते हुए हनुमान सेतु मंदिर तिराहे की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग आईटी चौराहा या डालीगंज पुल होकर निर्धारित किया गया है।
- मनकामेश्वर मंदिर ढाल तिराहे से वाहन मनकामेश्वर मंदिर की तरफ नहीं जा सकेंगे।
- नदवा बंधा तिराहे से मनकामेश्वर मंदिर की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग आईटी चौराहा या सुभाष चौराहा तय किया गया है।
- बुद्धेश्वर चौराहे से बुद्धेश्वर मंदिर की तरफ आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग बुद्धेश्वर ओवरब्रिज होकर निर्धारित किया गया है।
- पाल तिराहे की तरफ से बुद्धेश्वर चौराहे की तरफ आवाजाही बंद रहेगी।
- आगरा एक्सप्रेस वे से सीतापुर रोड की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग मोहान मोड से तिकोनिया तिराहा होकर बुद्धेश्वर ओवरब्रिज निर्धारित किया गया है।
- दुबग्गा तिराहा से तिकोनिया तिराहा/बाराबिरवा चौराहा जाने वाले वाहन बुद्धेश्वर ओवरब्रिज के ऊपर से आवाजाही कर सकेंगे।
- बाराबिरवा चौराहा, मानकनगर की तरफ से सीतापुर रोड, दुबग्गा की ओर जाने वाले वाहन बुद्धेश्वर ओवरब्रिज के ऊपर से होकर आवाजाही कर सकेंगे।

जोन 4 में घरों से कूड़ा कलेक्शन की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नगर विकास मंत्री ने 150 इलेक्ट्रिक वाहनों को दिखाई हरी झंडी
- कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के साथ टोल फ्री नंबर जारी करने के दिए निर्देश

अमृत विचार : हैदराबाद की कंपनी रामकी ने बुधवार को नगर निगम के जोन 4 में कूड़ा प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल ली। कंपनी ने जोन 4 में घरों से कूड़ा कलेक्शन की शुरुआत की। इस मौके पर नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने घरों से कूड़ा कलेक्शन के लिए हुसड़िया चौराहे से 150 इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर वार्डों में रवाना किया।

मंत्री ने कहा कि जनता से सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता को समस्या का सामना न करना पड़े। कूड़ा उठाने वाले वाहनों की रियल टाइमिंग मॉनीटरिंग के लिए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तत्काल स्थापित करने के साथ टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी, पार्षद आदि उपस्थित रहे।

सदन में हंगामे के बाद केवल कूड़ा कलेक्शन करेगी कंपनी : नगर निगम के आठ में से पांच जोन में रामकी कंपनी को कूड़ा प्रबंधन का काम मिला है। जिसमें घरों से कूड़ा कलेक्शन के साथ डम्पिंग यार्डों से लेकर शिवरी प्लांट तक पहुंचाने और सड़क व नालियों की जिम्मेदारी दी गयी है, लेकिन 28 फरवरी को नगर निगम सदन में सफाई को लेकर हंगामे के चलते अभी कम्पनी केवल घरों से कूड़ा कलेक्शन करेगी। कंपनी की परफारमेंस सही रही तो सड़क और नाली सफाई का भी काम दिया जाएगा।

200 कर्मचारियों ने घर-घर जाकर किया जागरूक

कूड़ा उठाने वाले 150 वाहनों के साथ कंपनी के 200 कर्मचारियों ने वार्डों में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया। लोगों को सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग देने के तरीके बताए। हरे डिब्बे में गीला कूड़ा, नीले में सूखा कूड़ा और काले डिब्बे में बैटरी, कांच, बल्ब, नैपकिन, डाइपर आदि रखा जाएगा।

हर्निया के मरीज को भी सर्जरी के लिए किया जा रहा रेफर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल में हर्निया की सर्जरी के लिए भी मरीजों को लौटाया जा रहा है। यहां तीन महीने पहले तक ट्रेनिंग के दौरान ऐसी सर्जरी दूरबीन विधि (लैप्रोस्कोपिक) से शुरू की गई थी। जिसे अब ठप कर दिया गया है।

दरअसल औरंगाबाद निवासी रिंकी (17) को हर्निया की समस्या होने पर बलरामपुर अस्पताल में परिजन ने दिखाया था। बीते साल नवंबर में इंडोस्कोपी की जांच की रिपोर्ट देखने के बाद डॉक्टर ने सर्जरी की बात कही। जिसके बाद 5 मार्च की सर्जरी की तारीख भी दे दी गई। सर्जरी वाले दिन डॉक्टर ने सर्जरी करने से मना करते हुए केजीएमयू रेफर कर दिया।

आधा दर्जन सर्जन, फिर भी लौटाए जा रहे मरीज: बलरामपुर में करीब 6-7 जरनल सर्जन हैं, हर्निया की सर्जरी नॉर्मल जनरल सर्जन ही करते हैं। बाजवदू इसके कई डॉक्टर मरीजों को साधारण सर्जरी के लिए भी केजीएमयू रेफर कर रहे हैं। वहीं केजीएमयू में पहले से ही अधिक लोड है। ऐसे में मरीज महीनों तक सर्जरी के लिए भटकते रहते हैं, लेकिन उनका इलाज नहीं हो पाता।

400 रुपये हैं सर्जरी की सरकारी फीस : सरकारी अस्पताल में हर्निया के ऑपरेशन की 400 रुपये फीस पड़ती है। यह फीस सरकारी कोष में जमा होती है। यदि मरीज इतनी फीस भी देने की स्थिति में नहीं है तो रोगी निधि के अंतर्गत मरीज की निशुल्क सर्जरी कर दी जाती है, लेकिन बलरामपुर अस्पताल में मरीजों की रुपये देने के बाद भी सर्जरी नहीं की जा रही।

> हर्निया की सर्जरी अस्पताल में की जा रही है। यदि किसी को रेफर किया गया है तो मामला डॉक्टर के समझ से बाहर होगा। ऐसे मामलों की जानकारी ली जाएगी।
>
> -डॉ. हिमांशु चर्तुवेदी, एमएस बलरामपुर अस्पताल

मेडिकल छात्रों की ट्रेनिंग के दौरान हो रही थी दूरबीन विधि से सर्जरी : अस्पताल के सूत्रों का कहना है कि करीब छह महीने पहले मेडिकल छात्रों की ट्रेनिंग के लिए लैप्रोस्कोपिक से सर्जरी की व्यवस्था शुरू हुई थी। उस समय कई मरीजों को इसका लाभ मिला। तीन महीने की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद सुविधा बंद कर दी गई।

रिकॉर्ड बनाने की ओर पीली धातु | 66,800 रुपये में 10 ग्राम सोना तो एक किलो चांदी की कीमत हुई 74,000 रुपये

तीन दिनों में तीन हजार रुपये तोला चढ़ा सोना

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : वैश्विक बाजार में उथल-पुथल ने सोने की चमक बढ़ा दी है। बीते तीन दिनों में 2,500 से 3,000 रुपये प्रति 10 (एक तोला) ग्राम सोने की कीमतों में उछाल आया है। बाजार में बुधवार की शाम सोना 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है।

निवेशकों ने पीली धातु की चमक और बढ़ा दी है। हालांकि चांदी के भाव में ज्यादा तेजी नहीं आई है। दाम तेज होने के बाद भी चांदी की कीमत 74,000 रुपये प्रति किलो दर्ज की गई है। सर्राफा कारोबारी मानते हैं कि सोना नित नए आयाम गढ़ रहा है। हाल यह है कि पीली धातु बाजार में लगातार अपनी चमक बनाए हुए है। व्यापारियों का कहना है कि सहालग भी अंतिम फेज में पहुंच गई है। ऐसे में सोने की कीमतों में तेजी व्यापारियों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच रहा है।

वैश्विक बाजार में उथल-पुथल ने बढ़ाई सोने की चमक

- सहालग अंतिम फेज में, बाजारों से रोजमर्रा के ग्राहक नदारद

तिथि	सोना
24 कैरेट रुपये प्रति 10 ग्राम	
4 मार्च	63,800
6 मार्च	66,800

नोट : यह आंकड़ा इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन इब्जा के नार्थ इंडिया हेड द्वारा दिया गया है।

> सोने की चमक काफी तेज है। रोज ही रेट बदल रहे हैं। बढ़ती कीमतें बाजार में सोने की चमक साफ दर्शा रही हैं, लेकिन यह तेजी कब तक रहेगी, यह कहना मुश्किल है। सहालग का अंतिम फेज होने के कारण अब बाजार में पहले जैसी रौनक नहीं है। ऐसे में चढ़तीं कीमतें सोचने को विवश कर रही हैं।
>
> -आदीश जैन, संयुक्त मंत्री, लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन

> वैश्विक उथल-पुथल से बाजार में अनिश्चितता का माहौल है। तीन-चार दिनों में कीमतों का उछाल बाजार में स्वर्ण धातु के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शा रहा है। निवेशक भी सोने की ओर रुख कर रहे हैं। नतीजा बाजार में तेजी बनी हुई है। अगर कीमतों में ब्रेक नहीं लगा तो सोना बड़ा रिकार्ड बनाएगा।
>
> -अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन

45 दिनों में भुगतान की बाध्यता पर लगे रोक

प्रदेश अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री से मिले व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : माइक्रो, स्माल, मध्यम इंटरप्राइजेज (एमएसएमई) में पंजीकृत व्यापारियों के लिए 43 बी (एच) लागू किए जाने से व्यापारी नाराज हैं। इस कानून की बाध्यता से व्यापारियों को अब 45 दिनों के अंदर भुगतान करना होगा। नहीं तो उसे आय माना जाएगा। इसे लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी भाजपा कार्यालय पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिले और उन्हें इससे होने वाली दिक्कतों से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा।

पदाधिकारियों ने मांग की कि यह कानून अविलंब रोका जाए। प्रदेश अध्यक्ष अशोक मोतियानी, महामंत्री अनिल बजाज, प्रभू जालान, सुरेश चबलानी विष्णु बल्भ रस्तोगी, किशन चंद बंबानी, अशोक मंगलानी, गोपाल, श्याम कृष्नानी, संजय जेसवानी सहित सभी ने नेताद्वय को मांगपत्र दिया और कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण को अवगत कराया जाए। रिटेल सेक्टर को 15 दिन से 45 दिन के अंदर खरीदे हुए माल का पैसा नहीं मिल पाता है। इस बकाया धनराशि को आय में जोड़ा जाना पूरी तरह से गलत है। प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री ने आश्वास्त किया और कहा कि इस मुद्दे को वित्त मंत्री तक पहुंचाया जाएगा।



भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। अमृत विचार

- दिया ज्ञापन, कहा- 43 बी (एच) कानून से पड़ रहा कारोबार पर असर

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

एक नजर

वर्षों बाद एक-दूसरे से मिले छात्र

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि के राजनीति विज्ञान विभाग में वर्ष 1987 से 2020 तक के पूर्व छात्र एक साथ इकट्ठा हुए। इस दौरान इंटरैक्टिव सत्र और पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं, जिसमें वर्तमान राजनीतिक रुझान, नीतिगत निहितार्थ और राजनीति विज्ञान अनुसंधान के उभरते परिदृश्य जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी।

नेप ओरियेन्टेशन में शामिल होंगे शिक्षक

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि में नेप ओरियेन्टेशन को लेकर एक प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इसको लेकर 14 से 20 मार्च और 20 से 30 मार्च तक दो चरणों में विवि और संबद्ध महाविद्यालयों को प्रशिक्षण दिये जाएंगे। शिक्षकों का इस कोर्स में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

मूल्यांकन केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं को भेजने की तैयारी

2822 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा, बुधवार को दोनों पालियों में चार विषयों की परीक्षाएं आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा अगले दो दिन बाद यानी 9 मार्च को समाप्त हो जायेगी। अब संकलन केंद्रों से उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन केन्द्रों पर भेजने की तैयारी की जा रही है।

अधिकारियों के मुताबिक, अभी कॉपियां एक जनपद से दूसरे जनपदों में जानी है इसलिए कड़ी सुरक्षा में कॉपियों को मूल्यांकन केन्द्रों तक पहुंचाया जायेगा। इस कार्य में भी शिक्षकों भी ड्यूटी निर्धारित की गई है। बता दें कि लखनऊ में पांच केन्द्र सहित प्रदेश के अलग-अलग जनपदों को मिलाकर 260 केन्द्रों पर मूल्यांकन शुरू हो जायेगा। इसके लिए 16 मार्च से समय निर्धारित किया गया है। इस स्थिति में सचिव परिषद ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को कॉपियों को सुरक्षित पहुंचाने का निर्देश जारी किया है। बता दें कि लखनऊ में करीब 1 लाख बच्चों की कॉपियों का मूल्यांकन होना है।

बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते डीआईओएस राकेश कुमार, साथ में अन्य। अमृत विचार

दो दिन बाद समाप्त हो जाएंगी यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा

बुधवार को 2822 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा : सुबह पाली की परीक्षा में चित्रकला व रंजनकला एवं इंटरमीडिएट व्यवसायिक शिक्षा विषय की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा के दौरान कुल 19 केन्द्रों पर सचल दल की टीम ने छापेमारी की। निरीक्षण में सभी जगह व्यवस्था ठीक पाई गई। इस दौरान कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति को भी चेक किया गया। डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि सुबह की पाली में 46,622 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं इसमें 44030 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 2592 ने परीक्षा ही छोड़ दी। इसी तरह से द्वितीय पाली इंटरमीडिएट इतिहास व कृषि विषय की परीक्षा हुई। इसमें कुल 9 केन्द्रों पर सचल दल की टीम पहुंची। डीआईओएस ने बताया कि दूसरी पाली में 5416 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इसमें 5186 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 230 ने परीक्षा छोड़ी है। इस तरह से दोनो पालियों में कुल 2822 ने परीक्षा छोड़ दी है।

प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए इंटर के छात्रों को मिला मौका

वहीं इंटरमीडिएट में वर्ष 2024 की प्रयोगात्मक परीक्षाओं में छूटे हुये परीक्षार्थियों की परीक्षा देने का मौका यूपी बोर्ड ने दिया है। इस संबंध में सचिव परिषद दिव्यकांत शुक्ला की ओर से बुधवार को आदेश जारी किया है। ऐसे में जो छात्र प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकें हैं। छात्रहित में ऐसे छूटे हुये परीक्षाथियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा 13 एवं 14 मार्च को आयोजित करायी जायेंगी।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा लखनऊ मण्डल के मनकापुर एवं लखीमपुर स्टेशनों पर WVM (Water Vending Machine) के संचलन की 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित है। जिसके खुलने की तिथि दिनांक 21.03.2024 समय 13:00 बजे एवं बंद होने की तिथि दिनांक 21.03.2024 समय मनकापुर (13:30 बजे) एवं लखीमपुर (13:40) संबंधित लॉट के अनुसार है। इस ऑक्शन के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। ई–ऑक्शन से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** (E-Auction Module) पर उपलब्ध है। ध्यान दें कि ई–ऑक्शन मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान केवल through IREPS, online payment mode से ही स्वीकार्य किया जाएगा। जो कि **www.ireps.gov.in** (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है। अन्य जानकारी **www.ireps.gov.in** (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है। **ई ऑक्शन सूचना संख्या, स्टेशन, लोकेशन, आदि का विवरण निम्न है। ई–ऑक्शन सूचना सं. (कैटलॉग सं.):** WVM-LMP-MUR-24; **स्टेशनः** मनकापुर; **लोकेशनः** लॉट के मुताबिक; **ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समयः** दिनांक 21.03.2024 समय 13:30; **स्टेशनः** लखीमपुर; **लोकेशनः** लॉट के मुताबिक; **ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समयः** दिनांक 21.03.2024 समय 13:40. **मंडल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य**

मुजाधि/वा०–292 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैं:–

क्रम सं.-1, कार्य का नामः गोल्डिनगंज–छपरा के मध्य समपार सं. 42 किमी 322/6-7 और समपार सं. 39 किमी 320/9-10 एलएचएसडब्लू के पहुच मार्गो की छत और शीटिंग का कार्य। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2023-241, अनुमानित लागतः ₹ 93,86,267/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 1,87,700/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 04-04-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 06 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का नामः बलिया में लाइन–1 पर वाशेबुल एप्रन के रिहैबिलीटेशन का कार्य। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2023-242, अनुमानित लागतः ₹ 52,50,083/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 1,05,000/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 04-04-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 06 माह। **क्रम सं.-3,** कार्य का नामः चिलकहर–फेफना अनुभाग के मध्य समपार सं. 01(बंद) किमी. 2/5-6 पर एलएचएसडब्लू का प्रावधान। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2023-243, अनुमानित लागतः ₹6,38,06,235/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 4,69,000/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 27-03-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह।

● निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-241 से एनईआर-बीएसबी-2023-242 दिनांक 04-04-2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगे। ● निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-243 दिनांक 27-03-2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी

मुजाधि/डब्लू–570

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

सार-संक्षेप

उप्र पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक बने रणवीर प्रसाद

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश प्राविधिक कर्मचारी संघ की ओर से उप्र पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन और उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक पद का कार्यभार ग्रहण करने पर रणवीर प्रसाद (आईएएस) से मुलाकात कर बधाई दी। इसके साथ उन्हें प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के तकनीशियन टीजी टू के कार्मिकों की ओर से भी शुभकामनाएं दी गई। इसके साथ ही समस्त ऊर्जा निगमों के अंतर्गत कार्यरत, मान्यता प्राप्त कैडर संघ रविप प्राविधिक कर्मचारी संघ उप्र की तरफ से केंद्रीय उपाध्यक्ष दीपक चक्रवर्ती समेत मनोज कुमार खरे, चंचल तिवारी और अरुण कुमार मौजूद रहे।

निदेशक रणवीर प्रसाद को पुष्पगुच्छ देते अधिकारी। अमृत विचार

रोजगार ने दिया नवाचार, होंगे शोध

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 27 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ। रोजगार पाए छात्रों का मानना है कि अध्ययन के साथ मिला रोजगार नवाचार देगा। इसके सहारे शोध और अन्य गतिविधियां करने में आसानी रहेगी। लविवि के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। निजी बैंक द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 19 छात्रों को एक्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में चुना गया। इसी तरह अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल में आठ छात्रों को रोजगार का अवसर मिला। अवसर पाए बीबीए के छात्र सिद्धार्थ सिंह का कहना है कि इससे नवाचार के अवसर मिलेगे। यश सिंह कहते हैं कि शोध का माध्यम भी रोजगार बनेगा। दिव्यांश त्रिपाठी का मानना है कि कैंपस चयन प्रतिभाओं को निखारने का कार्य कर रहा है।

अच्छी शिक्षा से अच्छे समाज का निर्माण होता है : अवनीश

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन बुधवार को विद्यालय के प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस अवनीश अवस्थी ने कहा कि अच्छी शिक्षा से अच्छे समाज का निर्माण होता है। घर एवं विद्यालय का सुसंस्कारित व शांत वातावरण बालक को संतुलित व्यक्तित्व प्रदान कर सही राह दिखा सकता है। निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि उद्देश्यपूर्ण शिक्षा का मनुष्य के ऊपर व्यापक प्रभाव होता है।

अभिभावकों को संबोधित करते अवनीश अवस्थी।

महिलाओं को सशक्त बनाने पर गूगल मीट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में स्थापित कानूनी सहायता केंद्र ने ऑनलाइन एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का विषय शेवोल्यूशन महिलाओं को सशक्त और मानवता को सशक्त बनाना रहा। प्रतिभागियों में शामिल 50 प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटा गया। फिर महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा, गर्भपात का अधिकार, मासिक धर्म की छुट्टी- एक अभिशाप या वरदान, शिक्षा में लैंगिक समानता सहित विषयों पर प्रतिभागियों ने अपना पक्ष रखा। ऑनलाइन एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता की विजेता स्कूल ऑफ लॉ एनएमआईएमएस अर्चा मेनन रहीं। उपविजेता सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार की साधना पाराशर बनीं। दीवान लॉ कॉलेज मेरठ के हर्ष जैनर भी विजेता बने। प्रतिभागी पूरे भारत से थे। इसमें कुल 50 प्रतिभागी थे।

किसानों पर आफत, सरकार कर रही उपेक्षा : मुकुट सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : किसान सभा ने बेमौसम आंधी-पानी-ओला वृष्टि से प्रदेश भर में फसलों के हुए भारी नुकसान के ऑकलन की शासन की प्रक्रिया एवं कम मुआवजा तय करने की कड़ी आलोचना करते हुए 33 फीसदी से कम नुकसान दर्शाकर सिर्फ 9 जिलों को चिंहित कर मात्र 23 करोड़ रूपया के मुआवजा की घोषणा करना किसानों की घोर उपेक्षा और उनके साथ धोखा है। 33 फीसदी नुकसान की शर्त हटाकर उत्पादन मे होने वाली कमी के आंकलन को भी जोड़ते हुए कम से कम 30 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग किसान सभा ने उठाई। किसानसभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री एवं प्रांतीय महामंत्री कामरेड मुकुट सिंह ने कहा कि फसल नुकसान का दर्शाया गया आंकलन फर्जी और कागजी है। प्रमुख सचिव राजस्व के अखबारों में छपे बयान में सभी कलक्टरों को 24 घंटों में खेतों पर जाकर फसलों के नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश देने की बात कही गई है। क्या किसी भी जिलाधिकारी के खेतों पर जाने की खबरें अखबारों के स्थानीय खबरों में छपी हैं? जबकि जिलाधिकारियों की खबरों को प्राथमिकता दी जाती है।

आबकारी विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : शासन व आबकारी आयुक्त के आदेश पर आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री व परिवहन पर अंकुश लगाए जाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को आबकारी टीम द्वारा रायबरेली रोड टोल प्लाजा पर वाहनों की चेकिंग की गई। आबकारी टीम द्वारा रायबरेली रोड स्थित रेस्टोरेंट और ढाबों की चेकिंग की गयी और सभी रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों को उनके प्रतिष्ठान में अन्य प्रांत की शराब मिलने एवं बिना लाइसेंस शराब पिलाए जाने की स्थिति में सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। आबकारी टीम द्वारा बुधवार को फुटकर आबकारी दुकानों का भी निरीक्षण किया गया।

याद किए गए फार्मेसी शिक्षा के जनक

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलॉम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में राष्ट्रीय भेषजी शिक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संकाय में वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वेबिनार में डॉ. जयबीर सिंह ने कहा कि भारतीय फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रो. श्रॉफ ने सर्वप्रथम बीएचयू में बी फार्मा और एम फार्मा पाठ्यक्रम की शुरुआत की थी। वे बीएचयू में फार्मास्यूटिकल साइंसेस विभाग के विभागाध्यक्ष भी रहे। प्रिया आर्या ने कहा कि भारत में औषधि अनुसंधान के लिए शिक्षित फार्मासिस्ट तैयार हों, इस महान उद्देश्य के लिए प्रो. श्रॉफ का जीवन समर्पित था। इस अवसर पर फार्मेसी संकाय के प्रोफेसर और नोडल अधिकारी डॉ. आकाश वेद सहित अन्य संकायाध्यक्ष मौजूद रहे।

राज्यपाल ने देखी हाईटेक विवि की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने राज्पाल से मुलाकात की। विशेष वार्ता के दौरान पीएम उषा के तहत मिले मद को लेकर चर्चा की गई। विवि में किन - किन विभागों को व्यवस्थित किया जाएगा, इसको लेकर कुलपति की ओर से जानकारियां साझा की गईं।

दरअसल, केन्द्र सरकार द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री शिक्षा अभियान (पीएम उषा) योजना के तहत 100 करोड़ की धनराशि दी गई है। इसके सहारे विवि में पठन-पाठन, इमारत, प्रयोगशाला सहित अन्य क्षेत्रों को बेहतर बनाए जाने की योजना है। कुछ कार्य आरंभ भी किये जा चुके हैं। विशेष व्यवस्थाओं को लेकर विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय बुधवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मिले।

हाईटेक व्यवस्थाओं का ब्योरा प्रस्तुत किया। किन - किन क्षेत्रों में बदलाव बेहतर किये जा सकते हैं, इसको लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। सकारात्मक सूचनाओं के बीच राज्यपाल की ओर से कुछ विशेष निर्देश भी दिये गए।

लविवि के कुलपति ने की राज्यपाल से मुलाकात

नए पाठ्यक्रमों का लिया फीडबैक

विवि में कुछ पाठ्यक्रमों को विस्तार दिया गया है, कुछ ऐसे हैं, जो नई व्यवस्थाओं के रूप में शामिल किये जा रहे हैं। इन सबको लेकर राज्यपाल की ओर से जानकारियां ली गईं। फीडबैक से जुड़े तथ्य बिन्दुवार साझा किये गए।

गेट से लेकर कक्षाएं तक शामिल

मरम्मत और पुनर्निमाण में लविवि का गेट और कक्षाएं भी शामिल हैं। इसे हाईटेक बनाने के लिए डिजाइनों पर भी सूचनाएं साझा की गईं।

अमेरिकी अधिकारियों ने सीखीं तकनीकी बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के तकनीकी विशेषज्ञों ने संयुक्त राज्य अमेरिका के दूतावास से आए कांउसलर अनुभाग के अधिकारियों को धोखाधड़ी और घोटालों की रोकथाम के उपाय बताए। कई ऐसी भी जानकारियां साझा कीं, जिसके सहारे इन पर तत्काल रोक भी लग सके।

लविवि के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा डिग्री और मार्कशीट को हाइटेक बनाया गया है। ये व्यवस्था धोखाधड़ी की रोकथाम पर कारगर है। इसी को जानने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के दूतावास के कांउसलर अनुभाग की टीम विवि पहुंची। सारा एंकास के साथ ईशा कपूर भी थीं। इन्होंने अमेरिकी दूतावास द्वारा सामना किए जाने वाले घोटालों और धोखाधड़ी गतिविधियों को बताया। बढ़ती समस्याओं को दूर करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञ और शैक्षणिक अधिकारियों के साथ बातचीत की। फिर उसके निवारण के उपाय भी सीखे।

इस दौरान लविवि रजिस्ट्रार वीके सिंह, प्रो वाइस चांसलर, डीन छात्र कल्याण, डीन अकादमिक, निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, निदेशक प्रवेश और उनकी टीम, डीन विज्ञान संकाय, मानव विज्ञान विभाग के प्रमुख और परीक्षा की टीम शामिल थी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में मौजूद अमेरिकी दूतावास के अधिकारी व अन्य।

अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों ने जाने धोखाधड़ी और घोटालों की रोकथाम के उपाय

इन व्यवस्थाओं की दी जानकारी

विश्वविद्यालय की टीम ने दूतावास टीम को मार्कशीट में गुलेचो / हाई रेजोल्यूशन डिजाइनिंग, एंटी कॉपी और एंटी स्कैनिंग स्याही, होलोग्राम, ऑनलाइन सत्यापन क्यूआर कोड, माइक्रो टेक्स्ट/ माइक्रो लेटरिंग, यूवी अदृश्य प्रिंटिंग से अवगत कराया। मूल / लोगो), वेरिएबल बारकोड, छात्रों की रंगीन तस्वीर, इंद्रधनुषी रंग की पृष्ठभूमि, एंटी कॉपीवाटर मार्क की भी जानकारी दी गई।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में दिखेंगे 13 डायट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी सहित अलग-अलग जनपदों के 13 जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट्स) को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की पूरी कार्य योजना तैयार है।

इस संबंध में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी में बुधवार को संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. पवन सचान की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान 13 डायटों के भी प्रचार्य शमिल हुए। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में डायट्स का विकास होने से काफी फायदा होगा। शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ेगी, डायट जहां पूरी तरह से हाइटेक होंगे वहीं प्रशिक्षण से लेकर सभी कार्य में आसान हो जायेंगे।

बड़ी बात ये है कि 103 करोड़ का बजट भी स्वीकृत है। इस स्थिति में काम को आगे बढ़ाने में दिक्कत नहीं आयेगी। डॉ. सचान ने बताया कि जिन 13 डायटों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में बनाया जाना है। उसमें लाइब्रेरी, लैब, हेल्प डेस्क, कर्मचारियों के प्रशिक्षण, हेल्प डेस्क सहित फर्नीचर व्यवस्था भी शामिल है। उन्होंने कहा सभी डायट्स को विकसित करने के लिए 1000 करोड़ के बजट का प्रस्ताव है लेकिन अभी 10 प्रतिशत बजट मिल गये है जिसेसें 13 संस्थानों में काम पूरा हो जायेगा।

एससीईआरटी में बैठक के दौरान संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. पवन सचान व अन्य।

पुनर्वास विवि में भोजन को लेकर हंगामा

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में छात्रावास के छात्रों ने भोजन वितरण को लेकर हंगामा किया।

आरोप है कि भोजन में लकड़ी, शीशा पाया गया। भोजन भी पौष्टिक नहीं था। इसको लेकर छात्रों ने संकायाध्यक्ष और रजिस्ट्रार से शिकायत की है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान

फ्री सलाह

अभी फोन करें :

GURU AADIL JI

9717810464

1% विश्वास आप करें

99% विश्वास हम बनाएंगे

स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–आक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।, **एडमिन यूनिट/जोनः**– लखनऊ – पू०उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०:**– LJN-RSLR-03-24, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथिः**– 29–02–2024 समय 13:06 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):**– 15.03.2024 समय 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः**– 15–03–2024 समय 13:30 बजे, **नीलामी का प्रकारः**– Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ

मुजाधि/वाणिज्य–288

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

आवश्यकता है

यूबीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, **योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार, सम्पर्क – प्रबंधक**

मो.: 9454716161

सूचना

सूचित हो कि मैं राजकिशोर पांडे पुत्र गुरू प्रसाद पाण्डेय मेरे पुत्र दीपक पांडे का चाल–चलन ठीक नही है। जिसके कृत्यों और चलो–चलन से क्षुब्ध होकर मैं दीपक पांडे को अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किये गए किसी भी अपराध के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे मैं व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता नही है। **– राजकिशोर पांडे पुत्र गुरू प्रसाद पाण्डेय, निवासी– रघुनाथपुर, थाना– माल, लखनऊ**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र सूरज के कक्षा 12 सी.बी. एस.सी. बोर्ड, सत्र 2023, अनुक्रमांक– 23712264 के प्रमाण पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश RAM RATAN AGRAHARI हो गया है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम RAM RATAN है। उक्त प्रमाण पत्र में मेरी पत्नी व पुत्र की माता का नाम GOMATI DEVI दर्ज हो गया है जो कि गलत है एवं सही नाम GOMTI DEVI है। अतः उक्त प्रमाण पत्र में मेरा व मेरी पत्नी का सही नाम दर्ज किया जाये। **राम रतन पुत्र स्व. राधेश्याम निवासी– कुदरहां, पोस्ट कुदरहां, थाना लालगंज, जिला बस्ती।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **पप्पी पत्नी नन्हके, निवासी–बादशाह खेडा, आलमनगर, लखनऊ,** मेरे पुत्र स्व0 सुदेश कुमार राजपूत की भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा राजाजीपुरम, लखनऊ है, जिसका पॉलिसी नं0 236477417 में मेरा नाम पुष्पा अंकित है जबकि मेरे बैंक एसबीआई, भपटामऊ में जिसका खाता नं0–34931987541 में मेरा नाम पप्पी अंकित है। मेरे आधार कार्ड में भी मेरा नाम पप्पी अंकित है। यह कि पप्पी व पुष्पा दोनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरे है।

सूचना

सूचित हो कि मैं **रूकमणी देवी अपने पुत्र जगदीश चन्द्र आर्मी नं. –4193644 एक्स, ग्राम–बमौरा, पो. आ.–चुरापिटा, जिला– चम्पावत,** मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रूकमणी देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम रेखा देवी है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में रेखा देवी दर्ज किया जाये।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. हामदा जरीन पुत्री स्व. नूर मोहम्मद सिद्दीकी निवासिनी 4/785, विकासनगर, लखनऊ ने एक अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 01.01.2024 को श्री तारिक रहमान पुत्र शफीकुर्रहमान के पक्ष में निष्पादित किया था। स्व. हामदा जरीन का देहान्त दिनांक 08.01.2024 को हो चुका है। वसीयत पंजीकृत हेतु दिनांक 15.02.2024 को श्री तारिक रहमान ने उप निबन्धक (तृतीय), लखनऊ के कार्यालय में निबन्धन हेतु प्रस्तुत की है। इस वसीयतनामें के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय उप निबन्धक (तृतीय), लखनऊ में प्रकाशन तिथि से चालिस (40) दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा विज्ञापन के प्रकाशन तिथि के चालिस (40) दिन के अन्दर आपत्ति न प्राप्त होने पर मरणोपरान्त वसीयतनामें पर आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

दिनांकः– 05/03/2024 उप निबंधक (तृतीय) लखनऊ

खबर का असर किला मोहम्मदी प्राथमिक विद्यालय और सरोजनीनगर के भुसवल कला जूनियर विद्यालय का मामला

कब्जेदारों से मुक्त कराए गए सरकारी स्कूल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में आसमान छूती जमीन की कीमतों के बीच लोगो की अब सरकारी स्कूलों की जमीन पर नियत खराब होने लगी है। आये दिन कहीं न कहीं बवाल से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जूझना पड़ रहा है।

बुधवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की मौजदूगी में किसी तरह से विद्यालयों को कब्जेदारों से मुक्त कराया। किला मोहम्मदी प्राथमिक विद्यालय में जहां दबंग बाउंड्री नहीं बनने दे रहे थे, वहीं सरोजनीनगर में निजी बिल्डर्स कंपनी अंसल की ओर से भुसवल कला जूनियर विद्यालय पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा था।

किला मोहम्मदी प्राथमिक विद्यालय का मुद्दा अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था। इस संबंध में दो दिन पहले 'सरकारी स्कूल की बाउंड्री नहीं बनने दे रहे दबंग' शीर्षक से खबर का भी प्रकाशन किया था। जिसके बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने सक्रियता दिखाते हुए मौके का निरीक्षण कर मामले को जिलाधिकारी के समक्ष रखा और तत्काल भूमि पैमाइश कराते हुए विद्यालय को कब्जेदारों से मुक्त कराया। वहीं बुधवार को किला मोहम्मदी प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्री निर्माण का कार्य शुरू हो सका है। इस दौरान बीएसए राम प्रवेश, खंड शिक्षा अधिकारी राम मूर्ति यादव और एसीएम, तहसीलदार, लेखपाल, नगर निगम जोन के आठ के अधिकारी व आशियाना थाने की पुलिस भी मौजूद रही।

किला मोहम्मदी प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्री बनने में अड़गा लगाने वालों को रोकने के लिए बीएसए राम प्रवेश के साथ पहुंची पुलिस व जिला प्रशासन की टीम। अमृत विचार

सरोजनीनगर में भुसवल कला जूनियर विद्यालय में बिल्डर की ओर से किया जा रहा था कब्जे का प्रयास, बीएसए ने मौके पर जाकर रुकवाया कब्जा। अमृत विचार

सरकारी स्कूल की बाउंड्री बनने पर दबंग लगा रहे रोक

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

बीएसए ने कराई पैमाइश बनने लगी बाउंड्री, अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा

प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी

एक नजर

कार्य अधूरे, प्रधान को चेतावनी

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत अमेठिया सलेमपुर के निरीक्षण में आरआरसी सेंटर अधूरा मिला। जबकि फिल्टर चैंबर दो की बजाय एक बना मिला। लापरवाही पर जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने प्रधान को कार्रवाई की चेतावनी दी है। बुधवार को जिला पंचायत राज अधिकारी ने मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत अमेठिया सलेमपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान पंचायत भवन, नाली, सड़क आदि निर्माण देखे। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत कूड़ा निस्तारण के लिए आरआरसी सेंटर का निर्माण अधूरा मिला। मानक में भी अंतर पाया। वहीं, गांव में तालाब में नाली का पानी साफ कर गिराने के लिए दो फिल्टर चैंबर बनाए जाने थे। इसमें एक ही बना मिला। इस पर नाराजी जताई तो सचिव की अन्य कार्यों में ड्यूटी पर होने का बहाना दिया गया, लेकिन एक न चली। प्रधान को कार्रवाई की चेतावनी देकर एक सप्ताह में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्य अभियंता ने किया कई उपकेन्द्रों का औचक निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : सिस गोमती के मुख्य अभियंता ने बुधवार को कई उपकेंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनुरक्षण माह में किए गए मेंटीनेंस कार्य का जायजा लिया। साथ ही, उपकेंद्र अधिकारियों और कर्मचारियों को बिजली आपूर्ति के बाधित रहने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया कि उन्होंने कानपुर रोड, सरोजनीनगर, बंगला बाजार के कई उपकेंद्रों का निरीक्षण किया।

कोई पूछे तो बता देना वीआईपी ड्यूटी पर हैं डॉक्टर

शहर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर डॉक्टरों की मनमानी पर नहीं लग पा रहा अंकुश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोगों को उनके घर के पास ही इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार की मंशा पर शहर में अब तक 75 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान मंदिर) खोले जा चुके हैं। अभी कई नए केंद्र और शुरू होने हैं।

इसके लिए विभाग पूरी तरह से तैयारी में जुटा है। ये सेंटर खुलने का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक है, लेकिन इन केंद्रों पर तैनात डॉक्टरों की मनमानी के कारण मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। ज्यादातर सेंटर बंद रहते हैं। सीएमओ की टीम की जांच में भी इसका खुलासा हो चुका है। कार्रवाई के नाम पर आरोपी डॉक्टरों को महज नोटिस देकर खानापूर्ति कर ली जा रही है।

बुधवार को फैजुल्लागंज के गाजीपुर बलराम स्थित केंद्र पर ताला लटका होने की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। इस पर 'अमृत विचार' की टीम ने मौके पर जाकर जायजा लिया तो सेंटर बंद होने की पुष्टि हुई। इसके अलावा दो अन्य सेंटर निर्धारित समय से पहले बंद मिले।

- उच्चाधिकारियों को सूचना दिए बगैर ही गायब रहते हैं डॉक्टर, बिना इलाज के लौट रहे मरीज
- शहर में अब तक 75 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान मंदिर) खोले जा चुके हैं

सीएमओ की टीम को भी बंद मिले थे सेंटर : हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर डॉक्टरों की मनमानी को लेकर आ रहीं शिकायतों का संज्ञान लेकर डिप्टी सीएमओ डॉ. गोपीलाल के नेतृत्व में टीम ने गत 4 मार्च को पांच सेंटरों का निरीक्षण किया था। सभी बंद मिले थे। टीम ने बंद मिले देवीखेड़ा, कटरा, भमरौली, फरीदीपुर, मुबारकपुर सेंटर की रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी थी। जिसके बाद सभी डॉक्टरों को नोटिस देकर चेतावनी जारी कर खानापूर्ति कर ली गई।

हनुमंत पुरम का सेंटर।

समय 2 :57 बजे, सेंटर : हनुमंत पुरम, फैजुल्लागंज

फैजुल्लागंज के हनुमंत पुरम में स्थित दो मंजिला भवन में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोला गया है। यहां दोपहर 2 :57 बजे टीम पहुंची। मौके पर गेट अंदर से बंद मिला। कई बार गेट की घंटी बजाने के बाद भी कोई बाहर नहीं निकला। जिसके बाद दरवाजे को खटखटाया गया। काफी देर बाद एक महिला पहली मंजिल की छत पर आई। पूछने पर बताया कि डॉक्टर साहब थोड़ी देर के लिए आए थे। थोड़ी देर रुकने के बाद यह कह कर कहीं चले गए हैं कि कोई आए तो बता देना कि डॉक्टर साहब वीआईपी ड्यूटी पर गए हैं।

> वेलनेस सेंटरों के खुलने का समय सुबह 10 से शाम 4 बजे तक है, यदि डॉक्टर समय से पहले जा रहे हैं तो मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी, वीआईपी ड्यूटी लगे होने पर भी स्टॉफ को वेलनेस सेंटर खोलना होगा। ताला लगा होने पर जवाब मांगा जाएगा।
>
> –डॉ. आरएन सिंह, नोडल ऑफिसर वेलनेस सेंटर

गाजीपुर बलराम

समय 3 :21 बजे, सेंटर : गाजीपुर बलराम, फैजुल्लागंज

यहां सेंटर पर बाहर से ताला लटका रहा था।

आसपास के लोगों ने बताया कि सेंटर खुलने का कोई समय निर्धारित नहीं है। डॉक्टर अपनी मर्जी से सुविधानुसार आते हैं। यहां आने वाले मरीजों को बिना इलाज के ही लौटना पड़ता है।

सत्यलोक कॉलोनी

समय 3 :38 बजे, सेंटर : सत्यलोक कॉलोनी, ताड़ीखाना

यहां भी सेंटर बंद मिला। खटखटाने पर मकान मालिक (महिला) बाहर निकली। उसने बताया कि यहां पर महिला डॉक्टर की तैनाती है। आज उनकी तबीयत खराब है। वह खुद को दिखाने अस्पताल गई हैं। यदि आपको दवा लेनी है तो कल सुबह आना।

आहार नली बनाकर तीन बच्चों को दिया नया जीवन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में हुई सर्जरी

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने 15 दिनों में तीन बच्चों की आहार नली बनाने में सफलता पाई है। इनमें से दो बच्चों में जन्म से ही आहार नली नहीं थी। सर्जरी के बाद तीनों बच्चे स्वस्थ हैं।

पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. जेडी रावत ने बताया कि खदरा निवासी मो. अजहान को छह महीने की आयु में कुछ भी खाने-पीने से उल्टी आने लगती थी। जांच कराई तो आहार नली का निचला हिस्सा सिकुड़ा मिला। उन्होंने बताया कि आहार नली बनाने के लिए दो चरणों में ऑपरेशन किया गया। पहले चरण में पेट में चीरा लगाकर अमाशय में नली डालकर पेट से निकाली गई। इससे बच्चों को तरल पदार्थ पिलाया गया। साथ ही, गले के पास नली डाली गई, जिससे कफ या स्लाइवा निकल सके। इसके बाद दूसरे चरण का ऑपरेशन किया गया। इसी तरह अयोध्या निवासी अबू शाहीम को भी जन्मजात आहार नली न होने की समस्या थी। दोनों की सर्जरी कर आहार नली बनाई गई। इसके अलावा आलमबाग निवासी पौने दो वर्षीय रेयांश साहू ने कीटनाशक पी लिया था, जिससे मुंह व खाने की नली जल गई। इसकी वजह से वह कुछ भी खाने-पीने में असमर्थ हो गया। इसकी भी सफल सर्जरी करने में कामयाबी मिली है।

ऑपरेशन करने वाली टीम में ये रहे शामिल

डॉ. जेडी रावत, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. पीयुष कुमार, डॉ. प्रीति, डॉ. मनीष, एनस्थीसिया टीम में डॉ. विनीता सिंह, डॉ. सतीश, डॉ. प्रेम राज, नर्स अंजु, सुधा और रीता टीम में शामिल रहीं।

चौथे दिन दूर हुई पानी की किल्लत **अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल में मोटर खराब होने के कारण हो रही पानी की किल्लत बुधवार देर शाम दूर हो गई। यहां नया मोटर लगा दिया गया है। बलरामपुर अस्पताल में चार दिनों से पानी की किल्लत से मरीज जूझ रहे थे। डायलिसिस यूनिट में मरीजों की डायलिसिस के लिए भी पानी खत्म हो गया था। मोटर खराब होने के चलते कई दिनों से पानी की सप्लाई ठप चल रही थी। वैकल्पिक तौर पर जलकल विभाग के पानी का टैंकर मंगवाया था। वहीं, फायर टैंकर में आग बुझाने के लिए भरे गए पानी को डायलिसिस मरीजों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। अस्पताल के एमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि नई मोटर फिट करा दी गई है। रात से पानी की दिक्कत खत्म हो जाएगी।

सौ टन आयरन स्क्रैप ला रहीं छह गाड़ियां पकड़ी गईं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बिना ई-वे बिल के सौ टन आयरन स्क्रैप ला रहीं गाड़ियों को जीएसटी सचल दल इकाई ने पकड़ लिया। कर चोरी की सूचना पर लखनऊ और हरदोई की जीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। इन छह ट्रक में 100 टन से अधिक आयरन स्क्रैप ला रहे छह ट्रकों को जीएसटी के सचल दल ने धर लिया

विशेष अनुसंधान शाखा के संयुक्त आयुक्त अरुण शंकर राय के नेतृत्व में प्रभारी पवन कुमार ने आधा दर्जन ट्रकों को लखनऊ सीमा पर पकड़ लिया। इस आयरन स्क्रैप को बाया बिहार पंजाब ले जाने की सूचना मिली। ज्वायंट कमिश्नर राय ने बताया सचल दल प्रथम इकाई के प्रभारी पवन कुमार और हरदोई के अधिकारियों ने इन गाड़ियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। इन सभी छह गाड़ियों में सौ टन से अधिक आयरन स्क्रैप लोड मिला। इसकी कीमत करीब 25 लाख से अधिक आंकी गई है। जांच के दौरान कोई ई-वे बिल नहीं मिला। इसके बाद सचल दल की टीम इन्हें जीएसटी भवन ले आई और इनसे अर्थदंड की वसूली की जायेगी। ज्वाइंट कमिश्नर के मुताबिक करापवंचकों के विरुध अभियान जारी है।

जीएसटी चोर बख्शे नहीं जायेंगे: लंबे समय से आयरन स्क्रैप की गाड़ियां स्क्रैप लोड कर दूसरे प्रांतों में गुपचुप तरीके से ले जाई जा रहीं थी। ज्वाइंट कमिश्नर अरुण शंकर राय ने बताया करापवंचकों को बख्शा नहीं जायेगा। सभी टीमों को सक्रिय कर दिया गया है।

छात्रवृत्ति के लिए केंद्र से मिलने वाली राशि का इंतजार

अमृत विचार, लखनऊ : समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित छात्रवृत्ति योजना के पात्रों का अब केंद्र से मिलने वाली राशि का इंतजार है। राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली राशि का भुगतान किया जा चुका है। पिछले वर्ष नवंबर माह से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू हुए थे। जनवरी में दो बार आवेदन के लिए तिथि भी बढ़ाई गई थी। प्रदेश के 75 जिलों से छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने के लिए ढाई लाख छात्रों ने आवेदन किया था। राज्य सरकार की ओर से 40 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी जाती है, जबकि 60 प्रतिशत राशि केंद्र की ओर से दी जाती है। प्री मैट्रिक्स के ढाई लाख पात्रों को राज्यांश के तौर पर 38 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही पात्रों की सूची सामाजिक अधिकारिता मंत्रालय को भेज दी गई है। केंद्र की ओर से मिलने वाली 60 प्रतिशत राशि का भुगतान एक-दो दिन में होने की संभावना है। राशि पात्र छात्रों के खाते में सीधे भेजी जाएगी।

हैदर कैनाल नाले में जलने लगा कूड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में कूड़े का निस्तारण नाले में डालकर किया जा रहा है। साक्ष्य मिटाने के लिए कूड़े को खुलेआम जला दिया जाता है। जिससे प्रदूषण फैल रहा है। नालों में नगर निगम सफाई कर्मचारी ही नहीं दुकानदारों से लेकर आमजन भी कूड़ा डाल देते हैं। नजीता यह है कि शहर में जगह-जगह नाले चोक हो जाते हैं। बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे हैदर कैनाल नाले में 1090 चौराहे के पास निर्माणाधीन एसटीपी के पास जमा कूड़े में किसी ने आग लगा दी, जिससे धुएं का गुबार उठने लगा। आसमान में काले धुएं का गुबार देख लोहिया पथ से निकलने वाले लोग रुककर यह नजारा देखने लगे। नाला प्लास्टिक व फाइबर कप और प्लास्टिक आदि से भरा था, जिसने आग लग गयी थी। लगभग आधे घंटे तक आग से धुआं उठता रहा, लेकिन मौके पर कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचे।

फार्मासिस्ट फेडरेशन ने फार्मेसी शिक्षा के जनक को किया याद

अमृत विचार, लखनऊ : फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रोफेसर एमएल सराफ के 112वें जन्मदिन के अवसर परफार्मासिस्ट फेडरेशन से जुड़े सभी संघों और फेडरेशन की यूथ विंग तथा वैज्ञानिक समिति, सेवानिवृत्त विंग आदि द्वारा एक वेब संगोष्ठी आयोजित कर उनके जीवन को याद किया। इस मौके पर स्टेट फार्मेसी काउंसिल उप्र. के पूर्व चेयरमैन और फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा प्रो सराफ के जन्मदिन 6 मार्च को ''नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे'' घोषित किया गया है। प्रोफेसर सराफ ने भारत में फार्मेसी शिक्षा को प्रारंभ कर उसे बढ़ाने में महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी नायक, महामंत्री अशोक कुमार, सेवानिवृत्त विंग के प्रदेश अध्यक्ष जय सिंह सचान, ओपी सिंह सचिव, यूथ विंग के प्रदेश संरक्षक उपेंद्र यादव, संविदा संघ के अध्यक्ष प्रवीण, यूथ के प्रदेश अध्यक्ष आदेश आदि ने संबोधित किया।

एक नजर

घर में घुसकर परिजन को पीटा, आठ पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : गुडम्बा इलाके में घर में घुसकर परिजन को पीटने का मामला सामने आया है। थाना अंतर्गत फूलबाग कालोनी निवासी शाह अब्दुल इरफान ने बताया कि मंगलवार देर शाम हनीफ व अकील करीब छह अज्ञात लोगों के संग धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस आये। उस पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगे। बात मानने से इनकार करने पर आरोपियों ने हमला उसे व परिवार के सदस्यों को पीट दिया। इंस्पेक्टर ने बताया हनीफ व अकील व छह अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

युवती की चेन लूट कर बाइक सवार बदमाश फरार

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना इलाके में युवती से चेन लूट का मामला सामने आया है। थाना अंतर्गत सेक्टर जे निवासी उमा दुबे ने बताया मंगलवार दोपहर 3 :20 बजे सहेली पायल के संग घरेलू सामान की खरीदारी करने पैदल बंगला बाजार जा रहीं थी। रास्ते में एक बाइक से पर सवार दो बदमाश आये और उमा के गले से चेन लूट कर फरार हो गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया लूट की रिपोर्ट दर्ज की है।

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर इलाके में युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। गोंडा के करनैलगंज निवासी गुड्डू (30) आलमबाग स्थित चंदननगर में भाई शहजाद के साथ रहता था। शहजाद के मुताबिक गुड्डू कृष्णानगर स्थित आशाराम बापू के पास खाना बनाने का काम कर रहा था। मंगलवार शाम केसरीखेड़ा रेलवे फाटक के पास रेलवे लाइन पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मौत हो गई।

मातम में बदलीं खुशियां, चारों तरफ चीख-पुकार

काकोरी के हाता हजरत साहब वार्ड में हुई घटना, बेड पर पड़े मिले थे तीन शव, दरवाजे के पास मिली थी महिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मुशीर और हुस्नबानो की शादी की वर्षगांठ मंगलवार को थी। घर पर परिवार और रिश्तेदारों को आमंत्रित किया गया था। घर में उत्सव का माहौल था। खुशियों का इजहार करने के लिए मुशीर ने अनार जलाया। अनार से निकली चिंगारी ने खुशियों को मातम में बदल दिया। हादसे में मुशीर, हुस्नबानो और तीन बच्चे जिंदा जल गए। बुधवार को पांचों का जनाजा कस्बे से निकला तो चीख-पुकार मच गई।

काकोरी कस्बा में हुई घटना में पांचों मृतकों के शव का बुधवार सुबह पोस्टमार्टम करा कर पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया। परिजन दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मुशीर, पत्नी हुस्ना बानो, भतीजी राइया, भांजी हिना व हुमा का शव कस्बा स्थित घर लेकर पहुंचे। पड़ोसी मोहम्मद नावेद ने बताया कि, दोपहर में करीब ढाई बजे मुशीर के घर के बाहर नाते-रिश्तेदारों के अलावा प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। मुशीर, हुस्नबानो और राइया के जनाजे एक साथ निकले तो उसे देख कर पड़ोसी फूट-फूटकर रोने लगे। वहीं, घर से कुछ ही दूरी पर बहनोई अजमत के घर से बेटी हिबा और हुमा का जनाज निकाल। परिजन के शव देख भाई बब्लू गश खाकर जमीन पर गिर पड़े। सभी के शव घर के समीप क्रबिस्तान में सुपुर्दे-खाक किया गया। वहीं, पड़ोसियों ने बताया कि मुशीर क्षेत्र के सबसे बड़े आतिशबाज थे। राइया उनकी इकलौती बेटी थी। जनाजे में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के बेटे विकास किशोर, नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष रविराज लोधी व सपा के मलिहाबाद के पूर्व प्रत्याशी सोनू कनौजिया, कांग्रेसी नेता रियाज अहमद समेत अन्य मौजूद रहे।

बड़े अब्बा से मिलने गई थी राइया

मुशीर के कमरे में दोनों भांजी हिना, हुमा, पत्नी हुस्ना बानो और बेटा मुस्सबिर थे। बेटा सो रहा था, जबकि मुशीर के भाई बब्बू की सात वर्षीया बेटी राइया नीचे थी। वह खाना खा कर बड़े अब्बा मुशीर से मिलनी गई थी। राइया कक्षा एक की छात्रा थी। मंगलवार से परीक्षा शुरू हो रही थी, जिसको लेकर मुशीर से मिलने ऊपर कमरे में गई थी। हादसे से करीब पांच मिनट पूर्व बेटा मुस्सबिर लघुशंका के लिए नीचे उतर कर आया था। इसी बीच हुये विस्फोट मुशीर, हुस्ना, हिना, हुमा व रईया की मौत हो गई जबकि नीचे उतर आया बेटा मुस्सबिर बाल-बाल बच गया।

वर्ष 2000 में हुआ था निकाह

मुशीर 55 का हुस्ना बानो से वर्ष 2000 में निकाह हुआ था। मंगलवार को शादी की सालगिरह थी। इसलिए कस्बा के ही हाता रहीम बशित वार्ड निवासी अजमत दो बेटियों के साथ मुशीर के घर पर पहुंचे थे। घर के ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में मुशीर परिवार के साथ रहता था, जबकि अन्य तीन भाई पप्पू, बब्बू व बबलू मकान के अन्य हिस्सों में रहते हैं। हादसे के वक्त मुशीर के साथ पत्नी हुस्ना बानो, बेटा मुस्सबिर, भतीजी राइया व अजमत की दोनों बेटियों हिना व हुमा थीं। विस्फोट में पांचों की मौत हो गई। बचाने की कोशिश में अजमत, अनम, लबक व इंशा भी झुलस गईं।

नम आंखों से दी अंतिम विदाई : बुधवार को काकोरी में हुए हादसे के बाद शवयात्रा के दौरान उमड़ी लोगों की भीड़। अमृत विचार

घर में रखा था दीपावली का बचा पटाखा

स्थानीय लोगों का कहना है कि मुशीर त्योहार में पटाखे की दुकान खोलते थे। दीपावली में तीन दिन का लाइसेंस लेकर काकोरी में दुकान खोली थी। त्योहार में पूरे पटाखे नहीं बिके थे। बचे हुए पटाखों को मुशीर ने घर में ही रखा था। मंगलवार रात को मुशीर ने पटाखों को चेक करने के लिए अनार जलाया था। अनार से निकली चिंगारी कमरे में रखे पटाखों पर जा गिरी। इसके बाद ताबड़तोड़ कई धमाके हुए। आग कमरे में रखे फ्रिज व गैस सिलिंडर तक पहुंच गई। अचानक सिलिंडर तेज धमाके से फट गया। धमाका इतना तेज था कि कमरे की छत व दीवार गिर गई।

बच्चों को बचाने कमरे में घुसे मुशीर की भी गई जान

परिजन का कहना है हादसे में मुशीर बच कर कमरे से निकल आया था, लेकिन बच्चों हिना, हुमा व राइया को बचाने में दोबारा कमरे में घुस गया। इसके बाद हुए विस्फोट में पांचों की मौत हो गई। बचाव के प्रयास में ही अजमत व मुशीर की दोनों बेटी लकब व इंशा व बब्बू की साली अनम झुलस गई।

टीवी देखते समय घर में हुआ ब्लास्ट

सूत्रों की मानें तो, मुशीर के दो मंजिला भवन में उनके नाते-रिश्तेदार भी रहते थे। लोगों ने बताया कि घर में धमाका हुआ। उस वक्त बहनोई अजमत की दोनों बेटियां हिबा और हुमा भी मुशीर के कमरे में मौजूद थी। जबकि, छोटे भाई बब्बू की बेटी राइया भी मुशीर के परिवारिक सदस्यों के संग मौजूद थी। इसी बीच घर में तेज धमाका हो गया। बहनोई फंसे लोगों को बचाने पहुंचे तो झुलस गए।

मामले की गहनता से जांच कर रही पुलिस

एसीपी काकोरी शकील अहमद ने बताया प्रथम दृष्टया में यह बात सामने आई कि शार्ट सर्किट से मुशीर के दो मंजिला मकान में आग लग गई थी। इसी बीच घर में रखे दो सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गए। जिस की जद में आने से पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि, चार लोग जख्मी हो गए। जबकि ग्रामीणों का यह भी कहना है आतिशबाज मुशीर के ऊपर वाले कमरे में विस्फोटक सामग्री संग्रह थी। कमरे में आग लगते ही पटाखों तक पहुंची गई। जिसके धमाके से मकान की छत उड़ गई और पूरा क्षेत्र सहम गया। एसीपी ने बताया कि यह जांच का विषय है। स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल विभाग के अधिकारी भी कई पहलुओं पर जांच कर रहे हैं। अधिकारिक तौर पर अभी कुछ कह पाना संभव नहीं है।

केजीएमयू में घायलों का हालचाल लेतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, साथ में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मुआवजे पर होगा निर्णय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- घायलों को देखने केजीएमयू पहुंचे मंडलायुक्त और जिलाधिकारी
- घायलों का उच्च स्तरीय इलाज कराने के निर्देश दिए
- नायब तहसीलदार सदर को एक अधिकारी की ड्यूटी अस्पताल में लगाने के निर्देश

अमृत विचार: काकोरी में शॉर्ट सर्किट के बाद दो सिलिंडरों में हुए ब्लास्ट की घटना की जांच पुलिस कर रही है। पुलिस की जांच रिपोर्ट के बाद जिला प्रशासन मुआवजे को लेकर निर्णय लेगा। दूसरी ओर मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने केजीएमयू पहुंचकर घायलों का हाल जाना और उच्च स्तरीय इलाज देने के निर्देश दिए।

बता दें कि मंगलवार की देर रात हाता हजरत साहब कस्बा काकोरी में रहने वाले मुशीर के घर में शॉर्ट सर्किट की वजह से दो सिलेंडरों में ब्लास्ट हो गया था। इस घटना में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए किंच जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के ट्रामा सेंटर ले जाया गया था। यहां पर इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल पांच लोगों की मौत हो गई थी। जबकि मुशीर की बेटी ईशा और लकब, बहनोई अजमद और भतीजी अनम का केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के बर्न यूनिट में इलाज चल रहा है।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब और जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने नायब तहसीलदार सदर को एक अधिकारी की ड्यूटी अस्पताल में लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में दुर्घटना लग रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद मुआवजे को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, जहर खिलाने का आरोप

संवाददाता, मलिहाबाद

- पति समेत चार लोगों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : मलिहाबाद के लालगंज बड़ीगढ़ निवासी सुनीता (22) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने दहेज की मांग पूरी होने पर ससुराल वालों द्वारा सुनीता को जहर खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मलिहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह के मुताबिक, माल के सरथरा गांव निवासी सुनीता की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व मलिहाबाद के लालगंज बड़ीगढ़ निवासी आशीष से हुई थी। पिता मेवालाल ने बताया कि अतिरिक्त मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था। विरोध करने पर आशीष बेटी को तलाक देने की धमकी देता था। पीड़ित ने बताया मंगलवार को ससुरालीजनों ने बेटी की पिटाई कर जहर खिला दिया। वारदात को आत्महत्या का रूप देने के लिए आरोपियों ने बेटी को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति आाशीष समेत जेठ संतोष, जेठानी रीता व सास श्रीदेवी पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

रोजगार योजना के नाम पर लाखों की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 13 पीड़ितों ने मदेयगंज थाने में आरोपी पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : गोरखपुर निवासी ठग ने रोजगार योजना के नाम पर मदेयगंज इलाके में रहने वाली महिलाओं व युवकों से रुपये जमा करा कर लाखों रुपये हड़प लिये। जेसीपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध आकाश कुलहरि को थाना अंतर्गत खदरा निवासी कंचन, बिंदेश्वरी, रेखा व छोटके समेत 13 लोगों ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि सुनील कुमार गौतम निवासी पुरदोनपुर जुबली रोड, गोरखपुर ने लॉकडाउन में उनसे संपर्क किया। बताया कि उसने इजी टाइम नाम से कंपनी खोल कर रोजगार योजना शुरू की है। इसमें बचत खाता खोला कर रुपये जमा कराने पर अधिक मुनाफा मिलेगा। झांसे में आकर पीड़ितों ने खाता खुलवा कर रुपये जमा किये। एक वर्ष बाद रुपये वापसी की बात तय थी। पीड़ितों ने जब रुपये मांगे तो पास बुक जमा करा कर दो दिन में रुपये वापस करने का आश्वासन दिया। लेकिन इसके बाद से अब तक उन लोगों के जमा लाखों रुपये वापस नहीं किये हैं और न ही पासबुक वापस दे रहा है। पीड़ितों ने स्थानीय पुलिस पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। जेसीपी के निर्देश पर मदेयगंज पुलिस ने सुनील के नाम धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर राजेश सिंह ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

छात्र का खाली किया खाता

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग इलाके में साइबर जालसाजों ने एलआईसी का पैसा देने के नाम पर बीटेक छात्र के खाते से 50 हजार रुपये पार कर दिए। आलमबाग निवासिनी मंजू सचदेवा ने बताया कि बेटा गाजियाबाद में बीटेक कर रहा है। कुछ दिन पहले बेटे के मोबाइल पर फोन आया। कालर ने बेटे से कहा कि आपके पिता ने उसका नंबर दिया है। कहा है कि एलआईसी का पैसा आपसे ले ले। बेटे ने विश्वास कर खाते की जानकारी दी। इसके बाद तीन बार में रकम पार कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस अज्ञात पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

कोर्ट के आदेश पर आलमबाग पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग थाने में सड़क हादसे में जान गंवाने वाले रेलवे कर्मचारी सुनील कुमार के बेटे अर्जुन कुमार की तहरीर पर चार माह बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। अर्जुन का आरोप है कि नगर निगम की कूड़ा गाड़ी की टक्कर से पिता की मौत हुई थी। मवैया निवासी अर्जुन ने बताया कि पिता सुनील कुमार ब्रिज वर्क शाप चारबाग में चतुर्थ श्रेणी रेलवे कर्मचारी थे। बीते वर्ष 21 अक्टूबर को वर्क शाप चारबाग के सामने चाय पीने जाते समय पिता को नगर निगम की कूड़ा गाडी ने टक्कर मार दी थी। उनकी रेलवे इंडोर अस्पताल में मौत हो गई थी। आरोप है कि घटना के बाद नगर निगम की कूड़ा गाड़ी चालक के खिलाफ आलमबाग थाने से लेकर पुलिस आयुक्त तक की शिकायत से शिकायत करने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी। इसके बाद कोर्ट में गुहार लगाई तब जाकर मामला दर्ज हुआ।

सार-संक्षेप

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचार, सरोजनीनगर : प्रदेश संगठन द्वारा चलाये जा रहे नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम सरोजनीनगर दक्षिण-3 मण्डल कार्यालय वीं स्क्वायर में बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजयसभा सांसद बाबू राम निषाद का मण्डल अध्यक्ष विनोद मौर्या द्वारा पुष्प गुछ देकर स्वागत किया गया। प्रदेश संयोजक प्रचार विभाग गिरिजा शंकर गुप्ता का स्वागत नगर मंत्री अमोद ने पुष्प गुछ देकर किया। इस मौके पर अवध क्षेत्र की सह मीडिया प्रभारी रीना उपाध्याय, महिला मोर्चा नगर कार्यालय मंत्री रश्मि सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष सरला सिंह, राधिका परिहार, कोषाध्यक्ष हेमावती सिंह, मण्डल महिला मोर्चा अध्यक्ष माधवी देवी, वार्ड अध्यक्ष जानकी अधिकारी, मण्डल महामंत्री शिवप्रकाश मिश्रा जी, ललित रावत, वार्ड अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह, सरोजनीनगर विधानसभा के संयोजक सोशल मीडिया मोहन भट्ट, समाजसेवक डॉ. अजय सिंह जी, अखिल भारतीय उद्योग व्यपार मण्डल के जिलाध्यक्ष ललित सक्सेना, आईटी के अभिषेक गुप्ता, सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फसलों के नुकसान का तत्काल दिया जाए मुआवजा : नागेंद्र

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि के कारण खेतों में बोई गई गेहूं, आलू, सरसों, तंबाकू एवं दलहन-तिलहन की फसलें नष्ट हो गई है। जिससे किसानों का भारी नुकसान हुआ है और इसको लेकर प्रदेश सरकार द्वारा संबंधित अधिकारियों को किसानों के फसलों के नुकसान का आंकलन कर मुआवजा देने का निर्देश भी दिया था। लेकिन अभी तक किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। जिसको लेकर ज़िला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के जिला सचिव नागेंद्र सिंह चौहान ने पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ मिलकर बुधवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी को सौंपा। इस मौक़े पर संतोष द्विवेदी, ब्रजेश सिंह, अरविंद सिंह आनन्द सिंह, राजा राजकुमार यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

दुबग्गा उपकेन्द्र पर तैनात कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा उपकेन्द्र पर तैनात संविदा कर्मचारी लक्ष्मीकान्त पर द्वारा खराब मीटर बदले न जाने और नये कनेक्शन जारी करने मे हीलाहवाली को लेकर उपखंड अधिकारी दुबग्गा के समक्ष जांचकर कार्रवाई की मांग की। उ.प्र. अपना व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता अजय यादव ने बताया कि दुबग्गा उपकेन्द्र पर प्रवक्ता अजय यादव एवं मो. सलमान की अगुवाई में उपकेंद्र पर प्रदर्शन किया गया। ततपश्चात उपखंड अधिकारी दुबग्गा मुश्ताक अहमद मंसूरी से वार्ता की गई। वार्ता के दौरान प्रवक्ता अजय यादव ने बताया कि संविदा कर्मचारी लक्ष्मीकान्त उपभोक्ताओं से बदसलूकी करता है। वार्ता के दौरान मो. सलमान ने उपखंड अधिकारी को बताया कि शबीना जहरा निवासी यादव बाजार ने 13 जनवरी को खराब मीटर बदलने की शिकायत की, लगभग 2 माह बीत जाने के बाद भी पीडित उपभोक्ता का मीटर बदला नहीं गया है। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से अजय यादव, मो. सलमान, रवि गौतम, निज़ाम गाजी, सैफ खान, लकी पंडित अलीम, उमर खान, जमाल अंसारी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

आर के चौधरी ने अपने कार्यकाल के दौरान हुए कार्य गिनाए

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के नटकुर गांव में सपा द्वारा बुधवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से सपा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आरके चौधरी ने मौजूद लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इस दौरान आरके चौधरी ने मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र में अपने कार्यकाल के दौरान कराए गए विकास कार्य भी गिनाए। उन्होंने कहा कि लोकसभा सीट जीतने पर मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र की तरह इससे जुड़ी सभी विधानसभाओं में बढ़-चढ़कर विकास कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर सपा के वरिष्ठ नेता भरत यादव, चौधरी ज्ञान सिंह, बचान सिंह यादव, सत्येंद्र रावत, बृजभान रावत, सुजीत पासवान, इंद्रेश यादव, सर्वेश रावत, रामचंद्र, वीरू रावत, राजबहादुर, सुनील कुमार, शिवलाल, रामकिशोर, वीरेंद्र, दिनेश, धर्मपाल, सलमान खान व धर्मेंद्र, राजकुमार, राम अवतार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

स्टंट करने वाले दोनों छात्रों को भेजा जेल

अमृत विचार, लखनऊ : जनेश्वर मिश्र पार्क के पास लग्जरी कार से स्टंट करने वाले बीसीए छात्रों को गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि पकड़े गए गोरखपुर के रामगढ़ताल निवासी अदिश और हरदोई के लोनार निवासी आशीष वर्मा हैं। दोनों के पास से एक बीएमडब्ल्यू कार बरामद की है। बताया कि दोनों बीबीड़ी में बीसीए थर्ड इयर के छात्र हैं। बताया कि कार अदिश चला रहा था। वहीं, आशीष गेट से लटक कर स्टंट कर रहा था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग दोस्त के साथ घूमने निकले थे। अदिश करीब 120 की रफ्तार में कार दौड़ा रहा था। जनेश्वर मिश्र पार्क गेट नम्बर-छह के पास अदिश ने तेजी से गाड़ी मोड़ी थी। जिससे गाड़ी असंतुलित होने से आशीष गिरते हुए बचा था। स्टंट कर रहे युवकों का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया में वायरल हुआ था।

दारू पार्टी का विरोध करने पर कार सवारों ने रिवाल्वर की नोक पर युवक को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना इलाके में पार्टी कर रहे नशेड़ियों को टोकना युवक को महंगा पड़ा। आरोपियों ने युवक को लाइसेंसी रिवाल्वर की नोक पर पीट दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद 25 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। थाना अंतर्गत रुचि खंड निवासी विजय वर्मा ने बताया खजाना मार्केट स्थित अपने प्लाट पर रात करीब 9 :30 बजे गया था। जहां दिनेश लोधी निवासी बहादुर खेड़ा 20-25 साथियों के साथ को शराब पार्टी कर रहा था। उसने विरोध किया तो धमकी देने लगे। वह पुलिस से शिकायत करने की बात बोल कर वहां से निकल आया। कुछ दूरी पर ही पहुंचा था कि पीछे से आरोपी कार से पहुंचे और उसे रोक कर रिवाल्वर तान कर धमकी देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जमकर पीट दिया। वह किसी तरह भाग कर उसने जान बचाई। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दो किसानों को बंधक बना बदमाशों ने की लूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इटौंजा इलाके का मामला नौरंगपुर गांव में चोरों ने नकदी व जेवरात किया पार

अमृत विचार: इटौंजा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात तीन बदमाशों ने खेत की रखवाली कर रहे दो किसानों को पीट कर नकदी व मोबाइल लूट लिया। एक किसान को मचान में बांध कर बदमाश फरार हो गये। इसके अलावा इसी रात नौरंगपुर गांव में मां- बेटी को कमरे में बंद कर गहने व नकदी भी पार कर दी। मरपा गांव निवासी किसान संदीप ने बताया कि रात गेहूं की फसल की रखवाली कर रहे थे। तभी तीन बदमाश पहुंचे और उसे पड़कर पीट कर 800 रुपये और मोबाइल लूट लिया। एक बदमाश की संदीप ने भी पिटाई कर दी। चीख-पुकार मचने पर बदमाश भागने लगे। इस दौरान कुछ दूरी पर एक बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। यहीं से कुछ दूर किसान परशुराम भी खेत की रखवाली कर रहे थे। बदमाशों ने उनकी भी पिटाई कर दी। उनकी पत्नी पुष्पा ने बताया कि पति को बदमाशों ने मचान में बांध कर 120 रुपये और टार्च लूट ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि घटना स्थल से एक कारतूस बरामद हुई है। पकड़े गये बदमाश को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया। उधर, नौरंगपुर गांव की विमला ने बताया उनकी बेटी क्रांति और उनको कमरे में बंद कर बदमाशों ने जेवरात पार कर दिया। घटनाओं से इलाके में दहशत है। इंस्पेक्टर इटौंजा मारकंडेय यादव ने बताया कि गिरफ्त में आए आरोपी से पूछताछ कर अन्य की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने चोरी की भैंस व आरोपी को पकड़ा

अमृत विचार, मलिहाबाद : चोरी कर तीन भैंसों को पिकअप से लेकर जा रहे आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बता दें कि 4 मार्च को रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवारा निवासी सुनील कुमार की एक भैंस और भदवरिया खेड़ा निवासी राजेश कुमार की एक भैंस व पड़िया चोरी हो गयी थी। पुलिस ने तीन भैंसों के साथ आरोपी को पकड़ा। तब राजेश व सुनील से तहरीर लेकर कार्यवाई की। दोनों ने रहीमाबाद थाना क्षेत्र के मनिहारखेड़ा निवासी बउआ को आरोपी बनाया है।

दरोगा से गाली-गलौज करने वाले हिस्ट्रीशीटर पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिला जेल से पेशी पर आए हिस्ट्रीशीटर ललित सोनकर द्वारा पुलिस कर्मियों से गाली-गलौज करने व विरोध पर धमकाने का मामला सामने आया है। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। तब हिस्ट्रीशीटर पर वजीरगंज कोतवाली में दरोगा ने मामला दर्ज किया है।

रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात दरोगा रमापति सिंह ने बताया सेशन लॉकअप के पास जिला जेल से पेशी पर आने वाले बंदियों की वैन खड़ी होती है। 2 मार्च की शाम करीब 6 बजे पेशी के बाद वैन जेल के लिए रवाना होनी थी। इसमें हिस्ट्रीशीटर ललित सोनकर भी था। अभिरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को देखते ही ललित सोनकर गाली देने लगा। सिपाहियों के मना करने पर आरोपी ने वैन की जाली से सिर लड़ाया और हंगामा करने लगा। सेशन लॉकअप के पास मौजूद कुछ लोगों ने हंगामा कर रहे बंदी का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। पुलिस कर्मी ललित को इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे जिला जेल में दाखिल किया गया। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि दरोगा रमापति सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

नारी शक्ति वंदन से महिलाओं को मिलेगा नेतृत्व का अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम में हुए शामिल
- लाइव प्रसारण के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभियान का किया समापन

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास होने से महिलाओं को नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा। साथ ही महिलाएं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का मजबूती से निर्वहन कर सकेंगी।

राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे नारी शक्ति वंदन अभियान का प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में समापन किया। भाजपा महानगर की ओर से समापन का सजीव प्रसारण कैंट विधानसभा के मंडल एक में किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। जिसको विस्तृत रूप से बताने के लिए पार्टी ने हर विधानसभा में महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम आयोजित किए। इस अधिनियम के तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को सम्मान दिलाया गया।

सक्रियता | आयुष विभाग की 238 करोड़ की 271 विकास परियोजनाओं का योगी ने किया लोकार्पण

हेल्थ टूरिज्म सेक्टर में असीम संभावनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आयुष चिकित्सा पद्धति किसानों की आमदनी बढ़ाने में होगी सहायक

अमृत विचार : उप्र. में आयुष पद्धति के जरिए हेल्थ टूरिज्म के सेक्टर में सबसे अधिक संभावनाएं हैं। आयुष से जुड़ी सभी पद्धतियों को प्रोफेशनल तरीके से लागू कर दें तो पूरी दुनिया हमारे पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का अनुसरण करेगी। इससे न केवल संपूर्ण आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने में, बल्कि बड़े स्तर पर नौकरी ओर रोजगार के अवसरों के सृजन में भी मदद मिलेगी। इतना ही नहीं आयुष चिकित्सा पद्धति के जरिए अन्नदाताओं की आमदनी को भी कई गुना तक बढ़ाया जा सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित आयुष विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर उन्होंने 238 करोड़ रु. से बस्ती, बलिया, जालौन और रायबरेली में 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 226 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रयागराज और झांसी में छात्राओं के लिए छात्रावासों का निर्माण, पांच ई-लाइब्रेरी, प्रदेश के अलग-अलग 19 होम्योपैथिक एवं 14 आयुर्वेदिक विभागों में हुए निर्माण कार्य सहित 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया।

इस मौके पर आयुष विभाग के राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ''दयालु'', मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जोहरी, विधायक नीरज वोहरा, योगेश शुक्ल, जय देवी कौशल, एमएलसी मोहसिन रजा, लाल जी निर्मल, रामचंद्र प्रधान, आयुष विभाग के डायरेक्टर महेन्द्र वर्मा, शिक्षकगण, डॉक्टर आदि मौजूद रहे।

आयुष निदेशालय बनेगा महानिदेशक होंगे तैनात

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से नई पहल की जा रही है। विभाग जल्द एक निदेशालय के गठन की कार्रवाई को मूर्तरूप देने जा रहा है। इसके तहत आयुष की सभी विधाओं के लिए अबतक अलग अलग निदेशक होते थे, अब इन सब के बीच परस्पर समन्वय बनाने के लिए महानिदेशक भी होंगे।

एक नजर

नैतिक तरीके से शोध करने की आवश्यकता

अमृत विचार, लखनऊ : अनुसंधान को नैतिक रूप से संचालित करना प्रत्येक चिकित्सक, शिक्षाविद और शोधकर्ता का कर्तव्य है। नैतिक तरीके से ही शोध करने पर सभी को जोर देना चाहिए। ये बाते एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने कही। वह कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान में शोध के लिए गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस पर बुधवार को आयोजित हुई कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इसमें शहर के एसजीपीजीआई, केजीएमयू सहित निजी चिकित्सा संस्थानो के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके साथ ही मुंबई और बेंगलुरु से रोश फार्मा के विशेषज्ञ भी शामिल हुए। कार्यशाला में नैतिक तरीके से शोध करने के तरीकों पर चर्चा की गई।

डीजीपी ने पढ़ाया नए कानूनों का पाठ

पुलिस मुख्यालय सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : प्रदेश के आईपीएस अफसरों को बुधवार को तीनों नए आपराधिक कानूनों का पाठ पढ़ाया गया। डीजीपी प्रशांत कुमार ने इस संबंध में पुलिस मुख्यालय सभागार में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि नए कानून देश की न्याय प्रणाली में व्यापक सुधारों की मंशा से लागू किए जा रहे हैं। पुलिस को इसमें अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करना होगा।

▸▸ कहा- देश की न्याय प्रणाली में व्यापक सुधार की मंशा से लागू किए जा रहे नए कानून

भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संबंध में आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अलावा विधिवेत्ताओं एवं विषय विशेषज्ञों ने भी हिस्सा लिया। पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से इस कार्यशाला का आयोजन द्वारा हाइब्रिड मोड (आफलाइन / ऑनलाइन) में किया गया। इसमें आईपीएस अधिकारियों द्वारा आफलाइन एवं प्रदेश के कमिश्नरेट, जिले व इकाइयों में तैनात आईपीएस अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया।

डीजी रूल्स एवं मैनुअल आशीष गुप्ता, डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा व एडीजी ट्रेनिंग सुनील कुमार गुप्ता समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

कार्यशाला में डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रो. कुमार असकंद पांडेय ने विचार साझा किए। दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय के अवकाश प्राप्त डीन प्रो. बीबी पांडेय, लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि विभाग के डॉ. जेपी यादव, डॉ. राजीव कुमार व डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने नियम- कानून संबंधी जानकारी दी।

मांगों को लेकर लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करते कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के सदस्य। अमृत विचार

नगर निगम मुख्यालय में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : देश भर में पुरानी पेंशन बहाली एवं आठवें वेतन आयोग के गठन के लिए इप्सेफ के आवाहन पर बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। दोपहर 12 से 2 बजे तक धरना देकर सत्याग्रह आंदोलन को सफल बनाने के साथ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम में कर्मचारी-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के सभी घटक संगठन के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन (इप्सेक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र एवं महासचिव प्रेम चन्द्र ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग के गठन एवं आउटसोर्सिंग/संविदा कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा न्यूनतम वेतन नीति बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सभी प्रदेशों में सत्याग्रह आन्दोलन किया गया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समय से दी जा रही पेंशन को समाप्त करना न्यायसंगत नहीं है। इससे सरकार पर कोई व्यय भार नहीं बढ़ेगा। उन्होंने कर्मचारियों से एकजुटता बनाये रखने की अपील की।

▸▸ इप्सेक की अपील पर की पुरानी पेंशन लागू करने की मांग

कार्यक्रम में शशि कुमार मिश्र महासचिव, कर्मचारी-शिक्षक संयुक्त मोर्चा, सुरेश रावत अध्यक्ष, अतुल मिश्र महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, गिरीश मिश्र महासचिव रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद सहित कई कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. अमित बने प्रदेश सचिव

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ मॉडल ग्रुप ऑफ कॉलेज के सह-संस्थापक डॉ. अमित सिंह पटेल को मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। डॉ. अमित सिंह पटेल जी को प्रदेश सचिव बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

हज-2024 : महरम श्रेणी में महिलाओं के लिए 500 सीटें आवंटित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हज-2024 के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया ने महरम श्रेणी में महिलाओं के लिए 500 सीटें आवंटित की हैं।

ऐसी महिलाएं जो अपने महरम (पिता, पति, भाई या पुत्र) के साथ पासपोर्ट समय से जारी न हो पाने या किन्हीं अन्य वजहों से आवेदन नहीं कर पाई थीं और उनके महरम का चयन हज 2024 के लिए हो गया है, ऐसी महिलाओं को हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

▸▸ 15 मार्च तक ही कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने तय किया कि आवेदन करने वाली महिलाओं के लिए यह शर्त रखी गई है कि उन्होंने पूर्व में हज कमेटी या किसी प्राइवेट टूर ऑपरेटर के माध्यम से हज न किया हो। आवेदन हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर ऑनलाइन ही किया जा सकेगा। हाथ से लिखा हुआ या फिर टाइप किया हुआ प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन भी 15 मार्च तक ही किया जा सकेगा।

ऐसी आवेदक के पास वैद्य मशीन पठित पासपोर्ट होना चाहिए, जिसका वैधता 31 जनवरी 2025 तक अवश्य हो। आवेदन के साथ ऐसा प्रमाण भी अपलोड करना होगा जिससे महरम होना साबित हो सके। जिस कवर में महिला आवेदन कर रही है उस कवर में पांच से अधिक आवेदन न हों।चयन मेरिट के आधार पर होगा। आवेदन 500 से ज्यादा आ गए तो चयन लाटरी के माध्यम से किया जायेगा।

एप पर शिक्षक-छात्र की उपस्थिति जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में तैनात शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति प्रेरणा डिजिटल रजिस्ट्रर एप पर अनिवार्य है। जो शिक्षक लापरवाही कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बुधवार को ब्लॉक के शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति ऑनलाइन भरी जाये नहीं तो इस स्थिति में नियमों के उल्लंघन के तहत कार्रवाई की जायेगी। बीएसए ने कहा कि प्रेरणा डिजिटल रजिस्टर एप्प के माध्यम से जिन स्कूल के द्वारा शिक्षक की उपस्थिति, छात्रों की उपस्थिति व मध्याह्न भोजन का डाटा देने में लापरवाही हो रही है। उन्हें चेतावनी दी गई है। बीएसए ने कहा कि मध्याह्न भोजन का डाटा भी सही-सही अपडेट करना होगा। यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो हेल्पलाइन नंबर 0522-3538777, 18001800666 व वाट्सएप नंबर 8400000948 पर मैसेज किया जा सकता है।

▸▸ बीएसए ने जारी किया निर्देश लापरवाही पर होगी कार्रवाई

सार-संक्षेप

भजनों की सरिता प्रवाहित करेंगे कोलकाता व दिल्ली के कलाकार

अमृत विचार, लखनऊ : ऐशबाग के तिलक नगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में आगामी 8 व 9 मार्च को श्याम निशानोत्सव का आयोजन किया जायेगा। श्याम ज्योत मंडल द्वारा आयोजित इस आयोजन में कोलकाता के संजय शर्मा, नई दिल्ली के शीतल पाण्डेय, फतेहाबाद की परविंदर पलक, कानपुर से कुमार मुकेश और मास्टर तरंग बाबा भजन संध्या के जरिये श्याम बाबा के सम्मान में भजनों की सरिता का प्रवाह करेंगे। श्याम ज्योत मंडल के अनुपम मित्तल ने बुधवार को आयोजन स्थल पर पत्रकारों को बताया कि इस बार उज्जैन और महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर शिव-पार्वती पर आधारित आयोजन होगा और 9 मार्च को मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति होगी।

गोरखपुर-हटिया एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन

अमृत विचार, लखनऊ : यात्रियों की मांग को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने ट्रेन नम्बर-15028/15027 गोरखपुर-हटिया एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार सम्बलपुर तक किया गया था। इस गाड़ी के हटिया, राउरकेला, झारसुगुडा, रंगाली और सम्बलपुर स्टेशनों के समय में परिवर्तन किया गया है। शेष स्टेशनों पर इस गाड़ी के रुकनें और उनके समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

किशनगंज स्टेशन पर 8 से रुकेंगी अमृतसर स्पेशल ट्रेनें

अमृत विचार, लखनऊ : रेलवे प्रशासन ने ट्रेन नम्बर-04653/04654 न्यू जलपाई गुड़ी-अमृतसर स्पेशल और 15933/15934 न्यू तिनसुकिया-अमृतसर एक्सप्रेस का पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के कटिहार मण्डल के किशनगंज स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का अस्थाई ठहराव अगली सूचना तक प्रदान किया जायेगा।

आज से शुरू होगा चित्रकला की वाश शैली का प्रशिक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : रवीन्द्रालय लॉन में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले के पांचवें दिन सांस्कृतिक पंडाल में बुधवार को आम पाठक और पुस्तक प्रेमियों के बीच अनाथालय के बच्चों व युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। मेले में कल जहां विधानासभाध्यक्ष सतीश महाना पुस्तकों का विमोचन करेंगे, वहीं साहित्य कला संस्कृति की थीम पर आधारित मेले में जलरंग चित्रों की विशिष्ट वाश शैली का चार दिवसीय प्रशिक्षण भी शुरू हो जायेगा।

किसी ने शांति तो किसी ने दिया नक्षत्रों का ज्ञान

अमृत विचार, लखनऊ : केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली में गुरुवार को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ के आठ छात्र सम्मानित किये जाएंगे। इन्हें राष्ट्रपति द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। आठ छात्रों में आनंद कुमार, काजल, अभिनव आनंद पाण्डेय, विनय कुमार मिश्रा, संजय कुमार, धनंजय पाण्डेय, विभा मिश्रा, सोनम उपाध्याय शामिल हैं। आनंद बताते हैं कि ज्योतिष से नक्षत्र ही सामाजिक ज्ञान का बोध होता है। वर्तमान में ये विद्या आवश्यक है। काजल बताती हैं कि बौद्ध दर्शन विषय लोगों के स्वास्थ्य को लेकर कारगर रहेगा। इसमें डिप्रेशन, योग सहित अन्य विद्याएं भी शामिल हैं।

कार्यवाहक प्रधानाचार्य बने मौलाना गजनफर नवाब खां

अमृत विचार, लखनऊ : मौलाना गजनफ़र नवाब खां को मदरसा सुल्तानुल मदारिस का कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। इस मौके पर मदरसे में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि उनके मार्गदर्शन में मदरसा विकास की नई बुलंदियां छुएगा। इस मौके पर मौलाना गजनफर नवाब खां ने शिक्षकों और छात्रों को भरोसा दिलाया कि मदरसे में छात्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता और जरूरत भर स्टाफ बढ़ाने की दिशा में काम करूंगा।

वार्षिक उत्सव पर गीत-भजन प्रस्तुत करते अनूप जलोटा, साथ में अन्य। अमृत विचार

अनूप जलोटा ने दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ : एमिटी विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव में प्रसिद्ध भजन एवं बॉलीवुड गायक अनूप जलोटा ने अपने गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान शामिल अनूप जलोटा ने अपने मित्र पंकज उधास की स्मृति में उनका भावपूर्ण गीत चिट्ठी आई है गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रसिद्ध लोक गायिका पद्म श्री मालिनी अवस्थी की विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम में रैंप वॉक भी कराया गया। एक्सबेरेंस मिस्टर एंड मिस एमिटी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

13 को लगेगी 33 महिला कलाकारों की कृतियों की प्रदर्शनी

अमृत विचार, लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अलीगंज स्थित ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय केन्द्र में सात से 13 मार्च तक महिला कलाकारों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी का आयोजन करेगी। 7 मार्च को शाम 4 बजे से यह प्रदर्शनी शुरू होगी। संस्कृति विभाग और ललित कला अकादमी क्षेत्रीय केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में इस प्रदर्शनी के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। इस आयोजन का उद्घाटन भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, संगीत नाटक अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय और उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी की महानिदेशक कल्पना अवस्थी करेंगी। इस प्रदर्शनी में 33 महिला कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी।

मदरसा बोर्ड मूल्यांकन में बढ़ेगा पारिश्रमिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड की बैठक में मूल्यांकन को लेकर कॉपियां जांचने के लिए पारिश्रमिक बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। बोर्ड परीक्षा के आने वाले परिणामों पर भी ऑनलाइन चर्चा होगी।

बोर्ड चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद का कहना है कि गुरुवार को ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बोर्ड सदस्य भी शामिल होंगे। बताते हैं कि बैठक में इस बात पर चर्चा की जाएगी कि जो पारिश्रमिक यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के जांचने वालों को मिल रहा है। वो ही पारिश्रमिक कॉपी जांचने वालों को मिले। कहते हैं कि मदरसों में नया शैक्षिक सत्र आगामी 15 अप्रैल से शुरू होने का अनुमान है। वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम ईद के बाद घोषित किए जाएंगे।

▸▸ यूपी मदरसा बोर्ड अध्यक्ष कर रहे हैं ऑनलाइन बैठक

▸▸ अध्यक्ष बोले- बैठक के माध्यम से हो सकता है बदलाव

16 हजार से अधिक हैं मान्यता प्राप्त मदरसे

मदरसा बोर्ड से करीब 16,460 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। इन मदरसों में मुंशी-मौलवी,आलिम, कामिल और फाजिल की पढ़ाई होती है। होती रही है।

अभी तक ये व्यवस्था रही है प्रभावी

परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक को 90 रुपये प्रतिपाली मिलते रहे हैं। कक्ष निरीक्षक को 65 रुपये मिलता है। लिपिक को इस व्यवस्था में 17 रुपये मिलते रहे हैं। चपरासी को 12 रुपये मिलता है।

लखनऊ स्टेशन पर चला संरक्षा जागरूकता अभियान

लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल ने सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के लिए के वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया के निर्देशन में लखनऊ-बाराबंकी खंड और लखनऊ स्टेशन पर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सुरक्षा सलाहकारों की ओर से समपार रेल उपयोगकर्ताओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सुरक्षा के बारें मे बताया गया।

U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.
TENDER NOTICE
On behalf of Managing Director, U P Rajkiya Nirman Nigam Ltd General Manager (Varanasi Zone) invites, online percentage rate bids in two bid system for NIT No-4996/GM(VNS ZONE) TENDER/RNNN/24/ Dated 23-02-2024 e-tender Construction of of Balance Work of 100 Bedded Hospital Bhadohi (Package -05) upto 2:00 PM on Dated 12-03-2024, all other details on website: www.etender up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
CONSTRUCTION DIVISION-II, U.P. JAL NIGAM(U), KANPUR
Fax-0512-2215831 Email: pmbarrageknp@yahoo.com
पत्रांक: 336/M-10/28 दिनांक: 05/03/2024
E-TENDER NOTICE
On behalf of the Chairman, U.P. JalNigam (Urban) invites E-bids for execution of: **"Laying, jointing, testing & commissioning and other appurtenant from Laxmi market to Bajpai Traders Gappu Chappu Chauraha at ZPS CW-04 Chedi singh ka purwa Under JNNURM Phase II of Kanpur City"** are invited in two bid system on percentage rate basis form eligible, reputed and experienced bidder. E-bid documents will be available for download from 06.03.2024 by 15:00 Hrs. E-bids can be submitted till 18.03.2024 up to 15:00 Hrs. and technical bid shall be opened on 18.03.2024 at 15:30 Hrs. in the office of Executive Engineer, Construction Division-II, U.P. Jal Nigam (Urban), Kanpur in presence of contractor or their authorized representative, every E-tender Cost is Rs 3000 + GST @ 18% for tender. Details are available on U.P. Govt. e-procurement portal http://etender.up.nic.in & U.P.J.N website www.jn.upsdc.gov.in.
Executive Engineer

51 महिलाओं को मिला नारीश्री सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : सरल केयर फाउंडेशन और यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में महिलाओं के अधिकार, स्वास्थ्य और लैंगिक भेदभाव के सन्दर्भ में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली 51 महिलाओं को नारीश्री सम्मान से अलंकृत किया गया।

लखनऊ दुग्ध संघ की अध्यक्ष शिखा तोमर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। वक्ताओं में लोकभारती से मोनिका भोनवाल, पूर्व अपर महाधिवक्ता सुनीति सचान, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता चन्द्रा, शिक्षाविद ललिता प्रदीप, यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन (लखनऊ मंडल) के अध्यक्ष शिव शरण सिंह, हसीब सिद्दीकी, सरल केयर फाउंडेशन की अध्यक्ष रीता सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। रीता सिंह ने कहा कि सरल केयर फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिये काम करती है। इन क्षेत्रों में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उनका उत्साह बढ़ाने और महिला मुद्दों पर जागरूकता के लिये यह सेमिनार और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में बाल उत्सव कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार

बाल उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में बुधवार को सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था सेवा संकल्प ने बाल उत्सव का आयोजन किया। कलर्स ऑफ इंडिया शीर्षक से हुए इस बाल उत्सव में नैनीताल के रामगढ़ ब्लॉक और प्रयागराज के मांडा ब्लॉक से आये बच्चों ने मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

प्रयागराज के मांडा ब्लॉक की शिशु वाटिका की गरिमा ने राम आएंगे। बुद्धेश्वर केन्द्र की श्रद्धा गौतम, अंशिका, अफसाना, तमन्ना, आरती, आलोक और आकाश ने हर-हर शम्भू गीता पर दर्शनीय नृत्य प्रस्तुत किया। सेवा संकल्प द्वारा लखनऊ के सआदतगंज केन्द्र के बच्चों श्रद्धा, पलक, अंशिका, अफसाना, प्रियांशी, तमन्ना, आरती, आलोक और आकाश ने भगवान कहां है गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया।

सेवा संकल्प के इस आयोजन में नैनीताल से आये बच्चों कार्तिक, नयाल, गौरव बिष्ट, सूजल, प्रियांशु, संयम, लाखन और अजय ने गणेश वंदना से कार्यक्रम शुरू किया।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सरजीत सिंह डंग आज यहां मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। बच्चों के कार्यक्रम से गदगद सरजीत सिंह डंग ने बच्चों से कहा कि सभी कुदरत के बंदे हैं। सभी को इस समाज में आपस में मिलजुलकर रहना चाहिए और आपस में प्यार बांटना चाहिए। सेवा संकल्प की ओर से सरजीत सिंह डंग और उत्तराखंड महापरिषद के अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत का सम्मान किया गया। सम्मान के रूप में उन्हें स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम और पौधा देकर सम्मानित किया गया।

▸▸ नैनीताल और प्रयागराज से आए बच्चों ने प्रस्तुत किए मनभावन कार्यक्रम

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

सूडा मुख्यालय में होगा महिलाओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की महिला लाभार्थियों को सम्मानित करने के साथ ही बेहतर कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा।

इस आयोजन के संबंध में विभाग की मंशा देश व प्रदेश में नारी सशक्तिकरण व उनकी आत्मनिर्भरता के स्तर को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कई योजनाओं का क्रियान्वयन करना है।

इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है। एक ओर जहां डे-एनयूएलएम के माध्यम से महिला की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए व्यक्तिगत ऋण वितरण से लेकर स्वयं सहायता समूहों को संगठित कर महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर आत्मनिर्भर महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में अहम योगदान दे रही हैं।

▸▸ योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में होगा सुधार

85 बच्चों ने उकेरे महिला सशक्तिकरण पर खूबसूरत चित्र

अमृत विचार, लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सुरभि कल्चरल ग्रुप की ओर से 10 दिवसीय शक्ति द पॉवर ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 85 बच्चों ने महिला सशक्तिकरण पर खूबसूरत चित्र उकेरे। इस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में कनक गोंड और सीनियर वर्ग में बुशरा को प्रथम पुरस्कार मिला। पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में जन्नत शेख को द्वितीय, गुनगुन कृष्णा मिश्रा को तृतीय और ईशानी श्रीवास्तव व अर्शजोत सिंह को सांत्वना पुरस्कार मिले। सीनियर वर्ग में मन्नत अशरफ शेख को द्वितीय, युवराज शाह और शाहीन को तृतीय, कृतिका सिंह व अम्बिका वर्मा को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अदालती नोटिस
इत्तिलानामा बनाम रेस्पांडेन्ट मुशहर इत्तिला तारीख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाय
(आर्डर 41 कायदा 14)
बअदालत न्यायालय श्रीमान् विशेष न्यायाधीश, पी0सी0 एक्ट-04, लखनऊ
अपील बनारजी आर0सी0ए0 वाद सं0- 91/2022 - पेशी-27.03.2024
1-मंगलू उर्फ सूय प्रकाश आयु लगभग 38 वर्ष
2-गिरधारी आयु लगभग 36 वर्ष
दोनों पुत्रगण स्व0 कन्हई निवासीगण-ग्राम व पोस्ट जमखनवाँ, पर0 महोना, तह0 बक्शी का तालाब, जिला लखनऊ
3-राहुल निगम आयु लगभग 54 वर्ष पुत्र कुंवर जी निगम निवासी-निहारिका, राजेन्द्र नगर, जिला लखनऊ -अपीलान्ट
बनाम्
श्रीमती रूपरानी
सेवा में रूपरानी आयु लगभग 64 वर्ष पत्नी स्व0 कल्लू निवासी- कमलाबाद, बढ़ौली, पर0 महोना, तह0 बक्शी का तालाब, जिला-लखनऊ -रेस्पोडेन्ट
मुजरिखा 11 माह नवम्बर सन् 2022 ई0 बामुकदमा नं0 नियमित वाद सं0 3700181 सन 2014 ई0 मंगलू उर्फ सूय प्रकाश आदि बनाम श्रीमती रूपरानी आदि। -रेस्पोडेन्ट
मुत्तिला हो कि अपील बनारजी डिगरी मुकदमा मुन्दरजा वाला में अपीलार्थी गण ने वाद प्रार्थना पत्र रेगुलर सिविल अपील अंतर्गत धारा-96 सी0पी0सी0 पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने तारीख 27.03.2024 वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर आप खुद या आपका वकील या कोई और शख्स जो कानून आपको तरफ से अपील हाजा में जवाब व सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आवेगा तो उसकी समाअत और तजबीज गैर हाजिरी में की जायेगी। आज तारीख 22 माह 02 सन 2024 ई0 मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से जारी किया गया।
दस्तखत हाकिम-मोहर अदालत

कार्यालय ग्राम पंचायत मनोहरगंज विकास खण्ड-जगतपुर, रायबरेली
पत्रांक: 02/ग्रा0पं0/2023-24 **टेण्डर नोटिस** दिनांक: 07.03.2024
राज्यवित्त/चौदहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना में स्वीकृत निम्नांकित कार्य सम्पादित कराने हेतु निम्नांकित सामग्री आपूर्ति करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 13.03.2024 को सांय 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे तथा उसी दिन सांय 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा टेण्डरदाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे। किसी भी टेण्डर को बिना कारण बतायें निरस्त करनें का अधोहस्ताक्षरी को अधिकार होगा। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/टेण्डरदाता को टेण्डर डालने हेतु धरोहर धनराशि नकद/चेक के रूप में ग्राम पंचायत में जमा करनी होगी जिसकी रसीद टेण्डर के साथ जमा करनी होगी। टेण्डर फार्म नोटिस निर्गत होने की तिथि से टेण्डर प्राप्त करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से 100/-रू0 नकद जमा कर अपरान्ह 2:00 बजे से 4:00 बजे के मध्य प्राप्त किये जा सकेंगे।

क्र0 सं0	सामग्री का विवरण	मात्रा	आपूर्ति हेतु अवधि	धरोहर धनराशि	आपूर्ति स्थल/ कार्य का नाम
1	80MM जिग जैग ईट	14000 436 वर्ग मी0	07 दिन	–	नन्द लाल के घर से फूलचन्द के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण
2	M 150 प्रथम श्रेणी	20000	07 दिन	–	उपरोक्त

प्रतिबंध/निर्देश- 1. सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी अर्थात कोटेशन में कोट की गयी दर एफ0ओ0आर0 होगी अर्थात लदायी उतराई, चट्टा लगवाई एवं भाडा आदि चार्ज उसमें सम्मिलित होंगे। 2. बिल का भुगतान नियमानुसार आयकर की कटौती करके किया जायेगा। 3. सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी को कार्यस्थल पर प्राप्त करानी होगी।
सरला मौर्या- ग्राम प्रधान
अनूप कुमार यादव- ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा0पं0 मनोहरगंज, जगतपुर, रायबरेली

जलकल विभाग, नगर निगम, जोन-4, गोमती नगर, लखनऊ।
प0सं0- 474/निविदा/ई0-4/2023-24 दिनांक- 06/03/2024
अल्पकालीन निविदा सूचना
एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग नगर निगम में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाएं दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष इस कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश (नान रिफन्डेबल) कैश काउण्टर जोन-4 में जमा करके दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 2.00 तक प्राप्त किये जा सकेंगे। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खुलने की तिथि को अपरिहार्य कारण से अवकाश होने पर निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर प्राप्त व खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है। निविदा के साथ धरोहर राशि एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/बैंक गारंटी जो अधिशासी अभियन्ता, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के नाम बंधक को जमा करना अनिवार्य है। बिना धरोहर राशि की निविदा मान्य नहीं होगी। शेष नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

क्र0सं0	कार्य विवरण	निविदा मूल्य	धरोहर राशि
1	गोमती नगर जोन

एक नजर

झूठे मामले में फंसाने की दी धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई थाना अंतर्गत पाठक पुरम निवासी पूर्व सैनिक रमेश कुमार सिंह ने पड़ोसी को तेज आवाज में गाना बजाने से मना किया तो उसने झूठे मुकदमें फंसाने की धमकी दे दी। उन्होंने बताया कि बेटे की परीक्षा चल रही है। पड़ोस से बहुत तेज आवाजें आ रहीं थी। आरोप है कि आवाज धीमें करने के लिए कहा तो गाली गलौज करने लगा। स्थानीय थाने में मामले की तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

युवती का फेसबुक अकाउंट हैक कर की अश्लील पोस्ट

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र निवासी युवती का फेसबुक अकाउंट हैक कर अश्लील पोस्ट शेयर करने का मामला सामने आया है। इलाके में रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कुछ दिन पहले उसके परिचित का फोन आया। उसने बताया कि उसके फेसबुक अकाउंट पर अश्लील पोस्ट पड़ी है। तब उसे अकाउंट हैक होने की जानकारी हुई। बताया कि उसके अकाउंट से परिजन, रिश्तेदार व कई मित्र जुड़े हैं। इससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को आघात लगा है। पीड़िता ने आरोपी की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने वाला गिरफ्तार

मलिहाबाद, लखनऊ : माल पुलिस ने किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्र निवासी महिला ने शुक्रवार तहरीर दी थी। बताया था कि 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को मलिहाबाद थाना क्षेत्र के टिठईपारा निवासी अनिल कुमार ले गया है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही थी। बुधवार मुखबिर की सूचना पर आरोपी अनिल कुमार को दबोच लिया गया।

फर्जी हलाल सर्टिफिकेट जारी करने का मामला

कोर्ट ने मौलाना हबीब समेत चार को जमानत देने से किया इंकार

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मजहब विशेष के ग्राहकों को मजहब के नाम से फर्जी हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के आरोपी मौलाना हबीब यूसुफ पटेल, मोहम्मद ताहिर जाकिर चौहान, मोहम्मद अनवर मोहम्मद अली खान एवं मुदस्सिर मोहम्मद इकबाल सपाडिया की अलग-अलग जमानत अर्जियों को सीबीआई की विशेष न्यायाधीश मीना श्रीवास्तव ने खारिज कर दिया है।

जमानत अर्जी का विरोध करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी ने अदालत को बताया कि सभी आरोपी संगठन के क्रमशः अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि गत 17 नवंबर 2023 को हजरतगंज कोतवाली के प्रभारी शैलेंद्र कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने कहा कि कुछ कंपनियां जैसे हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली, हलाल काउंसिल आफ इंडिया मुंबई, जमीयत उलेमा महाराष्ट्र मुंबई आदि ने मजहब विशेष के ग्राहकों को मजहब के नाम से कुछ उत्पादों पर हलाल प्रमाण पत्र प्रदान कर उनकी बिक्री बढ़ाने के लिए आर्थिक लाभ लेकर छल करते हुए विभिन्न उत्पादकों के लिए हलाल प्रमाण पत्र निर्गत किया है। जमानत के विरोध में बताया गया कि बिना किसी अधिकार के कूटरचित दस्तावेज के द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र के माध्यम से इन कंपनियों द्वारा अनुचित लाभ लिया जा रहा है तथा जन आस्था के साथ खिलवाड़ भी किया जा रहा है। बहस के दौरान अदालत को बताया गया कि सभी आरोपियों को मुम्बई से गिरफ्तार कर गत 13 फरवरी को अदालत के समक्ष पेश किया गया था। बहस के दौरान डीजीसी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी प्रति सर्टिफिकेट दस हजार रुपए फीस लेते थे तथा एक हजार रुपए प्रति प्रोडक्ट फीस अलग से ली जाती थी। यह भी बताया गया कि आरोपियों ने वर्ष 2016 में हलाल नामक संस्था प्रारंभ की थी तब से कथित प्रमाण पत्र जारी कर अनैतिक रूप से आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा रहा है। उनके इस कृत्य का भार जनता को वहन करना पड़ रहा है। अदालत कोई यह भी बताया गया कि आरोपियों ने कंपनियां के उत्पादन के लिए फर्जी कूट रचित प्रमाण पत्र जारी कर जन आस्था के साथ खिलवाड़ किया है।

नाबालिग बेटी के साथ दुराचार के आरोपी पिता को 20 साल की सजा

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अपनी नाबालिग बेटी को डरा धमका कर लगातार उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी पिता गफ्फार खान को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार उपाध्याय ने बीस वर्ष के कठोर कारावास एवं 21 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत में विशेष अधिवक्ता सुखेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी पिता के विरुद्ध उसकी पत्नी द्वारा 2 सितंबर 2018 को थाना ठाकुरगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसमें उसने आरोप लगाया है कि उसका पति गफ्फार खान उसकी नाबालिग बेटी से दो वर्षों से जबरन दुराचार कर रहा है। रिपोर्ट में स्पष्ट आरोप लगाया है कि वह अपनी जिंदगी से तंग आ गई है तथा वह जब भी बेटी के साथ दुराचार करने का विरोध करती है तो उसका पति उसे मारता पीटता है। पुलिस में की गई शिकायत में पीड़िता की मां ने यह भी आरोप लगाया कि उसके द्वारा विरोध करने पर आरोपी गफ्फार खान चाकू लेकर जान से मारने के लिए आमादा हो जाता है तथा कहता है कि अगर कोई कार्रवाई की गई तो सबको जान से मार देगा। कहा गया कि बच्चों की जान खतरे में है। वादिनी ने बच्चों के साथ थाने पर जाकर आरोपी पति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

छह साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को उम्र कैद

विधि संवाददाता, लखनऊ : छह साल की बच्ची को अकेला पाकर दुष्कर्म करने की आरोपी थाना माल के गणेशपुर गांव के रहने वाले बावन कुमार उर्फ़ अनिल कुमार को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार उपाध्याय ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ तीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। विशेष अधिवक्ता सुखेंद्र प्रताप सिंह ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट पीड़ित बच्ची के पिता द्वारा 9 जुलाई 2017 को थाना माल में दर्ज कराई थी जिसमें कहा गया है कि वादी की पत्नी गोद में बच्चे व छह साल की पुत्री को लेकर लगभग 11 बजे दिन में खजहा पुरवा के पास अपनी आम की फसल की रखवाली करने गई थी। अदालत को बताया गया कि रखवाली के दौरान प्यास लगने पर वादी की पत्नी पानी लेने के लिए दोनों बच्चों को बाग में छोड़कर चली गई। इसी बीच आरोपी ने मौका पाकर गंदी नियत से बच्ची के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। अदालत को बताया गया कि जब वादी की पत्नी वापस लौटी तो देखा की बच्ची खून से लटपथ थी तथा उसने पूछने पर बावन कुमार गौतम का नाम बताया। कहा गया है कि बच्ची की मां ने बावन के घर जाकर उसे पकड़ लाई तथा 100 नंबर डायल करके पुलिस को बुलाकर आरोपी को उसे सौंप दिया।

पांच माह के बेटे की हत्या करने वाली मां को उम्र कैद, गला काटकर की थी हत्या

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पांच माह के बेटे की गला काटकर हत्या करने की आरोपी मां रानी को अपर सत्र न्यायाधीश राहुल प्रकाश ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ 25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा भी सुनाई है। अभियोजन के अनुसार इस घटना की रिपोर्ट आरोपी रानी के पति राजकुमार ने 23 अक्टूबर 2008 को ठाकुरगंज थाने पर दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में पति ने कहा कि 30 अक्टूबर 2008 की सुबह नौ बजे उसकी पत्नी ने पांच माह के बेटे देवेंद्र की गला काटकर हत्या कर दी है तथा स्वयं की भी नस काट ली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बच्चे की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा रानी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। वादी ने अदालत के समक्ष दिए गए अपने बयानों में कहा था कि वह जब बुलाकी अड्डे पर था और टेंपो चला रहा था उसी दौरान घटना की जानकारी उसे हुई। रानी के पति राजकुमार ने अदालत को बताया कि उसकी पत्नी मानसिक रूप से विक्षिप्त थी जिसके कारण उसने बेटे देवेंद्र की हत्या कर दी तथा स्वयं भी नस काट ली। अदालत ने आरोपी रानी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित करते हुए अपने निर्णय में कहा है कि पत्रावली पर ऐसा कोई साक्ष्य मौजूद नहीं है जिससे यह पता चल सके कि रानी घटना के समय मानसिक विक्षिप्त थी जिसका लाभ उसे प्राप्त हो सके।

कृपा शंकर सिंह को कोर्ट ने भेजा सात दिन की पुलिस रिमांड पर

विधि संवाददाता, लखनऊ

- प्रतिबंधित माओवादी संगठन का सदस्य होने का है आरोप

अमृत विचार : सरकार के विरुद्ध युद्ध लड़ रहे प्रतिबंधित माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य जनपद कुशीनगर के कुड़वा गांव के रहने वाले कृपा शंकर सिंह को एटीएस के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिए जाने का आदेश दिया है। पुलिस कस्टडी रिमांड अवधि 6 मार्च को शाम छह बजे से 12 मार्च को शाम छह बजे तक प्रभावी होगी।

एटीएस की ओर से पुलिस कस्टडी रिमांड अर्जी पर बताया गया कि आरोपी द्वारा गोपनीय बैठक की गई थी तथा ग्रामीणों को संगठन एवं नीतियों से अवगत कराया गया था।

कहा गया है कि आरोपी के पास से बरामद लैपटॉप के डाटा से पता चलता है कि आरोपी पहले से ही भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध लड़ रहा है तथा प्रतिबंधित संगठन का सक्रिय सदस्य रहा है। अदालत को बताया गया कि आरोपी संगठन के शीर्ष सदस्यों की निर्देश पर काम करता है तथा संगठन के खूंखार वांछित अपराधियों को शरण देना, उन्हें सलाह देना तथा पत्र तैयार करने के अलावा संगठन के कामों में सहयोग देना एवं संगठन की गतिविधियों को आगे ले जाना है। आरोपी को एटीएस द्वारा 5 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस रिमांड अर्जी मे विवेचक ने कहा है कि आरोपी को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर उसे मीटिंग करने वाले स्थानों पर ले जाना है तथा उन मीटिंग में भाग लेने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करना है। कहा गया है कि यह भी पता करना है कि आरोपी ने कमांडरों को कहां-कहां पर छुपा कर रखा है इसके अलावा बैंक खातों की भी जानकारी प्राप्त करना है। अदालत ने मामले को देश की सुरक्षा एवं संप्रभुता से जुड़ा होने का पाते हुए आरोपी को सात दिन की पुलिस डिमांड पर दिए जाने का आदेश दिया है।

बटाईदार भी क्रय केंद्रों पर बेचेंगे गेहूं

अमृत विचार, लखनऊ : सरकारी क्रय केंद्रों पर बटाईदार भी पंजीयन कराकर गेहूं बेच सकेंगे। इस बार बटाईदारों को लाभान्वित करने के लिए उनके पंजयीन कराने पर जोर है। रबी विपणन 2024-25 गेहूं खरीद के लिए जिलों पर 1 मार्च से केंद्र खुल गए हैं। जहां बटाईदार भी गेहूं बेचेंगे। पिछले वर्ष यह व्यवस्था लागू हुई थी। इस बार बटाईदारों को लाभान्वित करने पर जोर दिया गया है। विभाग ने बटाईदारों को जागरूक कर उनके पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। जो संबंधित दस्तावेज के आधार पर पंजीयन कराएंगे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 2004/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2023-24/ दिनांक 02/03/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र0 सं0	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती रेखा पत्नी विजय कुमार	श्री अमर सिंह पुत्र कल्लू यादव	सिकन्दरपुरा-2	04	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

सार-संक्षेप

खुर्रम नगर इकाई के गठन के बाद अध्यक्ष के साथ संयुक्त व्यापार मंडल के मुखिया।

अमर बने संयुक्त व्यापार मंडल की खुर्रम नगर इकाई के अध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने बुधवार को खुर्रम नगर इकाई का गठन किया। मंडल कार्यालय में हुई बैठक में अमर प्रताप सिंह को खुर्रम नगर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में हरिकृष्ण तिवारी, अरुण त्रिपाठी, नीरज सिंह बिष्ट, मोहम्मद यासिर, जितेंद्र सिंह, अभय चंद्र, सूरज, सुधीर श्रीवास्तव, रौनक सिंह, अनूप यादव, आकाश पाठक, शिवकुमार, मो. भौमिक, विपिन शर्मा आदि बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। इस इकाई के गठन अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने कहा कि संगठन में व्यापारी समूह का स्वागत है। अब इन्हें संगठन में जुटकर काम करना होगा। संगठन का बिस्तार और व्यापारी हित के काम ही उन्हें आगे बढ़ाएंगे। व्यापारी दुकान-दुकान जाकर व्यापारियों की समस्याएं सुनें और उनका निस्तारण करने में जुट जाएं। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव निलेश सिंह, विधि सलाहकार अश्वनी कुमार पांडे, आफाक सिद्दीकी की भी मौजूदगी रही।

बेटे के जन्मदिन के एक दिन पहले मां ने दी जान

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव इलाके में बेटे के जन्मदिन से एक दिन पहले मां ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन आत्महत्या का कारण पता होने से इनकार कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना अंतर्गत फैजुल्लागंज निवासी बृजेश मौर्य जल निगम में आउटसोर्सिंग पर पंप ऑपरेटर हैं। सात वर्ष पहले उसकी शादी प्रिया मौर्य (28) से हुई थी। बृजेश ने बताया मंगलवार रात खाना खाने के बाद वह ड्यूटी पर चला गया। बुधवार सुबह घर पहुंचा तो बेटा आयुष (5) कमरे में सो रहा था। पत्नी कमरे में नहीं थी। उसे खोजते हुये किचन में पहुंचा तो पंखे के कुंडे से दुपट्टे के फंदे से शव लटका मिला। चाचा आशीष ने आरोप से इनकार किया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। बाबा राजेन्द्र मौर्य ने बताया पोते आयुष का जन्मदिन 6 मार्च को था। सभी जन्मदिन की तैयारी कर रहे थे। कुछ समझ में नहीं आ रहा कि ऐसा क्या हो गया कि बहू ने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

इंदौर से तौकीर का शव लेकर आज गांव पहुंचेंगे परिजन

अमृत विचार, निगोहां : मदारीखेड़ा निवासी युवक का इंदौर से शव लेकर गुरुवार को परिजन गांव पहुंचेंगे। युवक की प्रेम प्रसंग व ब्लैकमेलिंग में वहां बुलाकर हत्या की गयी थी। मंगलवार को युवक की हत्या की जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। युवक के घर पर परिजन को ढांढस बंधाने लोग पहुंचे।मदारीखेड़ा निवासी कारपेंटर तौकीर का खून से लथपथ शव सोमवार को इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं अंश यादव नाम के युवक और तीन किशोरों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग और ब्लैकमेल के मामले को लेकर युवक कि हत्या की गई थी। इधर, स्थानीय पुलिस ने सूचना मिलने पर मंगलवार शाम परिजन शव लेने इंदौर रवाना हुए थे। हत्या की सूचना पर मृतक के घर पर ग्रामीणों और रिश्तेदारों की बुधवार को भीड़ जुटी रही। लोग परिजन को ढांढस बंधाते रहे। परिजनों ने बताया कि लेकर इंदौर से निकल चुके हैं, बृहस्तिवार की सुबह तक गांव पहुंचेंगे। जहां अंतिम संस्कार किया जायेगा।

सर्वेक्षण व नियोजन की समस्याओं पर हुई चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रेटर शारदा सहायक समादेश में सर्वेक्षण एवं नियोजन से संबंधित इंपैन्ल्ड संस्थाओं की बैठक बुधवार को हुई। इसमें सर्वेक्षण व नियोजन की समस्याओं के बारे में चर्चा कर निस्तारण के उपाय सुझाए गए। बैठक में जिन समस्याओं को उठाया गया। इनमें कुलाबों का कमाण्ड ऐरिया एवं 31 आई0वी0 में अन्तर, कुलाबों का चिन्हीकरण / स्थापन और सही एफएसएल न होना, एफएसएल पर पानी का न चलना एवं टेल तक पानी का न पहुँचना, सजरा मानचित्र पर कुलाबो की सीमा का उचित एवं सही सीमांकन और चकबन्दी के कारण सर्वे के दौरान मिलान न होना। इसके अलावा मानचित्रों का सही स्कैन न होने के कारण सेटेलाइट इमेज पर गुणवत्तापूर्ण जियो रेफरेंसिंग न होना। इन समस्याओं के निस्तारण के लिए स्टॉकहोल्डर के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

पुनर्वास विश्वविद्यालय में चार्ज की रार बरकरार

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में चार्ज की रार बरकरार है। राज्यपाल द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति को 5 वर्ष के लिए नामित किए जाने के बावजूद कागजी दांव पेंच के कारण चार्ज नहीं मिल सकने की बात सामने आई है। ऐसे में तमाम सी विसंगतियां भी प्रशासकीय कार्यों में देखने को मिल रही हैं। आपको बता दें 22 फरवरी को कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हिमांशु शेखर झा को कार्यवाहक कुलपति का पदभार ग्रहण कराया गया था। नियुक्त से ठीक 7 दिन के बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति संजय सिंह की नियुक्ति की गई।

मृतका के परिजन को दे दिया दूसरे का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उन्नाव की संध्या प्रजापति का शव दे दिया सीतापुर की संध्या त्रिवेदी के भाई को
- परिवारीजन शव लेकर पहुंचे गुलाला घाट, कर दिया अंतिम संस्कार

अमृत विचार: पोस्टमार्टम हाउस कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आयी है। इसके कारण उन्नाव के मियागंज निवासी विपिन प्रजापति अपनी पत्नी संध्या प्रजापति के शव का अंतिम संस्कार नहीं कर सके। बुधवार को कर्मचारियों ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद संध्या प्रजापति का शव सीतापुर में रहने वाली संध्या त्रिवेदी के भाई के सुपुर्द कर दिया था। जिसे संध्या त्रिवेदी के भाई सुमित और परिवार के लोग भी बिना शव देखे जल्दबाजी में लेकर उसे गुलाला घाट चले गए। वहां पर उन्होंने विद्युत शव दाह गृह में संध्या प्रजापति का अंतिम संस्कार कर दिया। दोपहर बाद जब विपिन प्रजापति अपनी पत्नी का शव लेने पहुंचे तो उन्हें संध्या त्रिवेदी का शव दिया गया। विपिन ने शव देखा तो वह भड़क गए। तब कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई।

मामला सामने आने के बाद पोस्टमार्टम हाउस में गहमा-गहमी मच गई। विपिन और उनके परिवारीजन शव की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। बवाल की सूचना पर एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय पहुंचे। संध्या प्रजापति के परिवारीजन को मामले में कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। एडीसीपी पश्चिम ने बताया जांच में पता चला कि शव पोस्टमार्टम कर्मचारियों और संध्या त्रिवेदी के भाई सुमित की लापरवाही से बदल गया था। सुमित जल्दबाजी में शव लेकर चले गए। उन्होंने शव की पहचान नहीं की।

संध्या त्रिवेदी के शव का डॉक्टरों के पैनल ने बुधवार को पोस्टमार्टम किया गया था। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद जब शव की सुपुर्दगी नामा के लिए पुकार की गई तो संध्या त्रिवेदी के भाई सुमित पहुंचे। वह संध्या प्रजापति का शव लेकर चले गए थे।

यह है मामला

विपिन की पत्नी संध्या प्रजापति ने मंगलवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। ट्रामा में संध्या प्रजापति की देर रात मौत हो गई थी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। उधर, संध्या त्रिवेदी मूल रूप से सीतापुर रामपुर कला की रहने वाली थीं। मड़ियांव की त्रिलोक विहार कालोनी में वह रहती थीं। संध्या त्रिवेदी ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खाया था। उनकी मंगलवार को मौत हो गई थी।

अवैध मार्फीन रखने के आरोपी को 10 साल का कारावास

विधि संवाददाता, लखनऊ : नाजायज मॉर्फिन की तस्करी करने के आरोपी मीना मार्केट सर्वोदय नगर लखनऊ के रहने वाले राजा भारती को विशेष न्यायाधीश सुरेश चन्द्र ने दस वर्ष के कठोर कारावास एवं एक लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष अधिवक्ता जेपी सिंह ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट उप निरीक्षक सतीश कुमार यादव द्वारा गाजीपुर थाने पर दर्ज कराई गई थी जिसमें उन्होंने कहा कि 25 सितंबर 2018 को वह आम्रपाली चौराहे पर मौजूद थे तभी मारपीट की घटना की वादिनी मीना सिद्दीकी ने आकर बताया कि आरोपी राजा भारती ने धमकी भेजा है कि एक लाख रुपया लेकर कल्याण अपार्टमेंट के पीछे लवकुश नगर बंधे पर आ जाओ। इस सूचना के बाद जब उप निरीक्षक सतीश कुमार यादव पुलिस बल के साथ बंधे की तरफ गए तथा जैसे ही कल्याण अपार्टमेंट के पीछे गए तो देखा कि दो लड़के मोटरसाइकिल स्टार्ट कर भगाना चाह रहे हैं जिन्हें मौके पर पकड़ लिया गया। पकड़े गए लड़के के पास से 325 ग्राम नाजायज मॉर्फिन बारामद हुई तथा उसने अपना नाम राजा भारती बताते हुए कहा कि वह मार्फिन को बाराबंकी के टिकरा में रहने वाले व्यक्ति को देता है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 2005/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2023-24/ दिनांक 02/03/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र0 सं0	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती केशकली पत्नी धूराम	श्री कमलेन्द्र मिश्रा पुत्र स्व0 प्रभुदयाल मिश्रा	सिकन्दरपुरा-2	04	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोण्डा

पत्रांकः 2135 दो-सा0प्र0/वाहन पार्किंग /2023-24 दिनांकः-05 मार्च, 2024

निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, गोण्डा द्वारा चौक बाजार (नगर क्षेत्र) में आने-जाने वाले वाहनों के व्यवस्थापन हेतु चुंगी गोदाम (शहर) स्थित पालिका की भूमि पर पार्किंग की व्यवस्था हेतु पार्किंग स्थल विकसित / निर्धारित किया गया है। पार्किंग व्यवस्था के संचालन हेतु (सी) श्रेणी के ठेकेदारों से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निम्न विवरण अनुसार दिनांक 06.03.2024 से 13.03..2024 सायं 05: 00 बजे तक, ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो 14.03.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे निविदा समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क आर0टी0 जी0एस0 के माध्यम से खाता संख्या 50364326709 IFSC Code IDIB000C637 इण्डियन बैंक शाखा कलेक्ट्रेट परिसर गोण्डा में जमा किया जायेगा। निविदा की नियम व शर्तें www.etender-up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, गोण्डा।

कार्यालय ग्राम पंचायत मंझवारा वि.ख.गौरीगंज, जनपद अमेठी

पत्रांक मेमो/स्वच्छ भारत मिशन/SLWM/2023-24 दिनांक- 06/03/2024

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मंझवारा वि0 खं0 गौरीगंज जनपद अमेठी में SLWM योजना से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदाये दिनांक 11/03/2024 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन दिनांक 11/03/2024 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

क्र0सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1	सामुदायिक नाडेप ,आरसीसी सेंटर सोकपिट फिल्टर,चेम्बर ई-रिक्शा आदि करायें जाने हैं।	929390 लाख रू. एसबीएम फंड से

मेहंदी हसन
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मंझवारा
वि. खं. गौरीगंज,अमेठी

सुमन यादव
सचिव
ग्राम पंचायत मंझवारा
वि. खं. गौरीगंज, अमेठी

कार्यालयः नगर पालिका परिषद नवाबगंज, जनपद- गोण्डा

पत्रांकः अधि0अधि0 / 38 / विविध ठेका / नं0पा0प0न0 / 2024 दिनांक : 06 मार्च, 2024

सार्वजनिक सूचना

नगर पालिका परिषद नवाबगंज, जनपद- गोण्डा द्वारा वित्तीय वर्ष : 2024-25 में विविध ठेके के लिए बोली लगाने हेतु बोली दाताओं को आमंत्रित किया जाता है। ठेकों का विवरण निम्नवत है-

क्रम	ठेके का नाम	प्रारंभिक बोली की धनराशि	धरोहर धनराशि	बोली शुल्क	अवधि
1	ठेकाः विज्ञापन शुल्क	रू0-25,000.00	रू0-500.00	रू0-500.00	वित्तीय वर्ष : 2024- 25 हेतु
2	ठेकाः पार्किंग शुल्क	रू0-21,36,750.00	रू0-42,725.00	रू0-2100.00	
3	ठेकाः खोवा मण्डी	रू0-12,80,000.00	रू0-25,600.00	रू0-1000.00	
4	ठेकाः मैरेज हाल	रू0-16,00,000.00	रू0-32,000.00	रू0-2000.00	

1- उपरोक्त ठेकों हेतु दिनांकः 13.03.2024 के दोपहर 12: 00 बजे से निकाय कार्यालय प्रांगण में स्थित सभाकक्ष में बोली लगाई जायेगी। बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं।

2 - बोली हेतु निर्धारित बोली का शुल्क एवं धरोहर धनराशि दिनांकः 12.03.2024 को अपरान्ह 05: 00 बजे तक निकाय कार्यालय में जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं।

3 - बोली का शुल्क एवं धरोहर राशि (प्रत्येक बोली के लिए अलग-अलग) अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नवाबगंज, जनपद - गोण्डा के पक्ष में दिनांकः 12.03.2024 को शाम 05: 00 बजे तक पंजाब नेशनल बैंक में संचालित निकाय के खाता सं0-4158002100000432 आई.एफ.एस. सी. कोड - PUNB 415800 में R.T.G.S./N.E. F. T अन्य डिजिटल माध्यम से अथवा निकाय कार्यालय में नकद जमा अथवा एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी, के नाम बंधक होगी, के माध्यम से जमा की जा सकती है। इस मद में जमा की गयी धनराशि की रसीद की बोली प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से जमा की गई जमानत राशि एवं शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा।

4 - बोली प्रपत्र के साथ संलग्न अभिलेखों के फर्जी या गलत पाये जाने पर सम्बन्धि के बोली प्रपत्र को निरस्त कर दिया जायेगा और सम्बन्धित को बोली में प्रतिभाग करने से प्रतिबन्धित कर दिया जायेगा।

5- ऐसे व्यक्ति जिनका अपराधिक रिकार्ड है अथवा निकाय की कोई देयता उस पर बकाया है। वह बोली प्रक्रिया में भागीदारी नहीं कर सकेंगे।

6- ठेका स्वीकृति होने पर कार्य करने हेतु रू0 -100.00 के स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा। अनुबन्ध के समय स्वीकृत बोली का 50% जमा करना अनवार्य होगा। इसके उपरान्त ही कार्य हेतु कार्यादेश जारी किया जायेगा। शेष बकाया धनराशि को माह जुलाई के अंत तक जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में ठेका निरस्त कर दिया जायेगा और पुनः ठेका उठाने में जो व्यय होगा उसको सम्बन्धित से वसूल किया जायेगा।

7- ठेके और उससे सम्बन्धित किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्राधिकार जनपद - गोण्डा होगा।

8- एक या समस्त ठेकों को कभी भी बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है

एक नजर

75 ग्राम मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : लोनी कटरा थाने की पुलिस ने बुधवार को मादक पदार्थों के एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 75 ग्राम मार्फीन बरामद की है। इसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 7 लाख 50 हजार रुपये बताई जाती है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी महेश उर्फ सुरेश कुमार निवासी करमेमऊ थाना लोनीकटरा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया।

तमंचा-कारतूस के साथ दो शातिर पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : फतेहपुर थाने की पुलिस ने बुधवार को दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किए। पुलिस के मुताबिक दिलीप उर्फ छोटू निवासी मोहल्ला अकील शाह बाबा मजार त्रिलोकपुर थाना मसौली व सुरेन्द्र रावत निवासी मोहल्ला बीबीपुर थाना फतेहपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दोनों को जेल भेज दिया।

37 लीटर कच्ची शराब बरामद, तीन आरोपी बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : असंद्रा थाने की पुलिस ने बुधवार को 37 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, रामभरोसे निवासी ग्राम पण्डित पुरवा मजरे टाण्डा थाना असन्द्रा, महेश निवासी ग्राम जरगांवा थाना असन्द्रा व मातादीन निवासी ग्राम अशरफपुर को गिरफ्तार किया गया।

पांच जुआरी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : बदोसराय पुलिस ने बुधवार को जुआ खेलने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए लोगों में शिवराम, मो. असलम, दिलीप, कल्लू व उमेश शामिल हैं। उनके पास 3860 रुपये बरामद किए गए।

नहीं नीलाम होगी केडी सिंह बाबू की कोठी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

बनेगा संग्रहालय

- अदालत ने लगाई रोक, सभी परिजन भी हुए राजी
- शासन ने जिलाधिकारी को नियुक्त किया रिसीवर

अमृत विचार: प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की कोठी की नीलामी पर अपर जिला सत्र न्यायालय कोर्ट नं. 16 ने रोक लगा दी है। अब इस कोठी को संग्रहालय का रूप दिया जाएगा। इसमें केडी सिंह बाबू की स्मृतियां संजोई जाएंगी। संग्रहालय में एक फोटो गैलरी का भी निर्माण किया जाएगा। इस फोटो गैलरी में विभिन्न अवसरों पर लिय गए केडी सिंह बाबू के चित्रों को दर्शाया जाएगा। इसके लिए केडी सिंह बाबू का पूरा परिवार राजी हो गया है। शासन ने डीएम को रिसीवर नियुक्त किया है।

इसके पूर्व अदालत ने 7 मार्च तक सभी किराएदारों को कोठी खाली करने का निर्देश दिया था। 11 मार्च को कोठी की नीलामी होनी थी। इसके लिए खरीदारी के इच्छुक 9 लोगों ने कोठी देखी थी। अदालत के निर्णय के बाद ही पूरे जिले के लोग सकते में आ गए थे। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर केडी सिंह बाबू की कोठी को संग्रहालय बनाने का अनुरोध किया था।

इस पर उन्होंने जिला अधिकारी को इस संदर्भ में प्रयास करने के लिए निर्देशित किया था। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद उन्होंने केडी सिंह बाबू की कोठी के सभी दावेदारों से बातचीत की। उन्हें इस बात के लिए राजी किया कि वह कोठी को संग्रहालय बनाने के लिए सरकार को सौंप दें। वे सभी लोग राजी हो गए। अदालत ने भी नीलामी पर रोक लगा दी है। अब इसे संग्रहालय का रूप देने के लिए विस्तृत प्लान तैयार कर सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मंजूरी मिलते ही इस पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कोठी देश की धरोहर है। लोगों की भावना इससे जुड़ी हुई है। इसे इस तरह सुसज्जित किया जाएगा ताकि भावी पीढ़ी को इससे प्रेरणा मिल सके।

न्यायालय के फैसले का किया गया स्वागत

कोठी की नीलामी पर रोक लगने के बाद केडी सिंह बाबू जन्मशती स्मृति समिति के अध्यक्ष एवं गोरखपुर से एमएलसी सीपी चन्द, संरक्षक अरविन्द कुमार सिंह गोप, केडी सिंह बाबू के पुत्र विश्वविजय सिंह, संयोजक राजनाथ शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी सलाउद्दीन किदवई, सामाजिक कार्यकर्ता अजय सिंह गुरुजी, अधिवक्ता हिसाल बारी किदवई, समाजसेवी विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, अताउर्रहमान, अशोक शुक्ला ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। उम्मीद जताई है कि जल्द ही जनहित में राज्य सरकार केडी सिंह बाबू की कोठी को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में विकसित करके खेल प्रेमियों को तोहफा देगी। इस कोठी में कुंवर दिग्विजय सिंह का जन्म हुआ था। जिनके पिता राय बहादुर रघुनाथ सिंह प्रसिद्ध वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी थे। उनके बड़े भाई कुंवर राजेंद्र सिंह ने भरत चरित्र नामक एक ग्रंथ लिखा था।

विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी थे केडी सिंह बाबू

केडी सिंह बाबू का अंतरराष्ट्रीय हॉकी जगत में बड़ा नाम है। बाराबंकी में भी उनके चाहने वालों की बड़ी संख्या है। 14 वर्ष की अवस्था में देवा मेला के खेल मैदान से अपनी खेल प्रतिभा का परिचय देकर केडी सिंह बाबू अंतरराष्ट्रीय खेल जगत पर छा गए थे। उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी माना जाता है। इसी कारण से उन्हें हेल्म्स थर्ड फाउंडेशन ने उन्हें हेल्म्स ट्रॉफी प्रदान की थी। जिसे अंतरराष्ट्रीय जगत में खेल का नोबेल पुरस्कार माना जाता है।

पेड़ से टकराई कार, मां व दो बेटियों की मौत

हरदोई में हादसा

टड़ियावां, हरदोई

अमृत विचार: स्टेयरिंग के अचानक बहक जाने से बेकाबू हुई आल्टो कार पेड़ से टकरा कर दो टुकड़ों में बंट गई। बुधवार की शाम टड़ियावां थाने के हरिहरपुर पेट्रोल पंप के पास हुए इस हादसे में मां और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई। इसके साथ ही चार लोगों के ज़ख्मी होने की खबर है।

बताया गया है कि बुधवार को टड़ियावां थाने के तौकलपुर निवासी यासीन अली (48) अपने रिश्तेदार उसी थाने के जयराजपुर निवासी टूनी (35), टूनी की पत्नी रोज़ी (30) और उसकी बेटियों अलीना (7), सेलिना (5), हिना (3) और गुलनाज़ (2) के साथ अपनी कार से जा रहा था। इसी बीच रास्ते में हरिहरपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही स्टेयरिंग अनियंत्रित हो गया और कार सड़क किनारे पेड़ से टकराकर दो टुकड़ों में बंट गई। इस हादसे में रोज़ी और उसकी सबसे छोटी बेटी गुलनाज़ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बड़ी बेटी अलीना ने मेडिकल कालेज पहुंचते ही दम तोड़ दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और ज़ख्मी हुए यासीन अली, टूनी, सेलिना व हिना को मेडिकल कालेज पहुंचवाया।

हादसों में पिता-पुत्र सहित तीन की मौत

बेकाबू रफ्तार : हैदरगढ़ और मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्रों में हुईं दुर्घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिले में बुधवार को अलग-अलग हुई दो दुर्घटनाओं में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दोनों ही घटनाओं में दुर्घटना के शिकार हुए लोग बाइक से जा रहे थे। इनमें से पिता-पुत्र पड़ोसी जनपद अमेठी जिले के निवासी थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया।

पिता-पुत्र की मौत के बाद बिलखते परिजन।

हैदरगढ़-रायबरेली मार्ग पर त्रिपुला के निकट बुधवार की दोपहर डम्पर की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। अमेठी के थाना शिवरतनगंज के टिकुरी गांव निवासी रामराज (50) अपने पुत्र नरेन्द्र (19) के साथ बाइक से बुधवार को दिन में लगभग साढ़े 11 बजे किसी कार्यवश हैदरगढ़ आ रहे थे। रास्ते में त्रिपुला से पहले स्थित लकड़ी की ठेकी के निकट बेकाबू डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। मौके पर ही पिता-पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त के बाद हादसे की सूचना परिजनों को दी। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सूचना मिलते ही परिवारवाले रोते-बिलखते हुए मौके पर पहुंचे। परिवार में एक साथ दो मौतों से कोहराम मच गया।

दूसरी घटना मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में हुई। ग्राम दुदंपुर निवासी सुमित कुमार वर्मा पत्नी चांदनी (25) के साथ बुधवार को बाइक से दवा लेने बेलहरा जा रहे थे। बेलहरा-छेदा मार्ग पर ग्राम गंगापुर के निकट सामने से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी।

दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हो गए। जब तक उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जाता तब तक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

पूर्व सांसद देवी बक्श सिंह पहुंचे कोर्ट, बोले- मैं नहीं हूं बंधक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कहा, वह मर्जी से छोटे बेटे के साथ रह रहे और रहेंगे, कोर्ट ने खारिज की बड़े बेटे की याचिका

अमृत विचार। भाजपा से जिले के तीन बार सांसद रहे देवी बक्श सिंह के बड़े बेटे ने पिता को बंधक बनाए जाने को लेकर लखनऊ हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। जिसके चलते पूर्व सांसद कोर्ट में हाजिर हुये। जहां उन्होंने कहा कि वह अपनी मर्जी से छोटे बेटे के साथ रह रहे हैं और उसी के साथ रहेंगे। उन्हें किसी ने बंधक नहीं बना रखा है। इसके बाद कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

बता दें कि हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में उन्नाव के पूर्व सांसद 85 वर्षीय देवीबक्श सिंह ने बयान दिया कि मैं अपनी मर्जी से छोटे बेटे के साथ रहता हूं। जिस पर न्यायाधीश ने उनके बड़े बेटे की ओर से दाखिल पिता को छोटे भाई द्वारा बंधक बनाए जाने की याचिका को रद कर दिया। वहीं, इस मामले को प्रॉपर्टी विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि पूर्व सांसद के दो बेटे महावीर सिंह और उदयवीर सिंह हैं। बड़े बेटे महावीर सिंह ने अक्टूबर-2023 में हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर कहा था कि उनके छोटे भाई ने पिता को बंधक बना लिया है।

वह बीमार हैं और उनका इलाज भी नहीं कराया जा रहा है। मांग की थी कि पिता को उनके साथ रखने का आदेश दिया जाए। पूर्व सांसद के अधिवक्ता ओपी तिवारी ने बताया कि व्हील चेयर पर पूर्व सांसद अपने छोटे बेटे उदयवीर के साथ हाईकोर्ट पहुंचे और अपना पक्ष रखते हुए कहा कि मैं अपनी मर्जी से छोटे बेटे के पास रहता हूं। वही मेरी देखभाल करता है। जिस पर कोर्ट ने याचिका को रद कर दी। उदयवीर ने बताया कि पिता के साथ वह बयान के लिए हाईकोर्ट पहुंचे थे। वहीं महावीर ने इस संबंध में बात करने से इंकार कर दिया।

आचार संहिता उल्लंघन केस में नहीं आया फैसला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विधायक इरफान सोलंकी के विरुद्ध दर्ज है केस

अमृत विचार। सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ दर्ज आचार संहिता उल्लंघन मामले में अब 14 मार्च को सुनवाई होगी। अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि यूपी सरकार ने इस मामले में हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। याचिका पर फैसला होने के बाद ही कानपुर कोर्ट से फैसला आ सकेगा।

विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन मामले में एमपीएमएलए लोअर कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई पूरी हो चुकी है। कोर्ट को बुधवार को फैसला सुनाना था, लेकिन इरफान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि यूपी सरकार ने इस मामले में हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। याचिका पर फैसला होने के बाद ही कानपुर कोर्ट से फैसला आ सकेगा। बता दें कि विधानसभा चुनाव के दौरान वर्ष 2017 में ईदगाह कालोनी के पास आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए हैंडपंप लगाने के मामले में विधायक इरफान सोलंकी व बंटी सेंगर समेत चार सपाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हुई थी। मुकदमें में गवाही पूरी हो चुकी है और एमपीएमएलए लोअर कोर्ट को फैसला सुनाना था, लेकिन इसी दौरान अभियोजन की ओर से एक नए गवाह को कोर्ट में विटनेस के रूप में पेश करने की अनुमति मांगी गई थी। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इस आदेश के खिलाफ एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में रिवीजन याचिका दाखिल की गई थी, लेकिन इसे भी सेशन कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

मतदाता जागरूकता को पुष्प प्रदर्शनी 11 को

बाराबंकी, अमृत विचार: डीएम सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर 11 मार्च को ऑफ़िसर्स क्लब, तहसील नवाबगंज में सुबह दस बजे से एक दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी मंडलायुक्त के निर्देश पर लगायी जाएगी। डीएम ने बताया कि इस पुष्प प्रदर्शनी में कलात्मक पुष्प सज्जा तथा मौसमी फूलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा तथा मतदाताओं में जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। ज़िलाधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए सीडीओ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

देहात को हरा लखनऊ बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

खुशी मनाती हुई लखनऊ की विजेता टीम। अमृत विचार

- ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता

अमृत विचार। ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार को फाइनल मुकाबले में लखनऊ ने कानपुर देहात को 1-0 से हराकर खिताब जीता।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता में बुधवार को लखनऊ व कानपुर देहात के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। लखनऊ टीम ने शुरूआत से ही जबरदस्त प्रदर्शन किया। कानपुर देहात टीम को हावी होने नहीं दिया। लखनऊ के खिलाड़ियों ने तेजी दिखाते हुए मुकाबला 1-0 से जीत लिया और ओपन स्टेट मुकाबले में चैंपियन बने। मुख्य अतिथि डीएम राकेश कुमार सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी व पुरस्कार प्रदान किए। उप निदेशक (खेल) आरएन सिंह, उप क्रीड़ाधिकारी अमित पाल, जिला फुटबाल संघ के सचिव अजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि इंद्र मोहन रोहतगी, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

सर्पदंश के त्वरित उपचार को किया जागरूक

नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते सृजन शक्ति वेलफेयर सोसाइटी के कलाकार।

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सर्पदंश के त्वरित उपचार को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पर सृजन शक्ति वेलफेयर सोसाइटी के कलाकारों ने टीम लीडर गुड़िया के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी को सांप डसता है तो तत्काल रस्सी व कपड़े की चिट से सांप के डसने के निशान से कुछ दूरी पर मजबूती से बांधे दे और झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़कर नजदीकी अस्पताल पर इलाज करवाएं। कार्यक्रम में सौम्या, साजिद, विजय आदि थे।

मतदाताओं ने बूथ पर वोट डालने का किया रिहर्सल

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी पवन कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को पीजी कॉलेज के कक्ष में मतदाता जागरूकता के लिए मॉक पोल का अभ्यास किया गया। बूथ वार मतदाताओं की लाइन लगवाकर मतदाता पहचान पत्र व पर्ची देकर वोटर लिस्ट पर क्रमांक एवं मतदाता का नाम जांचने के बाद बैलेट पेपर देकर दाहिने हाथ की उंगली में स्याही लगाकर वोट डलवाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में बढ़ाने के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से पंजीकरण करवाकर, ऑनलाइन आवेदन करवाएं। इसके अलावा मतदाताओं को चुनाव के संबंध में शिक्षित करना व उनकी सहभागिता बढ़ाने का संकल्प कराया। इस मौके पर प्रोफेसर डॉ संजय तिवारी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

महीनों से नहीं खुला पशु सेवा केंद्र का ताला

हरख, बाराबंकी, अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत पशु सेवा केंद्र से पशुधन प्रसार अधिकारी नदारद हैं। केंद्र पर ताला लगा है। किसान पशुओं के इलाज के लिए दर-दर भटक रहे हैं। विकास खंड हरख स्थित बांग्ला बाजार पर संचालित पशु सेवा केंद्र पर महीनों से ताला लटक रहा है। क्षेत्र के अकबरपुर निवासी किसान वंशराज, पारसनाथ तथा बांग्ला बाजार निवासी कल्लू, रिंकू, शिवकुमार राज बहादुर रंजीत भोला आदि किसानों का आरोप है कि यहां पर तैनात पशुधन प्रसार अधिकारी अनिल कुमार दो महीनों से नहीं आ रहे हैं। केंद्र पर ताला लगा रहता है। हरख पशु चिकित्सा अधिकारी भानु प्रताप ने बताया कि केंद्र न खोलने की उन्हें जानकारी नहीं है। इस मामले की जांच कराई जाएगी।

दुष्कर्म के दोषी को 10 साल का कारावास

बाराबंकी, अमृत विचार : नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी पाए गए युवक को अदालत ने 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसी मामले में नामजद दो अन्य को दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय ने अभियुक्त पर 27 हजार रुपए का अर्थदंड भी ठोंका है। पुलिस के मुताबिक 21 अप्रैल 2017 को एक पिता ने नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध टिकैतनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें तीन लोगों सुरेश, रिंकू, सुभाष निवासी बांसगांव थाना टिकैतनगर को नामजद किया गया था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर सुरेश को 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने रिंकू व सुभाष को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

चार पिस्टलों के साथ तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कार्रवाई

- मुंगेर की पिस्टलें प्रयागराज व आसपास जिलों में बेचता था
- सात मैगजीन, नकदी व मोबाइल फोन बरामद

अमृत विचार। अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के एक सदस्य को एसटीएफ ने रेलबाजार पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ को शातिर के पास से चार 32 बोर की पिस्टल, सात मैगजीन, नकदी व मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस ने शातिर को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

एसएसपी एसटीएफ दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर एसटीएफ फील्ड इकाई कानपुर के निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कार्रवाई शुरू की। मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ और रेलबाजार पुलिस ने टाटमील चौराहे के पास से बिहार के मुंगेर जिले से अवैध पिस्टलें ला रहे तस्कर को गिरफ्तार किया। उसने अपना नाम राजाराम निवासी सराय मुरार सिंह थाना मांधाता प्रतापगढ़ बताया। 2002 में हत्या में वह जेल गया था। जेल में उसकी मुलाकात मुंगेर के शस्त्र तस्कर निरंजन राम से हुई थी। वर्ष 2007 में निरंजन राम जेल से पर छूटकर उसके घर पहुंचा तथा कुछ दिन रुका। निरंजन राम के साथ ही राजाराम ने मुंगेर की पिस्टलों की तस्करी का काम शुरू कर दिया। वर्ष 2016 में एसटीएफ प्रयागराज ने थाना कोहडोर प्रतापगढ़ से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वर्ष 2019 में मुंगेर से पिस्टल की खेप लाते समय जमालपुर जक्शन से जीआरपी ने गिरफ्तार किया था। छूटने के बाद मुंगेर निवासी राजन के साथ अवैध पिस्टल का कारोबार करने लगा। तस्करी की पिस्टलें प्रयागराज व आसपास के जिलों में बेचता था। राजाराम ने बताया कि रानीगंज प्रतापगढ़ के दुबेजी नामक व्यक्ति, जिनसे वह कभी मिला नहीं है, उनके भेजे गए व्यक्तियों को पिस्टलें देता है। 18 फरवरी को तीन पिस्टलें दुबे जी की ओर से भेजे गए व्यक्ति को दी थीं। बताया कि तीन मार्च को मुंगेर से पिस्टल लेकर गोरखपुर लखनऊ के रास्ते कानपुर आया था जहां पर दुबे जी ने बताए गये व्यक्ति को एक पिस्टल देनी थी।

मंदिर के सामने से हटाया गया अतिक्रमण

बाराबंकी, अमृत विचार : बुधवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नागेश्वर नाथ मंदिर के सामने स्थित नाले पर अतिक्रमण कर बनाए गए मंदिर को ढहा दिया। दुकानें भी गिरा दी गई। नाले पर बने मकानों को भी ध्वस्त किया जाएगा। हनुमान मंदिर के सामने का हिस्सा पूरी तरह साफ कर दिया गया।

यह पहला अवसर है जब जिला प्रशासन ने मंदिर के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए इतनी बड़ी कार्रवाई की। डीएम सत्येंद्र कुमार ने बताया कि नागेश्वरनाथ मंदिर के सामने के हिस्से में मंदिर का रूप दिया गया था। उसे हटाकर हनुमान मंदिर के सामने का हिस्सा साफ कर दिया गया है।

कवायद 26 करोड़ की लागत से बनेंगे नाले, 3.50 करोड़ से विवाह घर का कराया जाएगा निर्माण

अधिसूचना से पूर्व कई बड़ी परियोजनाओं पर शुरू होगा कार्य

सतीश श्रीवास्तव बाराबंकी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही जिले में कई बड़ी परियोजनाओं पर कार्य शुरू होने जा रहा है। शहर के सभी मुख्य मार्गों पर नाले के निर्माण के लिए 26 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। जमुरिया नाले के किनारे अतिक्रमण से मुक्त कराई गई जमीन पर 3.50 करोड़ रुपए की लागत से विवाह घर बनाने की तैयारी है।

विवाह घर के लिए जगनेहटा में 8.30 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। इस विवाह घर के निर्माण के बाद शहरवासियों को कम लागत में एक बेहतरीन मैरिज लॉन मिल सकेगा। योजना पर काम शुरू किया गया है। जमुरिया नाले की सफाई से निकल रही मिट्टी से मैरिज लॉन की जमीन की पटाई की जा रही है।

नाले की सफाई, मैरिज लॉन और नए नालों के निर्माण का कार्य नगर पालिका को सौंपा गया है। असेनी तिराहे से चौपुला तक शहर की सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव जरूर अधर में लटक गया है। इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी है।

सरकार ने सिर्फ 900 मी सड़क को चौड़ा करने की स्वीकृति प्रदान की है। यह कार्य जेब्रा पार्क से लेकर चौपुला तक चुनाव से पहले ही शुरू करने पर प्रशासन विचार कर रहा है। हालांकि प्रशासन इस बात पर भी विचार कर रहा है कि पूरी परियोजना के लिए पैसा मिलने के बाद ही कार्य प्रारंभ कराया जाए। न मिलने की स्थिति में फिलहाल जेब्रा पार्क से चौपुला तक सड़क को चौड़ा कर डिवाइडर का निर्माण कराया जाएगा।

मार्ग चौड़ीकरण व डिवाइडर निर्माण को मिला बजट

शहर और जिले के विकास के लिए हमने कई बड़ी परियोजनाएं तैयार की थीं। कुछ का पैसा मिल गया है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही काम शुरू कर सकेंगे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण शहर में नालों का निर्माण व विवाह घर का निर्माण शामिल है। जमुरिया नाले की सफाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है। जेब्रा पार्क से चौपुला तक सड़क को चौड़ा कर डिवाइडर बनाने के लिए बजट की स्वीकृति मिल गई है।

–सत्येंद्र कुमार, जिलाधिकारी

महादेवा कॉरिडोर को एक करोड़ का टोकन बजट

महादेवा कॉरिडोर के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद अब एक करोड़ की टोकन मनी के साथ वित्तीय स्वीकृति भी मिल गई है। इससे कॉरिडोर निर्माण की दिशा में प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। हालांकि सिर्फ मुआवजा देने के लिए ही जिला प्रशासन ने 50 करोड रुपए मांगे थे। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार का कहना है कि महादेवा कॉरिडोर का काम शुरू करने से पहले संबंधित को मुआवजा देकर पूरी जमीन को समतल करना पड़ेगा। इसके बाद ही नए सिरे से इसका प्लान, नक्शा और एस्टीमेट तैयार किया जा सकेगा। हमने अनुरोध किया था कि यदि पूरा पैसा नहीं मिल सकता है तो कम से कम एक करोड़ का टोकन बजट अलॉट कर दिया जाए जो हमें मिल गया है।

राज्य कर्मचारियों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

गन्ना दफ्तर में धरना देते राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी।

अमृत विचार : इंडियन पब्लिक सर्विस इम्पलाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के आह्वान पर लंबित मांगों के समर्थन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर सत्याग्रह कर धरना दिया। इस दौरान कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह बिसेन के नेतृत्व में गन्ना कार्यालय परिसर दिए गए इस धरने में कर्मचारी नेताओं ने मांगों को तुरंत पूरा करने की मांग की। संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ. कमल कुमार सिंह ने बताया कि इप्सेफ की प्रमुख तीन मांगें हैं। इनमें पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आठवें वेतन आयोग व स्थाई राष्ट्रीय वेतन आयोग के गठन तथा हर प्रकार की ठेकेदारी प्रथा जैसे कि संविदा, आउटसोर्सिंग, वर्क चार्ज, दैनिक वेतन भोगी कर्मी आदि को समाप्त कर कार्यरत कर्मियों को उनके कार्य स्थलों पर नियमित करने की मांग अरसे कर रहे हैं। जिला मंत्री अनुज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा, विकास भवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मो. मुस्तफा खां, पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के जिला मंत्री पंकज वर्मा, धर्मेंद्र सिंह वर्मा, वीर प्रकाश आदि थे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो यः स पंडित उच्यते ॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है ।

संपादकीय

बीमा योजना के तहत

प्रकृति पर निर्भरता के कारण खेती में जोखिम और अनिश्चितताएं आम हैं। सूखा, बाढ़, बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि आदि सीधे खेती को प्रभावित करते हैं। ऐसी परिस्थितियों में फसलों का बीमा करना प्रमुख रणनीति मानी जाती है। फसल बीमा किसानों को फसल के नुकसान की स्थिति में भुगतान के माध्यम से जोखिम से निपटने में मदद करता है और कृषि क्षेत्र में आपदा भुगतान पर बोझ को कम करके सरकार की मदद करता है। किसानों की समस्याओं पर ध्यान देते हुए सरकार ने वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) शुरू की थी। जिसका उद्देश्य कम पैदावार या पैदावार के नष्ट हो जाने की स्थिति में किसानों को मदद मुहैया कराना था। सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के कारण, योजना के तहत कवरेज साल-दर-साल बढ़ रही है। गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के पिछले 8 वर्षों में 56.80 करोड़ किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए हैं और 23.22 करोड़ से अधिक किसान आवेदकों को दावे प्राप्त हुए हैं। इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31,139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान दावे के रूप में किया गया। यह योजना खासकर उन किसानों का बोझ कम करने में मदद कर रही है, जो खेती के लिए ऋण लेते थे और खराब मौसम में फसल बर्बादी के कारण उसी ऋण को चुका पाने में असमर्थ रहते थे। इसके बावजूद देश में फसल बीमा को किसानों के बीच ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली है। इसका कारण यह है कि अधिकांश राज्यों द्वारा उनके प्रीमियम सब्सिडी शेयर का समय पर भुगतान नहीं कराया जाता है।

गौरतलब है कि भारतीय फसल बीमा 'क्षेत्र दृष्टिकोण' पर काम करता है। क्षेत्रीय दृष्टिकोण तभी अच्छा काम करता है जब किसानों की उपज और फसल काटने के प्रयोगों में उपज के बीच सहसंबंध अधिक हों। इस शर्त को शायद ही कभी पूरा किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप 'बुनियादी जोखिम' होता है, यानी, किसान को फसल का नुकसान होता है लेकिन मुआवजा नहीं मिलता है। इसके अलावा, उन लोगों के लिए जिन्हें अंततः मुआवजा मिलता है, अधिकांश मामलों में भुगतान में काफी देरी होती है। कई बदलावों के बाद पीएमएफबीवाई शुरू की गई, जो पहले की समान योजनाओं का एक उन्नत संस्करण है। हालांकि कई मुद्दे और चुनौतियां हैं, अतः इस योजना के उद्देश्य की पूर्ति हेतु सरकार को योजना के समक्ष आने वाली उपरोक्त सभी चुनौतियों के संबंध में जल्द-से-जल्द समाधान का रास्ता तलाशना चाहिए।

कैंसर से जंग की नई उम्मीदें

निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं ।

पिछले 20 सालों में दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। हर साल देश और दुनिया में कैंसर से लाखों मौत होती है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आइसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन में अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी। आईसीएमआर का अध्ययन इनमें से 40 फीसदी मामलों की वजह इन सात में से एक कैंसर को बचाता है-फेफड़े, स्तन, भोजन नलिका, मुख, पेट, लीवर और गर्भाशय ग्रीवा।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। इम्यूनोथेरेपी से कई अलग-अलग प्रकार के कैंसर का इलाज अब होने लगा है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हास्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्हांने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा (टेबलेट) ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टैबलैट विकसित की है। टैबलेट कैसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानि कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट कीमोथेरेपी

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है।

जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा के डाक्टर्स इस टैबलेट पर करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। इस दवा को जून-जुलाई में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथारिटी ऑफ इण्डिया (एफएसएसएआई) से मंजूरी मिलने की संभावना है। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों (कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी) पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया। लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानि ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल का समय लगेगा।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डा.टी.के. चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए है। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगान्तरकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाईयों का नैदानिक परीक्षण करता है। इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था।

किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए समान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है-पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टोक्सीकोलॉजिकल) परीक्षण ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं का प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। पोषक ऊर्जा के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रियाएं देखी गईं उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी ओर दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे।

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थी। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉक्टर उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है जो कल 1621 मानवीय भोज्यों के विस्तार से काट छांट कर विकसित पोषक ऊर्जा है।

सन् 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए। जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अन्ततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव परिणाम की सकारात्मकता रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही। पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े, स्तन सर्विकल, मुख, बृहदान्त्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज का नैनो-इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके सम्पर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलाजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। कैंसर जैसा खतरनाक रोग भारतीयों के लिए भीषण संकट खड़ा कर रहा है। कैंसर की दवाओं की सुरक्षा व लागत को लेकर निरंतर प्रयोग जारी हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

प्रसंगवश

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में छलांग

भारत का सेमीकंडक्टर मिशन बड़ी सफलताओं के साथ बहुत ही कम समय में अमरीका, ताइवान और दक्षिण कोरिया की तरह प्रमुख चिप हब बन रहा है। वह दिन अब ज्यादा दूर नहीं, जब देश में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित हो जाएगा। इतना ही नहीं, देश में जल्द ही विश्वस्तरीय भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर की स्थापना होने जा रही है। यह सेंटर रिसर्च की दिशा में मील का पत्थर बनेगा। अभी हाल में केन्द्र सरकार ने तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां लगाने को मंजूरी दी है। अगले 100 दिन के भीतर तीनों इकाइयों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। ये इकाइयां 20 हजार उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यों में प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 60 हजार अप्रत्यक्ष रोजगारों का सृजन करेंगी।

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश सरकार ने भी राज्य को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अग्रणी रखने के लिए कौशल प्रशिक्षण/अनुसंधान और विकास में कंपनियों को समर्थन देने प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। प्रदेश सरकार ने यूपी सेमीकंडक्टर नीति-2024 के तहत राज्य में सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने पर निवेशकों के लिए सब्सिडी और छूट देने की घोषणा की है। यह सभी छूट केंद्र द्वारा दी जाने वाली छूट के अलावा होगी। निवेश प्रोत्साहन और ब्याज सब्सिडी के अलावा भूमि लेनदेन पर स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। सरकार मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत पांच वर्षों तक हर वर्ष 500 छात्रों को 20,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगी। इसका फोकस बीटेक और एमटेक ग्रेजुएट्स पर होगा।

भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग का परिदृश्य सार्थक रूप से नए आयाम और मायने की ओर बढ़ रहा है। इन आयामों से जहां डिजिटल प्रौद्योगिकियों और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं आईटी क्षेत्र में लाखों नई नौकरियां भी बढ़ेंगी। साधारण शब्दों में, सेमीकंडक्टर को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स का 'मस्तिष्क' कहा जाता है। कोई शक नहीं कि भविष्य की हमारी दुनिया जिस मजबूत आधार पर टिकी हुई होगी, वह है सेमीकंडक्टर।

देश को सेमीकंडक्टर उत्पादन का वैश्विक हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। भारत ने रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सरकार ने यह तथ्य अच्छी तरह समझा है कि युवाओं की क्षमता का इस्तेमाल देश में ही किया जाए। सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में स्टार्ट-अप और एसएमई (छोटे और मध्यम उद्यमों) का समर्थन करने के लिए एक पैनल भी बनाया है। प्रौद्योगिकी से जुड़े विशेषज्ञ सेमीकंडक्टर को आज के युग का 'न्यू ऑयल' कहते हैं। लगभग हर प्रमुख सेमीकंडक्टर कंपनी की भारत में मौजूदगी है। भारत के युवा दुनिया के कुछ सबसे उन्नत चिप्स डिजाइन करते हैं, प्रोडक्ट की पैकेजिंग और टेस्टिंग भी करते हैं लेकिन उन्हें बनाने के लिए अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया या ताइवान भेजा जाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए ये एक बड़ा बोझ है जिसे आने वाले समय में निश्चित कम किया जा सकेगा।

भारत में 300 से ज्यादा ऐसे बड़े कॉलेजों की पहचान की गई है, जहां सेमीकंडक्टर पर कोर्स उपलब्ध होंगे। आजीविका संवर्धन के लिए स्किल्स एक्वीजीशन एंड नॉलेज अवेयरनेस फॉर लिविलीहुड प्रमोशन (संकल्प) कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य ईएसडीएम/सेमीकंडक्टर उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 10 मिलियन लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। सरकार ने हाल में, नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी है। 2023-24 से 2030-31 तक के लिए 6003.65 करोड़ रुपये का बजट घोषित किया गया है।

आंकड़ों की बात की जाए तो 2014 में भारत का इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद 30 बिलियन डॉलर से भी कम था। 2014 से पहले भारत में सिर्फ 2 मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स थीं। आज इनकी संख्या बढ़कर 200 से ज्यादा हो चुकी है। अगर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की बात करें तो 2014 में भारत में 6 करोड़ यूजर्स थे। आज उनकी संख्या भी लगभग बढ़कर 80 करोड़ यूजर्स से ज्यादा हो चुकी है। मौजूदा दशक में ही भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 110 अमेरिकी डॉलर तक जा सकता है जो वैश्वक व्यवसाय का 11 फीसद है। वैश्विक कंसल्टिंग कंपनी मैकेंजी के अनुसार 2030 तक सेमीकंडक्टर उद्योग का राजस्व एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन के अनुसार सेमीकंडक्टर का भारतीय बाजार 2028 तक 80.3 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

एआईः सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार

विज्ञान जहां दिन-प्रतिदिन हमारे जीवन को सुगम बनाता रहा, वहीं इसके दुष्प्रभाव मानवता के समक्ष संकट भी उत्पन्न करते रहे। यही कारण रहा कि समय-समय पर चिंतकों-विचारकों ने इसके प्रति 'सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार' जैसे तमाम संकेत देकर विज्ञान के संयमित और संतुलित प्रयोग के प्रति सचेत भी किया।

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

शिक्षा में विज्ञान का क्रमिक प्रवेश होने से शिक्षा गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। चाहे वह शिक्षण विधियों को ज्यादा विद्यार्थी अनुकूल बनाने में सूचना संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग हो अथवा विद्यार्थियों को स्व-निर्देशात्मक सामग्री की उपलब्धता। विज्ञान ने गूढ़ व जटिल संरचनाओं को लाइव मोड में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया तो उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी एक क्लिक में प्रस्तुत किया। वर्तमान समय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' या 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) का है। इस दिशा में निरंतर हो रहे शोध एवं नवाचारों ने इसे मानव के समक्ष एक ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है कि पुनः इस बात पर ज़ोर-शोर से चर्चा होने लगी है कि इसके उपयोग की सीमाएं क्या हों। कहीं ऐसा तो नहीं कि यह 'कृत्रिम मेधा' वास्तविक मेधा के समक्ष सच में संकट खड़ा कर दे।

यहां हम 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' क्या है और शिक्षा में इसका क्या भविष्य है, इस बिंदु पर विचार करेंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित विज्ञान का ऐसा सॉफ़्टवेयर, रोबोट अथवा अन्य कोई टूल है जो मनुष्य की तरह सोचने का तरीक़ा प्रस्तुत करता है। यहां विशेष बात यह है कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' मानव द्वारा निर्मित उपकरण अथवा मशीन की मेधा है इसलिए इसकी तुलना प्राकृतिक बुद्धिमत्ता से करना बेमानी है। हां, इतना ज़रूर है कि इसके दुरुपयोग की संभावनाएं भी इसके उपयोग जितना ही प्रबल हैं।

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं।

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं। इसकी मदद से विद्यार्थियों की रुचियों-रुझानों का पता लगाना आसान होगा तथा उनके अनुरूप आवश्यक संसाधन-संदर्भों की सहज उपलब्धता होगी। इससे संबंधित उपकरणों की मदद से बच्चों का सतत आकलन करते हुए त्वरित फीडबैक, सहयोग व पुनर्बलन सुगम होगा।

निस्संदेह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से शिक्षा में सीखने-सिखाने की नवीन संभावनाओं के द्वार खुलेंगे पर इससे जुड़ा दूसरा पक्ष भी है। वह है इसके अनियोजित व दुराग्रही प्रयोग के दुष्परिणाम। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी टूल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' केवल उतनी ही जानकारी भर है जितनी जानकारी पर इसे सेट किया गया है। इसमें भावनात्मक स्तर पर सोचने-समझने और तदनुरूप प्रतिक्रिया का अभाव होता है। इससे विभिन्न स्तरों पर पक्षपात अथवा पूर्वाग्रह पूर्ण व्यवहार की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अधिकांशतः 'डेटा आधारित' होने के कारण इसके द्वारा प्रदत्त जानकारियां भ्रामक, त्रुटिपूर्ण या अपूर्ण हों, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता। अतः यहां से प्राप्त जानकारियों की पर्याप्त एवं वैध पुष्टि आवश्यक होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोगी पहलुओं में यह भी गिना जाता है कि यह विद्यार्थी की शिक्षक पर निर्भरता कम करते हुए उसके वैयक्तिक स्तर पर सीखने के अनुभवों में वृद्धि करेगी। पर यहां विचारणीय यह भी है कि शिक्षण अधिगम के दौरान शिक्षक की भूमिका एक सतत एवं सहयोगी निगरानी कर्ता की भी होती है। नितांत वैयक्तिकता विद्यार्थियों को सहभागिता और सामाजीकरण से दूर कर देगी। सीखना- सिखाना एक अनुकूल परिवेश में सृजित किया जाने वाला अनुभव है जो इस कृत्रिम परिस्थिति में भटकाव का कारण बन सकता है। मशीनों पर अधिक निर्भरता न केवल रोज़गार के अवसरों को कम करेगी बल्कि नैतिक मानदंडों, मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, और सामाजिक जीवन के लिए अनिवार्य और अपरिहार्य तत्वों को भी कमज़ोर करेगी इसकी भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सार्थक उपयोग हेतु इसकी संभावित कमियों को ध्यान में रखते हुए बेहद सजग व संतुलित क्रियान्वयन योजना तैयार करनी आवश्यक होगी। इसको शिक्षकों का विकल्प मानने या बनाए जाने के बजाय यह ज्यादा ज़रूरी होगा कि इन दोनों के मध्य सहक्रियात्मक संबंध स्थापित किए जाएं जिनमें मशीन और भावना का समन्वित सम्मिलन हो।

सोशल फोरम

सर्वहारा की सामाजिकता

ऐसे ही एक दिन शाम को टहलने निकले। लगा सड़क पर भीड़ बहुत बढ़ गई है। सामने से आती हुई गाड़ियां ऐसे लग रही थीं मानों उड़ती चली आ रहीं हैं। जरा दाएं-बाएं होने में देर की नहीं कि रौंद कर निकल जाएंगी। दुनिया बहुत हड़बड़ी में है।

टहलते हुए कालपी रोड पर आ गए। चार-पांच किलोमीटर की टहलाई काफी दिन बाद हुई थी। नहर के पास सड़क थोड़ा ऊंची है। सड़क किनारे बनी पुलिया के पास खड़ा एक आदम, अपनी साइकिल पकड़े, नहर के बहते पानी को देख रहा था। चुप खड़ा। पास पहुंचकर बातचीत शुरू हुई। बात करते हुए साइकिल सवार साइकिल पकड़े हुए मेरे साथ पैदल चलने लगा। बताया कि काम के सिलसिले में भौंती जाता है। करीब 28 किलोमीटर की दूरी। मतलब करीब 56 किलोमीटर की दूरी रोज साइकिल से रोजी-रोटी के सिलसिले में तय होती है।

अनूप शुक्ल
कानपुर

हमने कहा- 'यह तो बहुत दूर पड़ जाता है।' 'का करें? पेट के कारण सब करना पड़ता है।'- उसने निर्लिप्त भाव से जवाब दिया।

घर, परिवार और बाल-बच्चों के बारे में बात करते हुए वह साथ चलता रहा। जिस सड़क पर हम चल रहे थे वह ऊंचाई पर थी। ढलान से नीचे उतरते हुए वह हमारे साथ पैदल चल रहा था। हमने कहा- 'अब तुम चलो। ढलान भी है। इसी के सहारे दूर तक चले जाओगे। आराम रहेगा।' इस पर वह बोला- 'हां लेकिन साथ चलते हुए थोड़ा बोल-बतिया ले रहे हैं तो रास्ता अच्छा कट गया।' फिर थोड़ी देर और साथ चलने के बाद साइकिल पर सवार होकर चला गया। साथ चलते हुए बोलते-बतियाते हुए रास्ता आसानी से कटने की बात सुनकर लगा कि दुनिया में अकेलेपन से मुक्ति की चाहना कितनी है लोगों में। लोग अकेलापन महसूस करते हैं। उससे मुक्त होना चाहते हैं। लेकिन तमाम कारणों से मौके नहीं मिलते। सोशल मीडिया पर लोगों की भयंकर भागीदारी इस अकेलेपन से मुक्ति की चाहना का ही परिणाम है। अपने को अभिव्यक्त करके सामाजिक हो जाने का एहसास लोगों को इससे जोड़ता है। अलग बात है कि लोगों की सामाजिकता की चाहना को सोशल मीडिया अपनी कमाई के लिए उपयोग करता है।

-फेसबुक वॉल से

सीता की प्रतिष्ठा में वृद्धि की जाए

मनु के द्वारा बसाई गई विश्व प्रसिद्ध अयोध्या नगरी का इतिहास आरोहों अवरोहों से परिपूर्ण रहा है। वह कई बार बसी और उजड़ी। कहीं लिखत पढ़त में तो नहीं, किंतु एक लोक श्रुति के अनुसार इस नगरी को सीता जी का शाप है। परिस्थितियां और कारण कुछ भी रहे हों, पर उन जगज्जननी को यहां वह सम्मान और न्याय तो नहीं ही मिल सका, जिसके वे योग्य थीं। वे त्रिलोकपति श्रीराम से वैसी ही अभिन्न हैं जैसे वाणी और उसका अर्थ तथा जल और उसकी लहर। गोस्वामी तुलसीदास ने सही ही कहा है,"गिरा अरथ जल बीचि सम,कहियत भिन्न न भिन्न। बन्दौं सीता राम पद जिन्हइ परम प्रिय खिन्न"।। गोस्वामी जी ने गुणग्राम भी दोनों के साथ साथ गाए जाने के इशारे किए हैं।" सीतारामगुणग्राम पुण्यारण्य विहारिणौ। वन्दे विशुद्ध विज्ञानौ कवीश्वर कपीश्वरौ"। युद्धोपरांत लंकापुरी से वापस लाए जाने पर,राम ने उनसे कटु वचन भी कहे,जैसा कि वाल्मीकि रामायण में उल्लेख है। पश्चात् उनकी चारित्रिक शुचिता की 'अग्नि परीक्षा'ली गई थी, जिसमें वे पूर्णतया उत्तीर्ण हुईं थी। यही नहीं आदि कवि ने लिखा है कि रावण पहले उन्हें अपने महल में ही ले गया था। लंकापुरी का समस्त वैभव,अपनी पत्नियां और स्वयं को भी उनके अधीन करने का आश्वासन देता हुआ अपनी भार्या बनाने का प्रलोभन देता रहा।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं।

यह सीता जी का ही आत्मबल था कि वे झुकीं नहीं और प्रलोभनों को तिरस्कृत करती हुईं, उसे फटकार लगाई। तब विफल खल नायक ने उन्हें अशोक वाटिका में आवासित करवा दिया। अयोध्या आकर, राजपाट सम्हालने के बाद, श्रीराम ने उनका परित्याग 'लोकापवाद'को शमित करने हेतु किया था,न कि उनके अशुचि होने के कारण। हालांकि अन्याय तो हो ही गया। ऐसे में यदि यह नगरी अभिशप्त हुई,तो बात समझ में आती है। कालिदास के 'रघुवंश'में एक वृत्तांत आया है। राम पुत्र कुश(महाराज कुशध्वज) रात अपने महल में लेटे थे।अर्द्ध रात्रि को जब वे तंद्राग्रस्त थे, तो एक विवर्ण मुख नारी सामने आ कर खड़ी हुई। महाराज चकित रह गए कि चारों ओर से सुरक्षित उनके शयन कक्ष में यह कौन नारी प्रवेश कर सकी। नारी बोली,'राजन्! मैं अयोध्या नगरी हूं। जबसे तुम्हारे पिता जी संपूर्ण नगर निवासियों सहित संतानिक लोक प्रस्थान कर गए, तब से मैं सूनी पड़ी हूं। महाराज कुश तत्काल तैयार हुए और दल बल सहित अयोध्या पहुंचकर उसे फिर से बसाया।

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं। सीता जी के सम्मान में वृद्धि की जाय। निर्मित हो रहे मंदिर परिसर में किसी उचित स्थान पर सीताराम युग्म की प्रतिमा स्थापित हो, तथा उन माता के भूमि से उद्भव से लेकर पृथ्वी के गर्भ में समाने तक के चित्र या विग्रह प्रतिष्ठित किये जाएं। अयोध्या में कन्याओं को ग्रेजुएशन तक की निःशुल्क शिक्षा देने वाला महाविद्यालय सरकार खोले। सनातन धर्मावलंबी अब कभी भी अपने इस धाम का अवरोह नहीं देखना चाहेंगे।

पुलिस हिरासत में भी असुरक्षित

जब विश्व श्रमिक संगठनों के वजूद और हड़ताल के विचार से दुनिया अनजान थी। तब 8 मार्च 1857 को न्यूयार्क में बेकरी की गंदी अंधेरी कोठरियों में बेहद कम मजदूरी पर 12 से 14 घंटे काम करने वाली महिलाओं ने त्रस्त हो कर काम ठप किया और सड़क पर आ गई। 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की नींव मैडम क्लारा जेटकिन के प्रयासों से दूसरी अंतराष्ट्रीय महिला कांग्रेस में पड़ी। अभी तक महिला दिवस मार्च के किसी भी दिन मानने की प्रथा थी। किंतु प्रथम विश्व युद्ध के समय 8 मार्च को तमाम कामकाजी महिलाओं ने अपनी फैक्ट्री और उद्योगों से निकल कर एक नारा दिया हमें रोटी चाहिए। युद्ध नहीं हजारों महिला और पुरुष

श्रावस्ती में भाजपा प्रत्याशी का विरोध, नारेबाजी कर जताई नाराजगी

घोषित प्रत्याशी के बाहरी होने का लगाया आरोप , पदाधिकारी बोले- विरोध करने वाले भाजपा से नहीं

संवाददाता, श्रावस्ती

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर बुधवार को क्षेत्र के कुछ लोगों ने भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा के विरोध में नारेबाजी की। 2024 के लोकसभा चुनाव में श्रावस्ती लोकसभा सीट पर भाजपा ने साकेत मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में श्रावस्ती भाजपा दो धड़े में बंटी नजर आ रही है। सवाल उठता है कि क्या अन्य दावेदारों के समर्थक पार्टी के इस निर्णय को पचा नही पा रहे हैं असंतुष्ट कथित पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे लोंगों का तर्क रहा कि साकेत मिश्रा बाहरी प्रत्याशी है। उनकी लोकसभा के अंदर कोई पकड़ नहीं है। समर्थकों ने सवाल किया कि क्या हमारे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के नेता नहीं जो कि बाहरी प्रत्याशी को यहां टिकट दिया गया है? विरोध प्रकट करने वाले कार्यकर्ताओं का दावा है कि अच्छा प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र में मौजूद होने के बाद भी बाहरी व्यक्ति को यहां का प्रत्याशी बना दिया गया जिससे हम लोग विरोध कर रहे हैं। हम लोगों को बाहरी प्रत्याशी मंजूर नहीं है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग लगभग आधे घंटे तक भाजपा कार्यालय पर नारेबाजी करते रहे। उधर, बीजेपी के कार्यकर्ताओं व प्रदर्शनकारियों ने पार्टी के एक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पार्टी पदाधिकारी ने उनकी नाराजगी को उच्च नेतृत्व तक उनकी बात पहुंचाने की बात कही।

"प्रदर्शन करने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य और कुछ स्थानीय लोग शामिल थे, पार्टी का कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस प्रदर्शन में नहीं थे। सीसीटीवी कैमरा में देखा जा रहा है अगर कोई पदाधिकारी व कार्यकर्ता इसमें शामिल हुआ है तो उसके ऊपर कार्रवाई की जायेगी।
-उदय प्रकाश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष, भाजपा

"साकेत मिश्रा एक योग्य और इमानदार प्रत्याशी हैं विरोधी परेशान हैं यह प्रदर्शन विरोधीयों की चाल है।
-अरविंद कुमार

"मुझे पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है मैं उसे पूरा करने के लिए तन मन से प्रयास करूंगा। यदि 58 लोकसभा क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति कोई मदद की आवश्यकता होगी तो मैं 24 घंटे सेवा में उपस्थित हूं।
-साकेत मिश्र, भाजपा प्रत्याशी

"एनडीए का कोई भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी का विरोध नहीं कर रहा है। यह विरोधी दल की चाल है। वर्तमान सरकार में हो रहे विकास कार्य विरोधी दल को हजम नहीं हो रहा है।
-राज कुमार ओझा, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय लोकदल श्रावस्ती

"यह विरोधियों की प्रायोजित चाल है। जिनको टिकट नहीं मिला उनके इशारे पर ऐसा किया जा रहा है।
-अतुल तिवारी

"हाईकमान के निर्णय का स्वागत है विरोध करने वाले कौन थे मैं नहीं जानता। भाजयुमो का कोई भी कार्यकर्ता व पदाधिकारी इस प्रदर्शन में नहीं था।
-हरिओम तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष, श्रावस्ती

पहले सैफई-इटावा के नाम से डरते थे लोग

- सीएम ने सैफई विवि में 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल का किया लोकार्पण
- आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय बनाने के लिए दिवंगत मुलायम सिंह का जताया आभार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पहले लोग इटावा व सैफई के नाम से डरते थे लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विजन, सबका साथ सबका विकास के बाद अब यूपी में तेरा-मेरा नहीं चलता है। यूपी सरकार भी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में लगी है। सैफई में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय बड़ी उपलिब्ध है। ग्रामीण क्षेत्र में विश्वविद्यालय की स्थापना करने के लिए वह सपा संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव को आभार और श्रद्धांजलि देते हैं। मुख्यमंत्री सैफई विवि में 490 करोड़ की लागत से बने 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल का लोकार्पण करने के बाद विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने 14 गैर शैक्षणिक स्टाफ को नियुक्ति पत्र दिए। मुख्यमंत्री को जब पता चला कि इन कर्मचारियों में कई प्रदेशों के लोग हैं तो काफी खुश हुए और कहा कि आज सैफई में लघु भारत के दर्शन हुए हैं। इस दौरान उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने सुनाया 28 वर्ष पुराना किस्सा

मुख्यमंत्री ने इटावा, सैफई के नाम से लोगों में व्याप्त दहशत को एक किस्से के रूप में सुनाया। बताया कि वह तीन संतों के साथ 1996 में जयपुर से कानपुर जा रहे थे। आगरा पहुंचने में रात हो गई थी। तब उनको पुलिस ने रोक लिया और आगे न जाने की सलाह दी। पूछने पर बताया कि आगे जाओगे तो कुछ भी घटना हो सकती है।

एक नजर

रामलला की भोग पूजा में भी हुआ बदलाव

अयोध्या, अमृत विचार : बदलते मौसम में रामलला की नित्य सेवा में कुछ बदलाव किए गए हैं। राग-भोग में विशेष ध्यान रखा जा रहा है। रामलला के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बुधवार को बताया कि रामलला को सुबह चार बजे नित्य स्नान कराया जाता है। इसके बाद भोग में सीजन के फल व पेड़ा अर्पित किया जाता है। श्रृंगार आरती के बाद रबड़ी, ड्राई फ्रूट्स का भोग लगाया जाता है। सुबह 9 बजे रामलला को बाल भोग में केसर, मखाना, मिश्री, किशमिश मिश्रित दूध का भोग लगता है। साथ ही दलिया, पोहा, खीर आदि भी अर्पित किए जाते हैं। दोपहर 12 बजे राजभोग रोटी, सब्जी, चावल, दाल, पापड़, अचार, पूड़ी, कचौड़ी आदि अर्पित की जाती है।

सोनम चिश्ती ने मांगा सुलतानपुर से टिकट

सुलतानपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की सरगर्मी जिले में बढ़ती जा रही है। इसी बीच बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर सोनम चिश्ती ने सुलतानपुर लोकसभा सीट से टिकट मांगकर सबको चौका दिया। यहां भाजपा से ही मेनका संजय गांधी सांसद है। बुधवार को किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सोनम किन्नर ने लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जता दी।

गोंडा में धोखाधड़ी केस में पूर्व कारागार मंत्री की जमानत खारिज, भेजे गए जेल

उरई के डॉक्टर को खनन पट्टे में पार्टनर बनाने का झांसा देकर की थी 25 लाख की ठगी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: उरई जिले के रहने वाले एक डॉक्टर को खनन पट्टे में पार्टनर बनाने का झांसा देकर 25 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट ने बुधवार को प्रदेश के पूर्व कारागार मंत्री व कांग्रेस सांसद विनय कुमार पांडेय उर्फ बिन्नू पांडेय की जमानत अर्जी खारिज कर दी। पूर्व सांसद की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि अपराध गंभीर प्रकृति का है इसलिए आरोपी को जमानत पर रिहा किया जाना न्यायोचित नहीं है। जमानत खारिज करने के साथ ही कोर्ट ने उन्हे जेल भेज दिया। मामले में वह अंतरिम जमानत पर थे।

उरई जिले के रहने वाले डा उमाशंकर सोनी ने वर्ष 2018 में पूर्व कारागार राज्य मंत्री व पूर्व सांसद के खिलाफ जिले की नगर कोतवाली में खनन पट्टे के नाम पर 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। विवेचना के बाद पुलिस ने पूर्व सांसद से खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में पूर्व सांसद विनय पांडेय अंतरिम जमानत पर थे। बुधवार को उनकी पूर्णकालिक जमानत के लिए कोर्ट सुनवाई कर रही थी। पूर्व सांसद ने अपनी बीमारी का हवाला देते हुए मुकदमें के फैसले तक जमानत दिए जाने की मांग की थी। सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तृतीय ने कहा कि चूंकि अपराध गंभीर किस्म का है और आजीवन कारावास से दंडनीय है, इसलिए जमानत नहीं दी जा सकती। उन्होंने पूर्व सांसद की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। जमानत खारिज होने के बाद उन्हे जेल भेज दिया गया है।

यह था पूरा मामला

उरई जिले के सिविल लाइन क्षेत्र के रहने वाले डा उमाशंकर सोनी के मुताबिक चिकित्सा पेशे से जुड़े होने के कारण उनकी पूर्व सांसद विनय से जान पहचान थी। वह विनय पांडेय से कई बार उनके आवास विकास स्थित आवास पर मिल चुके थे। डॉ. उमाशंकर का कहना है कि पूर्व सांसद ने उन्हें बताया कि उरई जिले में उनका बालू खनन का ठेका है। पूर्व सांसद ने उन्हें ठेके में 35 फीसदी का पार्टनर बनाने का वादा करते हुए 25 लाख रुपये ले लिए। पूर्व सांसद ने 100 रूपये के स्टांप पर महीप ओझा के नाम से एक ओएमयू भी साइन कराया लेकिन जब खनन का काम शुरू हुआ तो उन्हे सूचना नहीं दी गई।

कारागार राज्यमंत्री व सांसद रह चुके हैं विनय

बलरामपुर जिले के घुघुलपुर गांव के रहने वाले विनय कुमार पांडेय उर्फ बिन्नू वर्ष 1997 में बलरामपुर सदर सीट से लोकतांत्रिक कांग्रेस पार्टी के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए और फिर भाजपा व लोकतांत्रिक गठबंधन सरकार में होमगार्ड राज्य मंत्री बने। बाद में उन्हे कारागार प्रशासन राज्य मंत्री बनाया गया। वर्ष 2004 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर गोंडा से लोकसभा का चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हे श्रावस्ती सीट से प्रत्याशी बनाया और वह सांसद बने। उनकी पत्नी सीमा पांडेय भी गोंडा जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं।

सीबीआई कोर्ट भी सुना चुकी है सजा

कांग्रेस के पूर्व सांसद और प्रदेश के पूर्व कारागार राज्य मंत्री विनय कुमार पांडेय उर्फ विन्नू पांडेय व उनके निजी सहायक अरविंद तिवारी उर्फ अरविंद कुमार को सीबीआई की विशेष अदालत भी वर्ष 2023 में यात्रा भत्ते में फर्जीवाड़ा, भ्रष्टाचार और घोटाले का दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष की सजा सुना चुकी है। सांसद रहने के दौरान विनय पांडेय ने वर्ष 2012 में फर्जी ई-टिकट और फर्जी बोर्डिंग पास से यात्रा दिखाकर 971384 रुपये का भुगतान ले लिया था।

पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में दरोगा का बयान दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचार : भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र आनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में वादी गवाह तत्कालीन दरोगा आरपी शाही बुधवार को गिरफ्तारी वारंट पर एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में हाजिर हुए तथा कोर्ट से वारंट निरस्त करने की मांग की। कोर्ट ने दरोगा का वारंट निरस्त कर उनकी गवाही दर्ज की। बचाव पक्ष के वकील राजेश सिंह ने दरोगा से जिरह की।

कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए तारीख नियत की है। अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

रामलला का 1100 कलश से किया जाएगा अभिषेक

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर परिसर में 48 दिवसीय मंडप उत्सव 10 मार्च को समाप्त हो जाएगा। इस दौरान भव्य उत्सव का आयोजन होगा। जिसमें 1100 तांबे के कलश में सरयू का जल लेकर एक विशेष अनुष्ठान किया जाएगा। रामलला को विशेष फूलों का हार पहनाया जाएगा, जिसके लिए कर्नाटक से मोती, गुलाब, कमल और सुपारी का फूल मंगाया गया है। इस अनुष्ठान में बुधवार को कर्नाटक के पूर्व सांसद नवीन कुमार और कांग्रेस के विधायक मांजना मंडारकी बुधवार को अनुष्ठान के यजमान रहे। सुबह 11 बजे रजत प्रतिमा का आरती पूजन के बाद परिसर भ्रमण कराया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य उडुपी पीठाधीश्वर विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि गर्भगृह में विराजमान होने से पूर्व जिस उत्सव मूर्ति की पूजा हुई थी, उस को इन दिनों पालकी पर विराजित कर छत्र चंवर और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि में मंदिर की परिक्रमा करवाई जा रही है।

गैंगरेप के दो आरोपी गिरफ्तार, गए जेल

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : मोतिगरपुर थाने के एक गांव की रहने वाली महिला ने बीती 18 फरवरी को पुलिस में शिकायत का दर्ज कराई थी। महिला का आरोप था कि घटना के दिन वह घर पर छोटे भाई के साथ अकेली थी। घर के सभी लोग मामा के यहां निमंत्रण में गए हुए थे। लगभग 9 बजे वह घर के बाहर फ्रेश होने के लिए निकली थी कि तभी गांव के ही सचिन कुमार और सूरज कुमार रास्ते पर ही पकड़ लिए और छेड़छाड़ करने लगे। छोटा भाई शोर सुनकर मौके पर पहुंचा तो दोनों ने पीड़िता और उसके भाई को मारा-पीटा जिससे दोनों को काफी चोटें आईं। मोतिगरपुर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर पहले छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों आरोपियों को आज थाना क्षेत्र के सावरण कोल्ड स्टोर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

महिला दरोगा को तेजाब से जलाने की दी धमकी

बिधनू (कानपुर),अमृत विचार: सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में शादी कहीं और करने पर शोहदे ने महिला दरोगा को परिवार समेत तेजाब से जला डालने की धमकी दी है। जिसके बाद पूरा परिवार दहशत में जीने को मजबूर है। युवती के होने वाले ससुरालीजनों को पूर्व की फोटो और वीडियो दिखाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी।

थाना क्षेत्र में रहने वाले सीआरपीएफ दरोगा की बेटी की क्षेत्र के रहने वाले अजय कुमार से मित्रता थी। करीब एक साल पहले युवती की पुलिस दरोगा के पद पर मेरठ में नियुक्ति हो गई। युवती की दरोगा के बेटे से शादी तय हो गई। जिस पर अजय ने युवती को फोन पर दूसरी जगह शादी करने से रोका। अजय ने उसे दूसरी जगह शादी करने पर परिवार समेत तेजाब से जलाकर मार देने की धमकी दे दी। इसके बाद उसके होने वाले ससुरालीजनों को घर बुलाकर पूर्व में युवती के साथ खिंचाई फोटो और बने वीडियो दिखाकर शादी तोड़ने का दबाव बनाया। आरोप है कि अजय ने भाई आशीष, अजीत और बहनोई अजय कुमार के साथ मिलकर युवती को बदनाम करने के लिए एडिट किए हुए फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अजय, उसके दोनों भाई व बहनोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

सुलतानपुर में बच्चे को पीटने वाला हेड मास्टर निलंबित

सुलतानपुर, अमृत विचार : विद्यालय में शिक्षण कार्य के दौरान शिक्षक को बच्चे की पिटाई करना महंगा पड़ गया। अभिभावक की शिकायत पर खंड शिक्षाधिकारी कुड़वार की जांच में आरोप सही पाए जाने पर बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने शिक्षक को निलंबित कर दिया है। मामला कुड़वार विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जासरपुर नरही से जुड़ा है। गांव निवासी अभिभावक फातिमा बानो पुत्री साहेब अली ने खंड शिक्षा अधिकारी को मंगलवार को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि नरही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले उसके बच्चे को प्रधानाध्यापक मो. इसरार द्वारा डंडे से पिटाई की गई। जिसकी जांच बीईओ रोजी सिंह ने करते हुए दोनों पक्षों का बयान सहित साक्ष्य बीएसए दीपिका चतुर्वेदी को सौंपा। बीईओ की रिपोर्ट व आरोपी शिक्षक द्वारा जनप्रतिनिधि से फोन कराकर अनावश्यक दबाव बनवाने के बाद बीएसए ने शिक्षक मो. इसरार को निलंबित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जयसिंहपुर से संबद्ध कर दिया। निलंबन की जांच बीईओ शिव शंकर मिश्रा जयसिंहपुर को दिया है।

पुरुष और स्त्री, दोनों के लक्षण मिले

रिपोर्ट से खुलासा

- मेडिकल ने बढ़ाई ट्रांसजेंडर दीप तनवानी की परेशानी
- बोर्ड से दोबारा मेडिकल के लिए भेजा, जेल में इंतजाम किए अलग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : इंदौर की फैशन डिजाइनर ट्रांसजेंडर दीप तनवानी ने एक करोड़ रुपये खर्च करके कॉस्मेटिक और प्लास्टिक सर्जरी से खुद को महिला बनाने की कोशिश की। जेल भेजने के दौरान मेडिकल होने पर उसमें स्त्री के लक्षण पाए गए। मंगलवार देर शाम जेल में जब दीप तनवानी का मेडिकल हुआ तो उसके अंदर पुरुष के लक्षण पाए गए। इसके बाद जेल के डॉक्टर ने उसे दोबारा मेडिकल जांच के लिए सलाह लिखी। जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय के आदेश के बाद बुधवार को बंदी रक्षकों और पुलिस लाइन की महिला सिपाहियों के साथ उसे मेडिकल के लिए बोर्ड के पास भेजा गया। जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय ने बताया कि दीप तनवानी के रहने का अलग इंतजाम किया गया है।

उन्होंने बताया कि दीप तनवानी के रहने, खाने और नहाने का इंतजाम अलग होगा। बैरिक में सुरक्षा में तैनात महिला बंदी रक्षक ने बताया कि मंगलवार पूरी रात वह सोई नहीं। कभी छत की तरफ तो कभी उसकी तरफ देखती रही। उसने कहा कि कानपुर में उसका कोई मिलने वाला भी नहीं है। अब उसके साथ क्या होगा? सुबह उसने बंदी रक्षक से पूछा कि अब उसे कितने दिन रहना होगा? साथ ही इंदौर में रहने वाले परिवार वालों से बात भी कराने को कहा। दीप ने कहा कि उसके प्रेमी वैभव ने हर कदम पर धोखा दिया है। वह वैभव की हर तरह से मदद करती थी। वैभव के धोखा देने पर उसने दोस्त रोहन के साथ मिलकर उसके चाचा अनूप शुक्ला की कार फूंक दी थी। वैभव के शादी के इनकार करने पर वह अंदर ही अंदर जल रही थी।

दर्द की कहानी, दीप की जुबानी

दीप तनवानी ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2021 में उसकी जान पहचान वैभव से इंस्टाग्राम पर हुई थी। उस समय वैभव, सोनू मौर्य नाम की फेक इंस्टा आईडी से बातचीत करता था। मई में उससे मिलने वृंदावन के अखंडानंद आश्रम पहुंची। तब वैभव ने कहा कि मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं। अपनी सर्जरी कराकर लड़की बन जाओ अपने घरवालों को शादी के लिए मना लूंगा। नौ जुलाई 2021 को उसने ब्रेस्ट सर्जरी करवाई। कुछ दिन बाद वैभव ने बात करना कम कर दिया। सोनू मौर्य के नाम से जो इंस्टा आईडी बनाया था उसे भी बंद कर दिया। उसके पास जो नम्बर था, वह भी बंद आने लगा। वैभव एक बार उसके घर भी आया था। उसने मां से कहा था कि वह उससे शादी करना चाहता है। उसके साथ कई बार अप्राकृतिक संबंध बनाए थे। बाद में शादी की बात करने पर झगड़ा करने लगता था। फिर शादी की बात से मुकर गया और बोला परिवार राजी नहीं होगा तुमसे बच्चे भी नहीं होंगे, अब मुझसे मत मिलना। दीप तनवानी ने वैभव से चैटिंग के साक्ष्य भी पुलिस को बताए हैं। पुलिस जांच कर रही है।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी ककवन, कानपुर नगर

पत्रांक 760/निविदा/निविदा प्रकाशन पत्रा0/2023-24 दिनांक: 06.03.2024

अतिअल्पकालीन निविदा

महामहिम राज्यपाल,उ0प्र0 की ओर से विकास खण्ड ककवन में पंजीकृत समस्त ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड-ककवन में पंचम राज्य वित्त एवं 15वाँ केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपलब्ध धनराशि से क्षेत्र पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित करने के लिए अलग-अलग मोहर बंद निविदायें दिनांक 13.03.2024 को प्रात: 11:00 बजे से 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो कि इसी तिथि में अपरान्ह 03:00 विकास खण्ड कार्यालय ककवन में टेण्डर समिति द्वारा उपस्थिति निविदा दाताओ के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को धरोहर राशि के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी ककवन, जनपद कानपुर नगर के पक्ष में बंधक हो, जमा करनी होगी। विस्तृत जानकारी अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.03.2024 से 13.03.2024तक किसी भी कार्यदिवस में प्रात: 10:00 बजे से सायंकाल 3:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकती है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100=00 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार/स्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।

क्र0	ग्राम पंचायत	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत	धरोहर की राशि	निविदा का मुल्य	कार्य पूर्ण किये जाने की अवधि	कार्य की माप मीटर में		
							ल0	चौ0	ग0
1	सलेमपुर बिल्हौर	ग्राम पंचायत सलेमपुर में मोहन लाल के दरवाजे से सरदार मास्टर के खेत तक नाला निर्माण का कार्य ।	9.81	19620	500	06 माह	145	1.00	0.90
2	औराताहपुर	ग्राम पंचायत औरोतहारपुर में रामचन्द्र प्रजापति के दरवाजे से धर्मेन्द्र कुशवाहा के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग लगाने व नाली निर्माण का कार्य ।	9.92	19840	500	06 माह	120	3.85	0.30
3	सिहुरादारा सिकोह	ग्राम पंचायत सिवरादारासिकोह के मजरा निबौरी में राम नरेश के घर से मूलचन्द्र गौतम के घर तक इण्टरलाकिंग लगाने का कार्य ।	9.94	19880	500	06 माह	173	3.06	-
4	फत्तेपुर	ग्राम पंचायत फत्तेपुर के मजरा बस्तीपुर में डामर रोड के पास ट्रांस्फार्मर से फूल सिंह के दरवाजे तक खड़न्जा लगाने का कार्य ।	8.51	17020	500	06 माह	300	3.50	-
5	बछना	ग्राम पंचायत बछना में मेंन रोड से संजू ठाकुर के घर तक इण्टरलाकिंग लगाने का कार्य ।	9.89	19780	500	06 माह	165	2.68	0.3
6	उत्तमपुर	ग्राम पंचायत उत्तमपुर में श्रीपाल कुशवाहा के घर से विपिन के घर तक इण्टरलाकिंग लगाने का कार्य ।	7.47	14940	500	06 माह	115	3.05	-
7	बछना	ग्राम पंचायत चन्दपुरा में गोविन्द के घर से प्रेम कुमार के घर तक इण्टरलाकिंग लगाने का कार्य ।	6.32	12640	500	06 माह	113	3.11	-
8	उटठा	राम कुमार के घर से डामर रोड तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य।	9.99	19980	500	06 माह	135	4.40	-
9	उटठा	ग्राम पंचायत उट्ठा के मजरा मुस्वा नेवादा में अनिल के घर से जगदीश के घर तक खड़न्जा निर्माण का कार्य ।	4.37	8740	500	06 माह	175	4.00	-
10	मनावा बिल्हौर	ग्राम पंचायत मनावा अशोक यादव के घर से मोहन लाल दिवाकर के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य	5.78	11560	500	06 माह	100	3.50	0.30
11	मनावा बिल्हौर	ग्राम पंचायत मनावा में श्रीकृष्णपाल के घर से रामपाल के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य	6.72	13440	500	06 माह	100	3.00	0.30

अन्य शर्ते:-
1.सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2.कार्य की मॉप आवश्यकता अनुसार घट बढ़ सकती है, ठेकेदार निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर ले। एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिए मान्य होंगा।
3.निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न करने पर अनुबंध समाप्त कर दिया जायेगा।
4.नियमानुसार कर ठेकेदार द्वारा वाहन किया जायेगा।

(शिव नरेश)
खण्ड विकास अधिकारी
ककवन, कानपुर नगर

चेक बाउंस होने के मामले का संज्ञान ले सकती है कोर्ट

प्रयागराज, एजेंसी

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि चेक बाउंस होने के मामले में यदि एक महीने में शिकायत दर्ज कराई जाती है तो अदालत इसका संज्ञान ले सकती है। अदालत ने परक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशिएबल इंस्ट्रुमेंट्स एक्ट) 1881 की धारा 138 के तहत दर्ज शिकायत पर गौर करने के बाद यह टिप्पणी की।

शिकायत में कहा गया था कि खाते में अपर्याप्त राशि होने की वजह से बैंक ने बिना भुगतान के याचिकाकर्ता को चेक वापस लौटा दिया। सुदेश कुमार नामक व्यक्ति की यह याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति डॉक्टर योगेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों के मुताबिक धारा 138 के तहत एक महीने में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। अदालत ने कहा कि यदि चेक जारी करने वाला व्यक्ति उचित अवधि में भुगतान करने में विफल रहता है तो उसे इस संबंध में धारा 138 के प्रावधान के तहत 15 दिन के अंदर नोटिस भेजना आवश्यक है।

देश-दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी की सर्वाधिक रेटिंग : धामी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मजबूत इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति हैं, वह 18 घंटे तक लगातार काम करने के बाद भी रुकते नहीं हैं। देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति से भी प्रधानमंत्री का अटूट प्रेम है। उत्तराखंड का विकास उनकी प्राथमिकता में हैं। हर गरीब का अपना मकान होगा यह उनकी ही सोच है। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को रुद्रपुर में नजूल भूमि के निशुल्क पट्टा वितरण एवं किफायती आवास आवंटन के दौरान कही।

सीएम धामी ने बुधवार को गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश हित में सोचते हैं। इस वजह से आज देश तरक्की कर रहा है, दुनिया में हमारे देश ने एक अलग पहचान बनाई है। लालकुआं से अमृतसर को ट्रेन संचालित करना हो या फिर किच्छा में एम्स और पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण सभी प्रधानमंत्री मोदी के ही विकास की सोच है। मुझे बहुत खुशी है कि आज आखिरकार वह दिन आ गया है जब गरीबों को उनका घर और पट्टा मिल रहा है।

गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का माला पहनाकर कर स्वागत करते सांसद, विधायक व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित
- कहा-18 घंटे लगातार काम करने के बाद भी नहीं थकते हैं प्रधानमंत्री

2600 परिवारों को मिला मालिकाना हक

मुख्यमंत्री धामी ने 2600 लोगों को मालिकाना हक के स्वीकृति पत्र सौंपे। जिला विकास प्राधिकरण की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 403 लाभार्थियों को आवास आवंटन पत्र भी सौंपे।

56,704.93 लाख के कार्यों का किया शिलान्यास

सीएम धामी ने ऊधमसिंह नगर की नौ विधानसभा सीटों पर 56704.93 लाख की 222 विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसमें 35758.69 लाख के 106 कार्यों का शिलान्यास और 20946.24 लाख के 116 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

मणिपुर में एनआरसी लागू करने की सिफारिश करेंगे : बीरेन सिंह

इंफाल, एजेंसी

- मणिपुर सरकार ने सदन में पेश किया प्रस्ताव

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने के लिए केंद्र को सिफारिश भेजेंगे क्योंकि उनकी सरकार इसे अकेले नहीं कर सकती।

सिंह के इस बयान के कुछ दिन पहले विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें केंद्र सरकार से विशेष रूप से राज्य और राष्ट्र के हित में राज्य में एनआरसी लागू करने का आग्रह किया गया। पिछले साल मई से जातीय संघर्ष से प्रभावित राज्य के मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि उन्होंने और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य में हिंसा के पीछे मेइती, कुकी और नगा समुदाय नहीं हैं। उन्होंने उन लोगों को दोषी ठहराया जो मणिपुर को तोड़ना चाहते हैं। सिंह ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि राज्य इसे (एनआरसी) लागू नहीं कर सकता। हमने सदन में एक प्रस्ताव लाया है। हम मणिपुर में एनआरसी लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाने को लेकर केंद्र सरकार को सिफारिश भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधार वर्ष 1961 होगा। राज्य मंत्रिमंडल ने 2022 में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) के कार्यान्वयन के संबंध में राज्य में अवैध आप्रवासन की पहचान करने के लिए 1961 को आधार के रूप में अपनाया। आईएलपी दिसंबर 2019 में राज्य में पेश किया गया था और जनवरी 2020 में लागू हुआ। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा शुक्रवार से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू करेगी। हालांकि पार्टी ने अभी तक मणिपुर के लिए किसी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

काम नहीं तो वेतन नहीं नियम पेश किया

इंफाल : मणिपुर सरकार ने बुधवार को अपने उन कर्मियों के लिए 'काम नहीं, तो वेतन नहीं' व्यवस्था शुरू की जो 'बिना वैध एवं स्वीकृत कारणों' के कार्यालयों से अनुपस्थित रहे हैं। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी कार्यालय परिपत्र में कहा गया कि जो अधिकारी राज्य में वर्तमान कानून व्यवस्था की स्थिति के चलते तैनाती के स्थान पर कार्यालय जाने में असमर्थ हैं, उन्हें उपायुक्त/लाइन विभाग/ क्षेत्र स्तरीय कार्यालय से संबद्ध किया गया था ताकि वे वहां से काम कर सकें या उन्हें संबंधित उपायुक्त अथवा इस संबंध में अधिकृत ऐसे अधिकारियों द्वारा जो जिम्मेदारियां सौंपी जाए उनका निर्वहन कर पायें।

मिनिकॉय द्वीप में नौसेना बेस आईएनएस जटायु का लोकार्पण

नई दिल्ली : नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बुधवार को लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप में नौसेना बेस जटायु का लोकार्पण किया। इस मौके पर लक्षद्वीप के प्रशासक प्रफुल्ल के पटेल, दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास और अन्य गणमान्य वयक्ति मौजूद थे। इससे लक्षद्वीप द्वीप में नौसेना की पकड़ मजबूत होगी और क्षेत्र में क्षमता निर्माण, परिचालन पहुंच और रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे। मिनिकॉय में नौसेना बेस की स्थापना से द्वीपों के व्यापक विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए मुख्य भूमि के साथ कनेक्टिविटी बढ़ेगी। आईएनएस जटायु नौसेना प्रभारी अधिकारी (लक्षद्वीप), दक्षिणी नौसेना कमान के नियंत्रण में कार्य करेगा। नौसेना प्रमुख ने यूनिट के अधिकारियों और जवानों से बातचीत की और इस महत्वपूर्ण अवसर पर उनकी सराहना की।

सरकार गिराने की कोशिश करने वालों को बख्शेंगे नहीं : रेड्डी

हैदराबाद : तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने बुधवार को चेतावनी दी कि जो लोग उनकी सरकार को गिराने की कोशिश करेंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार है जो लोगों के कल्याण के लिए काम कर रही है।

रेड्डी ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी के तहत राज्य की प्रगति के लिए इस सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तेलंगाना यात्रा के दौरान उनसे मदद मांगी थी और अगर केंद्र धन उपलब्ध कराने में विफल रहता है तो वह मोदी के खिलाफ खड़े होंगे। एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी ने छूने (सरकार को गिराने) की कोशिश की तो हम चुप नहीं रहेंगे।

नेताओं और नौकरशाहों ने जन विश्वास को डाल दिया है कचरे में : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड के कॉर्बेट बाघ अभयारण्य में अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई को मंजूरी देने के लिए राज्य के पूर्व वन मंत्री एवं कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत तथा पूर्व मंडल वन अधिकारी किशन चंद को बुधवार को कड़ी फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि यह वह मामला है जहां नौकरशाहों और नेताओं ने जन विश्वास के सिद्धांत को 'कचरे के डिब्बे' में डाल दिया है। उच्चतम न्यायालय ने मामले की जांच कर रहे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को तीन माह के भीतर स्थिति रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए। पीठ ने कहा, रावत और चंद ने कानून की घोर अवहेलना की और पर्यटन को बढ़ावा देने की आड़ में व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए इमारतें बनाने के वास्ते बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई में संलिप्त रहे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह कानूनी प्रावधानों को पूरी तरह ताक पर रख देने की रावत और चंद की धृष्टता से चकित है। शीर्ष अदालत ने एक समिति भी गठित की है, ताकि यह तय किया जा सके कि देश के राष्ट्रीय उद्यानों के सीमांत क्षेत्रों अथवा बफर क्षेत्रों में बाघ सफारी की अनुमति दी जा सकती है या नहीं। प्रवर्तन निदेशालय ने इससे पहले बाघ अभयारण्य में अवैध निर्माण के मामले में रावत और चंद के आवासों पर छापे मारे थे।

कॉर्बेट अवैध निर्माण मामला

- पूर्व वन मंत्री और पूर्व वन अधिकारी को लगाई फटकार

घोषणा पत्र का मसौदा खड़गे को सौंपा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस का 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र का मसौदा तैयार हो गया है और इसे आज पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को सौंप दिया गया है। श्री खडगे ने खुद यह जानकारी देते हुए ट्वीट किया " 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए 'न्याय' पर आधारित हमारे घोषणापत्र का मसौदा तैयार है और कांग्रेस घोषणापत्र समिति ने इस मसौदे की प्रति आज मुझे प्रस्तुत कर दी है।" उन्हीने कहा "हरित क्रांति और श्वेत क्रांति से लेकर सार्वजनिक उपक्रमों के निर्माण तक, दूरसंचार और आईटी क्रांति से उदारीकरण तक, समावेशी शासन से अधिकार आधारित प्रतिमान तक - कांग्रेस हमेशा भारत के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है।" इससे पहले घोषणापत्र समिति के अध्यक्षता तथा पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने आज शाम श्री खडगे मसौदे की प्रति सौंपी। श्री चिदंबरम ने मंगलवार को बताया था कि मसौदा तैयार है। मसौदे के दस्तावेज को मंजूरी देने के लिए जल्द ही पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में रखा जाएगा।

महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान ही विकसित राष्ट्र की पहचान : राहुल

नयी दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पुडुचेरी में एक बच्ची की हत्या की घटना पर दुख जताते हुए बुधवार को कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान ही एक विकसित राष्ट्र की पहचान है।

पुलिस के अनुसार, पुडुचेरी में लड़की का शव मंगलवार को उसके घर के पास एक नाले में बोरी में मिला था। उसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे थे। कुछ दिन पहले उसके माता-पिता ने उसके बारे में पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी थी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पुडुचेरी में नौ वर्षीय बच्ची के साथ हुई दरिंदगी ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। आखिर देश में बेटियों के साथ अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती क्यों चली जा रही हैं? उन्होंने कहा कि 2022 में ही महिलाओं के साथ 4.5 लाख आपराधिक घटनायें हुईं, जिसमें 31 हजार मामले सिर्फ बलात्कार के थे। राहुल गांधी ने कहा कि उत्तराखंड में सड़क पर बैठा अंकिता भंडारी का परिवार हो, मध्यप्रदेश में पत्नी के साथ दुर्व्यवहार पर न्याय न मिलने से टूट कर बच्चों के साथ फांसी लगा लेने वाला पति हो या झारखंड में गैंग रेप का शिकार हुई स्पैनिश पर्यटक, ऐसी हर घटना में असंवेदनशील होती व्यवस्था और निर्दयी होते समाज की झलक है, जो एक राष्ट्र के तौर पर हमारे लिए आत्ममंथन का विषय है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान ही एक विकसित राष्ट्र की पहचान है।



- लगातार बढ़ रही घटनाओं पर आत्ममंथन की जरूरत

तीन विभूतियां संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित

भोपाल, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विज्ञान भवन में आयोजित एक अलंकरण समारोह में प्रदेश की तीन विभूतियों को वर्ष 2023 के संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया। यहां प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मु ने रंगमंच के क्षेत्र में राजीव वर्मा और अनूप जोशी तथा संगीत के क्षेत्र में सुश्री कलापिनी कोमकली को ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया।

पुरस्कृत विजेताओं को अंगवस्त्रम और एक लाख रुपए की नगद धनराशि भी प्रदान की गई। राजीव वर्मा को रंगमंच अभिनय में, अनूप जोशी को संबद्ध नाट्यकला- प्रकाश विन्यास में तथा सुश्री कलापिनी कोमकली को हिंदुस्तानी गायन संगीत में विशिष्ट योगदान के लिए अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में वर्ष 2022 और 2023 के लिए कुल 94 विभूतियों को अकादमी पुरस्कार और 7 कलाकारों को अकादमी फेलोशिप प्रदान किए गये। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी एवं संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित थे।

- राष्ट्रपति ने विभूतियों को ताम्रपत्र देकर किया सम्मानित

52 जिलों के किसानों को जारी हुए 83 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान के मुआवजे से छूटे किसानों को बड़ी राहत दी है। ऐसे 52 जिलों के किसानों को 83 करोड़ से ज्यादा की मुआवजा राशि जारी की गई है। ये वो किसान हैं जो तकनीकी कारणों से मुआवजा प्राप्त करने से चूक गए थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे किसानों को तत्काल मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए थे, जिस पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की गई। बाढ़, ओलावृष्टि, अत्यधिक वर्षा के कारण 33 फीसदी से अधिक फसल की क्षति पर राज्य सरकार, भारत सरकार की गाइडलाइंस के आधार पर किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान करती है। ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान कुछ जिलों में किसानों का डाटा फेल होने के कारण कई किसान लाभ से वंचित रह गए थे। इन्हें अब मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू हुई है।

राजस्व व राहत विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुआवजे से छूटे किसानों को सहायता धनराशि देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में दोबारा सर्वे कराया गया। सर्वे के आधार पर वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे से छूटे किसानों को अब तक कुल 83,13,46,875 रुपये जारी किए गए हैं।

जिला स्तर पर दो साल से बरती गई लापरवाही: राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित बड़ी तादाद में किसानों के डाटा फीडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या में गलती और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं हो पाता है। ऐसे में दोबारा सत्यापन कराया जाता है, लेकिन जिलास्तर पर पिछले दो वर्षों में इसमें लापरवाही की गई, जिससे किसानों को मुआवजा जारी नहीं किया जा सका। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दोबारा सर्वे कराकर मुआवजे से वंचित किसानों को धनराशि हस्तातंरित की जा रही है।

- तकनीकी कारणों से दो साल से छूट गए किसानों को मुआवजा

ओलावृष्टि प्रभावित छह जिलों को 38 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी

राहत विभाग ने इस साल जनवरी और फरवरी के दौरान ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों के लिए 6 जिलों के किसानों हेतु 38 करोड़ से ज्यादा की मुआवजा राशि बुधवार को जी कर दी है। इन 6 जिलों में हमीरपुर, सहारनपुर, कानपुर देहात, बांदा, चंदौली और प्रयागराज शामिल हैं। राहत आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि एग्रीकल्चर, हार्टिकल्चर और रेवेन्यू की एक टीम बनाकर पुन: सर्वे कराया जाए, ताकि कहीं कोई कमी न रह जाए।

भाजपा में शामिल हुए सपा बसपा के पूर्व विधायक

बीजेपी मुख्यालय पर विभिन्न दलों के नेता व समर्थकों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी। : अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर सपा के पूर्व विधायक संजय गर्ग (सहारनपुर), बसपा के पूर्व विधायक रामकुमार गौतम (गाजीपुर) और पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह (बलिया) समेत कई नगर निकाय व पंचायत प्रतिनिधियों ने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान भूपेंद्र और ब्रजेश पाठक ने उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि पूरा देश मोदी के साथ है, इसबार चार सौ से अधिक लोकसभा सीटें जीतकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द यादव (जालौन), सपा से नगर पंचायत अध्यक्ष राजकिशोरी (महोबा), नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा गौतम (लखीमपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस कुमार वर्मा (बलरामपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता मलिक (बागपत), ब्लाक प्रमुख मजहरून्निशां (संतकबीर नगर), जिला पंचायत सदस्य लीलाधर दुबे 'कुल्लू' (ललितपुर), प्रेमाबाई अहिरवार (ललितपुर), नरेन्द्र झा (ललितपुर), हिमांशु त्रिपाठी (फतेहपुर), अमरेन्द्र भारद्वाज (लखनऊ), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वंदना पाठक (झांसी), सपा की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नीरू पटेल (बरेली), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शिवहरे (हमीरपुर), बसपा के पूर्व झांसी कमीश्नरी अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे मूलशरण कुशवाहा, कांग्रेस के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डा. चन्द्रेश कुमार उपाध्याय (सिद्धार्थनगर), सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी केशव बाबू शिवहरे (हमीरपुर), सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना लाल रजक (ललितपुर), सपा के पूर्व विधान परिषद प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह पटेल (मीरजापुर), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डा. पीयूष कुमार यादव (आजमगढ़) समेत तमाम नेता अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

- प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्रहण की सदस्यता

उत्तर प्रदेश में पीएम मोदी से 16 गुना ज्यादा सभाएं करेंगे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश की 80 में से 51 लोकसभा सीटों के प्रत्याशी घोषित करने और मंत्रिमंडल विस्तार के बाद भाजपा ने रैली, सभाएं, रोड-शो समेत हाइटेक चुनाव प्रबंधन में इसबार एआई तकनीक भी आजमाएगी। चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में यह भी सामने आया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री की रैली और रोड शो की तुलना में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 16 गुना मेहनत करनी है। साथ ही गैर प्रदेशों में भी उनके 100 से अधिक कार्यक्रम तय होगें।

राज्य भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में बुधवार को सभी 80 सीटें जीतने के लिए नामांकन से लेकर बूथ प्रबंधन तक की रणनीति तय की गई। टॉप टेन शीर्ष नेताओं में शामिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि के अलावा अन्य सत्ता व संगठन के नेताओं व गैर प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को उन इलाकों में उतारने की रणनीति बनाई गई है, जहां वोटरों से लगाव व जातीय सरोकार सधता दिखे। बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, मंत्री जेपीएस राठौड़, स्वतंत्र देव सिंह सिंह समेत नेताओं ने अबतक की तैयारियों पर चर्चा की। वैसे चुनावी तैयारियों में भाजपा विरोधियों से मीलों आगे चल रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ विजय की मंत्र सिद्धि पर सबसे अधिक फोकस रहा। प्रदेश के 1.62 लाख बूथों में से 90 प्रतिशत पर पार्टी बूथ समितियों का सत्यापन पूरा करने के बाद अब नामांकन से लेकर बूथ प्रबंधन को लेकर रणनीति बनाई गई। तय हुआ कि हाइटेक तरीके से बड़े नेता और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कार्यकर्ताओं से संवाद बनाने में एआई तकनीक का भी प्रयोग भी हो। आम जनता से संवाद के साथ उनकी नाराजगी दूर करने और भीतरघात की चुनौती से पर भी इससे नजर रखी जा सकती है।

सूत्रों के मुताबिक भाजपा ने प्रदेश में चुनावी रैलियों और रोड-शो की योजना को अंतिम रूप देते हुए केंद्रीय नेतृत्व को भेजने पर मुहर लगा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में 10 रैली होगी और वाराणसी में रोड-शो करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश में 15 से ज्यादा रैलियां करेंगे। जबकि गृहमंत्री अमित शाह की 12 एक रैली करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर लोकसभा में रैली करेंगे, इसके लिए एक दिन में दो से तीन लोकसभा सीटों पर उनकी सभाएं होगीं। यानि पीएम के मुकाबले उनकी सभाएं प्रदेश में 16 गुनीं ज्यादा होगी। इसके अलावा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि तमाम नेताओं की रैली के कार्यक्रम तय किए गए हैं। सहयोगी दलों सुभासपा, रालोद, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) के नेताओं के भी कार्यक्रम किए गए हैं। भाजपा ने रैली के स्थान भी तय कर लिए हैं।

बैठक में मोदी के काम व नाम पर भरोसा और राम लला के आशीर्वाद से लोकसभा के चुनावी संग्राम में मिशन-80 पूरा करने का संकल्प दोहराया गया। बूथों पर ताकत बढ़ाने के लिए पन्ना समितियों का काम पूरा करने में पूरी ताकत झोकने का निर्णय लिया गया। सभी लोकसभा सीटों के लिए प्रभारी, संयोजक और विस्तारक नियुक्त किए जा चुके हैं। बेहतर चुनाव प्रबंधन और पर्यवेक्षण की दृष्टि से पार्टी ने प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को समूहों में बांटकर उनके क्लस्टर बनाए हैं। प्रत्येक क्लस्टर का प्रभार राज्य सरकार के मंत्री या संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी को सौंपा गया है। पार्टी की चुनावी रणनीति और संगठनात्मक कार्ययोजना को अमली जामा पहनाने के लिए प्रत्येक क्लस्टर में बैठकें हो चुकी हैं।

- भाजपा का रैली और रोड-शो से लेकर हाईटेक चुनाव प्रबंधन पर ज्यादा फोकस

चुनाव प्रबंधन की तैयारियां पूरी: चौधरी

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा हर समय चुनाव को सामने मानकर काम करने की अभ्यस्त है। बूथ प्रबंधन और पन्ना समितियों से लेकर लोकसभा सीटों के क्लस्टर स्तर तक हमारी तैयारियां पूरी हैं। पार्टी 80 में से 51 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर इसका संदेश भी दे चुकी है।

कोर्ट पहुंची जयाप्रदा ने दर्ज कराया बयान

संवाददाता, रामपुर

▸▸ स्वार से जुड़े आचार संहिता मामले में अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद पहुंचीं अदालत

अमृत विचार: आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बुधवार को पूर्व सांसद जयाप्रदा एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में पेश हुईं। उन्होंने स्वार के मामले में धारा 313 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 22 मार्च को सुनवाई होगी।

पूर्व सांसद के खिलाफ वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थानों में आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज कराए गए थे। ये दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। पिछली कई तारीखों पर जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं हुईं थीं। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए थे और धारा 82 की कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को आदेश दिया था। हालांकि चार मार्च को जयाप्रदा सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी और प्रवीण आर्य के साथ कोर्ट में पेश हुईं थीं। कोर्ट ने उनके वांरट और धारा 82 की कार्रवाई को निरस्त कर दिया था। बुधवार को जयाप्रदा अपने अधिवक्ता के साथ कोर्ट पहुंचीं। जहां उन्होंने स्वार से जुड़े मामले में बयान दर्ज कराए।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने एक तीर से साधे कई निशाने, बोले

तौकीर पर किसने नहीं होने दी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गंभीर आरोपों के दर्जन भर से ज्यादा आपराधिक केस होने के बाद भी मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ कार्रवाई न होने देने का जिम्मेदार कौन है, बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल की ओर से चलाया गया इस सवाल का तीर कई निशानों पर जाकर लगा। अपनी ही पार्टी सत्ता में होने के बावजूद राजेश ने सीधा आरोप लगाया कि शासन और हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी तौकीर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि सिर्फ तत्कालीन अधिकारी ही नहीं, मौजूदा अधिकारी भी तौकीर को बचाने के लिए जिम्मेदार हैं।

▸▸ शासन और हाईकोर्ट के आदेश पर भी कार्रवाई न करने के लिए मौजूदा अफसर भी जिम्मेदार

मंगलवार को ही कोर्ट ने तौकीर रजा को शहर में हुए 2010 के दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब करने का आदेश जारी किया था। इसके बाद बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश अग्रवाल ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि तौकीर रजा खां के खिलाफ वर्ष 2000 के पहले तक के मामले लंबित हैं। खुद उन्होंने तौकीर के खिलाफ 12-14 आपराधिक केसों का ब्योरा जुटाया है। बड़ा सवाल यह है कि इतने केस होने के बावजूद तौकीर पर कोई कार्रवाई न होने देने के लिए जिम्मेदार कौन है।

राजेश अग्रवाल ने कहा कि शहर में हुए दंगों की विभीषिका लोग आज भी नहीं भूले हैं। दंगाइयों के हौसले इतने बुलंद थे कि तत्कालीन डीआईजी तक को घेर लिया गया था। उन्होंने कहा कि थाना प्रेमनगर में तौकीर का गिरफ्तारी वारंट पड़ा रहा लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। बोले, वह शांति की स्थापना के लिए प्रयास कर रहे हैं। दोषियों पर कार्रवाई जरूर होगी। राजेश ने कहा कि उनके पास डीजीपी का फोन आया था। वह कहेंगे तो पूरा रिकॉर्ड भी दिखा देंगे। गौरतलब है कि कुछ ही दिन पूर्व साईं धाम मंदिर के महंत सुशील पाठक ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शहामतगंज में हुए बवाल के बाद तौकीर रजा खां के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

अफसर नहीं सुनते, तभी पैदा होते हैं सुल्ताना जैसे लोग

राजेश अग्रवाल ने नाम लिए बगैर मौलाना तौकीर की तुलना सुल्ताना जैसे लोगों से की। कहा, दुर्भाग्य है कि विश्वप्रसिद्ध कुल का व्यक्ति धर्म की आड़ में समाज को जलाने की बात कहता है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए अपशब्दों के साथ घर आने पर मारने की बात बोलता है। बोले, प्रकृति न्याय करती है। इसके बाद भी उस पर कार्रवाई नहीं की गई तो कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया। इस एक्शन से समाज को ऐसे लोगों से निजात मिलेगी। राजेश ने कहा कि सरकार के निर्देशों का पालन न होने से ही सुल्ताना जैसे लोग पैदा होते हैं। अफसरों को यह कहकर निशाने पर लिया कि ये दो-चार साल ही रहेंगे। जलना तो हमें और आपको है। इसीलिए वह चाहते हैं कि दोषियों को बख्शा न जाए। तौकीर की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जब समाज में बुराइयां बढ़ जाती हैं तो भगत सिंह जैसे लोग पैदा होते हैं।

सुविधाएं न मिलने पर छात्रों ने किया प्रदर्शन

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पीजी एवं शोध छात्रावास के छात्रों ने बुधवार को प्रशासनिक भवन में विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि छात्रावास में सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। छात्रों ने कुलपति प्रो. केपी सिंह से समस्याओं के समाधान की मांग की है। छात्रों का कहना है कि चार महीने से वार्डन से कुर्सी के लिए कहा गया लेकिन अभी तक नहीं आईं। एक भी वाटर कूलर सही नहीं है। खराब पानी पीने से छात्र बीमार हो रहे हैं। वार्डन का छात्रों से व्यवहार भी ठीक नहीं है। छात्रावास की सुरक्षा भी सही नहीं है। आए दिन बाहरी छात्र प्रवेश कर जाते हैं। छात्रों ने मांगे पूरी नहीं होने पर वार्डन को हटाने की भी मांग की।

अब इफको के खिलाफ जांच रिपोर्ट बनाने में कांप रहे हाथ

किसानों की जमीन इफको की चारदीवारी में होने की हुई पुष्टि

संवाददाता, बरेली/आंवला

अमृत विचार : तहसील प्रशासन पर इफको फैक्ट्री प्रबंधक का दबाव कहें या उसका राजनीतिक रसूख कि अभी तक पैमाइश के बाद रिपोर्ट तैयार नहीं की गई है। मंगलवार को पैमाइश के दौरान जांच टीम ने किसानों की जमीन इफको फैक्ट्री की चारदीवारी में होने की पुष्टि की, लेकिन टीम में शामिल अधिकारियों के हाथ जांच रिपोर्ट बनाने में कांप रहे हैं। वहीं एसडीएम का कहना है कि जब तक जांच रिपोर्ट नहीं मिलेगी तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है।

▸▸ एसडीएम के निर्देश पर कल नापजोख करने पहुंची थी टीम

हाईकोर्ट के आदेश पर एसडीएम ने मंगलवार को नायब तहसीलदार राजकुमार सिन्हा को कानूनगो, लेखपाल आदि के साथ इफको में किसानों की जमीन की पैमाइश करने के लिए भेजा था। गांव नौगवां अहिरान के रामरहीस, रामदास, रामनिवास, रामवीर, धर्मवीर, भंवरपाल का आरोप था कि तत्कालीन तहसीलदार ने अक्टूबर 2022 में उनकी जमीन की पैमाइश कराई थी, जिसके आधार पर तत्कालीन एसडीएम वेदप्रकाश मिश्रा ने अपनी जांच रिपोर्ट एडीएम प्रशासन को भेजी जिसमें कहा गया था कि किसानों की जमीन गाटा संख्या 233 की 0.67 हेक्टेयर जमीन चारदीवारी के अंदर नहीं है, जबकि गाटा संख्या 234 की 0.089 हेक्टेयर भूमि इफको फैक्ट्री की चारदीवारी के अंदर मिली थी। इसके बाद किसान हाईकोर्ट चले गए। पिछले महीने तहसील प्रशासन को छह किसानों की जमीन की पैमाइश कर भूमि चिह्नित करने का आदेश दिया गया था। एसडीएम के निर्देश पर मंगलवार को नायब तहसीलदार राजकुमार सिन्हा, कानूनगो रामस्वरूप, इंद्रेश यादव, लेखपाल धीरज शर्मा, राहुल, बाबा भीम आदि ने इफको के बाहर से किसानों की जमीन की नापजोख की थी। देर शाम जांच पूरी होने पर टीम में शामिल अधिकारियों ने किसानों की जमीन इफको फैक्ट्री की चारदीवारी के अंदर होने की पुष्टि की। साथ ही बुधवार को अपनी जांच रिपोर्ट एसडीएम को देने की बात कही, लेकिन अब तक रिपोर्ट तैयार नहीं की जा सकी। चर्चा है कि इफको के अधिकारियों के दबाव में टीम जांच रिपोर्ट बनाने में जानबूझकर देरी कर रही है।

> किसानों की जमीन के नापजोख के लिए मंगलवार को टीम भेजी गई थी। पैमाइश का काम पूरा हो चुका है। इफको के पास किसानों की जमीन है या नहीं, इसकी जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक्ता का पता चल सकेगा। – **गोविंद मौर्य**, एसडीएम आंवला

खतौनियां हमारे पास, फिर कराएंगे नापजोख

आंवला के ओमशंकर सक्सेना ने बताया 2022 में तत्कालीन एसडीएम के निर्देश पर जमीन की पैमाइश कराई गई थी। इसकी रिपोर्ट उनके पास है। बुधवार को जांच टीम ने भी माना था किसानों के हिस्से की कुछ जमीन का हिस्सा इफको की चारदीवारी में है। नापजोख की रिपोर्ट एसडीएम को मिलने के बाद हम भी देखेंगे। यदि इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी मिली तो फिर से सर्वे कराने की मांग की जाएगी।

भाजपा का मिशन चार सौ पार नहीं बल्कि चार सौ हार : अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा के मिशन चार सौ पार पर तंज करते हुए कहा कि दरअसल भाजपा का मिशन चार सौ पार नहीं बल्कि चार सौ हार है। भाजपा के मेरा परिवार मोदी का परिवार कैंपेन को लेकर कहा कि भाजपा वाले यह भी तय करें कि जो परिवार वाले हैं उन्हें टिकट नहीं देंगे, उनसे वोट मांगने नहीं जायेंगे। राजभर के मंत्री बनने को लेकर कहा कि पलटा पलटी से कुछ होने वाला नहीं है। अखिलेश यादव डा. बर्क के पौत्र कुंदरकी विधायक जियाउर्रहमान को लोकसभा के टिकट का भी संकेत दे गए।

संभल लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद डा. शफीकुर्रहमान की मृत्यु के बाद उनके घर शोक संवेदना प्रकट करने आये समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में समाजवादी पार्टी की तरफ से मुसलमान के लिए अगला प्लान के सवाल पर कहा कि इस बार देश में सबसे बड़ी लड़ाई संविधान को बचाने की होने जा रही है। इस बार संविधान मानने वालों और संविधान पर नहीं चलने वालों के बीच यह चुनाव होने जा रहा है और हमें पूरा भरोसा है कि देश की जनता संविधान बचाने वालों के साथ रहेगी। जौनपुर से धनंजय सिंह के द्वारा भाजपा प्रत्याशी के सामने चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद जेल जाने को लेकर अखिलेश यादव ने सवाल से किनारा करते हुए कहा कि यह कोई खबर नहीं है। अखिलेश यादव धनंजय सिंह की पत्नी के चुनाव लड़ने के सवाल पर भी चुप्पी साधे रहे। अदालत के मौलाना तौकीर रजा को दंगे का आरोपी माने जाने को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि मैं अदालत के फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। लखनऊ का नाम बदलने की चर्चाओं पर अखिलेश यादव ने कहा कि नाम बदलने से ज्यादा जरूरी है कि नौजवान को रोजगार दें, पेपर लीक न हो। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता इन लोगों की सरकार बदलेगी तो नाम अपने आप बदल जाएगा।

▸▸ तौकीर को लेकर कोर्ट के फैसले पर टिप्पणी से बचे सपा प्रमुख

यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण के दोषी को आजीवन कारावास

बुलंदशहर, एजेंसी

▸▸ अनीस ने धर्म छिपाकर 2022 में दलित महिला से की थी शादी

जिले की एक अदालत ने यौन उत्पीड़न और अवैध धर्मांतरण के मामले में एक व्यक्ति को बुधवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनायी।

अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) राकेश कुमार मिश्रा ने अभियोजन पक्ष के हवाले से बताया कि हापुड़ जिले के निवासी अनीस अहमद ने साल 2022 में अपना नाम बदलकर थाना गुलावठी क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली एक दलित महिला को शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाये थे और उसका धर्म परिवर्तन कराया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता, अवैध धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मिश्रा ने बताया कि इस मामले में बुधवार को विशेष न्यायाधीश विजय पाल की अदालत ने अहमद को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और चार लाख छह हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनायी है।

पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल को हाईकोर्ट से झटका

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मिर्जापुर से समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल को तगड़ा झटका दिया है। बालू व्यवसायी रमाकांत त्रिपाठी की ओर से 65 लाख रुपये के गबन और धोखाधड़ी के आरोप में दर्ज मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। मामला बांदा जिले के कोतवाली नगर का है। बांदा निवासी बालू व्यवसायी रमाकांत त्रिपाठी और इनके बीच बालू व्यवसाय को लेकर हुई रूपयों के लेनदेन का विवाद 2017 में शुरू हुआ। रमाकांत त्रिपाठी की ओर से तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने पूर्व सांसद के खिलाफ 11 अक्तूबर 2020 को एफआईआर दर्ज की थी।

पैसों के विवाद में पत्नी ने की पति की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ आंगनबाड़ी कार्यकत्री है पत्नी, एकाउंटेंट था पति

अमृत विचार : हरूनगला में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम ने मंगलवार रात तमंचे से गोली मारकर अपने पति नरेंद्र कुमार की हत्या कर दी। दोनों के बीच 18 हजार रुपये के लेनदेन पर विवाद हुआ था। पुलिस ने पूनम को तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया है। नरेंद्र के पिता की ओर से पूनम और साजिश रचने के आरोप में उसके बहनोई ओमप्रकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

भुता के गांव मिर्जापुर निवासी नरेंद्र के पिता रामकृष्ण के मुताबिक उनका बेटा एक निजी फर्म में एकाउंटेंट था।

मंगलवार रात करीब पौने दो बजे उसने उन्हें फोन करके बताया कि पूनम ने उसके 18 हजार रुपये चुरा लिए हैं। उसके पैसे वापस मांगने पर झगड़ा कर रही है। इस पर उन्होंने सुबह आने की बात कहकर उसे सो जाने को कहा। इसी बीच नरेंद्र की पूनम ने तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। पूनम ने नरेंद्र के सीने में गोली मारी थी।

इंडिया गठबंधन कांग्रेस का गोदी गैंग : नकवी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि मुल्क विरोधी दुष्प्रचार, मोदी विरोधी प्रहार गाली के मवालियों के कुंठित कुनबे का कॉमन कार्यक्रम बन गया है। उन्होंने इंडिया गठबंधन को कांग्रेस का गोदी गैंग बताया।

जिला पंचायत प्रशासन के तत्वावधान में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने बुधवार दोपहर तीन बजे रठौंडा के ऐतिहासिक शिवमंदिर प्रांगण में किसान मेले के आगाज किया। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बिना रिमोट और कुनबे के सपोर्ट वाली पहली गैर कांग्रेस सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन और स्थायित्व के कीर्तिमान के साथ अपने दो सफल कार्यकाल पूरे कर तीसरे की तरफ बढ़ चुकी है।

रामपुर के रठौंडा स्थित मंदिर में दर्शन करने पहुंचे भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी।

▸▸ रठौंडा में किसान मेले का पूर्व केंद्रीय मंत्री ने फीता काटकर किया आगाज

कांग्रेस का गोदी गैंग हमेशा परिवार, प्रतिनियुक्ति या फिर रिमोट की रोबोट वाली सत्ता की सामंती सोच में चकनाचूर रहा है। मोदी सुशासन की सफलता ने सत्ता की सामंती ठेकेदारी की ठसक ठिकाने लगा दी है। कहा कि कांग्रेस के पिछले शासनकाल के हालात आज भी लोगों को याद हैं। जब प्रधानमंत्री पद के संस्थान को परिवार का निजी प्रतिष्ठान में परवर्तित कर संवैधानिक संस्थान की प्रतिष्ठा, प्रभाव और प्रतिबद्धता को सामंती स्वार्थो का बंधन बना लिया गया था। कैबिनेट के फैसलों को परिवार की सुपर कैबिनेट की मंजूरी का मोहताज बना दिया गया था। प्रधानमंभी नरेंद्र मोदी ने कुनबे के कंट्रोल, करप्शन, कुशासन कल्चर को खत्म कर प्रतिबद्धता, परिश्रम, परिणाम के साथ प्रधानमंत्री पद की गरिमा, गौरव एवं सरकार की विश्वसनीयता को बहाल कर दिया है।

वर्ग पहेली-2

बाएं से दाएं

1.1. बादशाह, महाराज, राजा 2. पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्र तथा पंजाब के मुसलमानों की एक सम्मानजनक उपाधि, मुसलमानों की एक जाति 3. पंजाब में रहने वाले हिंदुओं की एक जाति 4. एक कुलनाम या सरनेम।

2.1. उजाड़ने वाला 2. बर्बाद करने वाला।

4.1. बचाव 2. बख़्तर 3. ढाल 4. रथ का घेरा 5. समूह 6. फ़ौज, सेना।

5.1. कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला दीपों का त्योहार, दीवाली 2. दीपों की पंक्ति, श्रेणी।

6. मुख, मुंह, मुखड़ा, चेहरा, सूरत, शक्ल।

8. बल्ला, क्रिकेट का बल्ला।

9. सितार की तरह का एक प्रकार का वाद्ययंत्र।

ऊपर से नीचे

1.1. छोटा मठ 2. एक प्रकार की चूड़ी।

2. किसी काम को जल्द करने की हड़बड़ी, बेचैनी, अधीरता, जल्दबाज़ी।

3.1. कुआं, कूप 2. पशुओं के जल पीने के लिए कुएं के समीप निर्मित हौज 3. जल एकत्र करने के निमित्त निर्मित गड्ढा 4. दूध दुहने का बरतन 5. आश्रय स्थल 6. इस प्रकार पीना कि कुछ शेष न रहे, नि:शेष (अशेष)।

5.1. जिसे धर्म पर विश्वास हो, धार्मिक, धर्माचारी 2. जिसमें विनम्रता हो 3. नमाज़गुज़ार।

7.1. दो वस्तुओं का आपस में मिलना, पास आना 2. चिपकना, छूना 3. साथ होना 4. जुड़ना, भिड़ना 5. मारपीट होना।



वर्ग पहेली - 1 का हल

1 प	प	री	■	2 झु	■	■
■	■	■	3 वि	रा	ग	■
■	4 तु	न	क	ना	■	■
■	■	■	ल	■	■	5 अ
■	6 ह	रि	ता	7 भ	■	व
■	रा	■	■	रै	■	ले
8 सा	ठा	■	9 मा	या	मो	ह

सुडोकू -81

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			8			4		5
		8		7			6	
	1		2			3		
3	9		1			6		
		1						8
		6			5		2	
	8				4		5	
	5			6		7		
7		9			3			

सुडोकू - 80 का हल

6	8	1	4	9	2	5	7	3
9	4	5	7	3	6	8	1	2
7	3	2	5	1	8	9	6	4
5	7	9	2	4	3	1	8	6
8	2	6	9	5	1	4	3	7
3	1	4	8	6	7	2	5	9
1	5	3	6	2	9	7	4	8
4	9	7	3	8	5	6	2	1
2	6	8	1	7	4	3	9	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 01.19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 13.03 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष – आज व्यवसाय में उन्नति काफी अच्छी रहेगी। काफी मजबूती के साथ निर्णय लेंगे। वैवाहिक जीवन मे परेशानियां बढ़ सकती है। गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत होगी। धन से जुड़ी समस्याओं का निवारण होगा।

वृष – आज अविवाहित लोगों के विवाह की चर्चा हो सकती है। भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। किसी मित्र के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। पिता की सलाह से लाभ मिल सकता है। दूसरों के सामने अपने मन की बातें शेयर न करें।

मिथुन – आज आप अपनी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार भी थोड़ा अपमानजनक हो सकता है। आज लोग आपके विरुद्ध कड़वी बात बोल सकते हैं। अनैतिक माध्यम से धन अर्जित करने से बचें।

कर्क – आज व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर बेहद सन्जीदा रहेंगे। अपने कार्यों को लेकर काफी आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पुराने गिले-शिकवे भूलने की कोशिश करेंगे। नया काम करने में आपको लाभ होगा।

सिंह – आज आपका मनोबल मजबूत रहेगा। धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। घर का माहौल थोड़ा अशान्त हो सकता है। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान ढूंढने का प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं।

कन्या – आज प्रिय मित्रों से फोन पर बात होगी। बौद्धिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन की समस्याओं का निदान होगा। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। संतान की उन्नति से उत्साहित रहेंगे।

तुला – आज परिवार के लोगों का खास ख्याल करना पड़ेगा। कफ संबंधी परेशानियों के कारण स्वास्थ्य कमजोर होगा। मौसम में बदलाव के कारण शरीर में थकान की अनुभूति होगी। गुस्से पर नियंत्रण रखें। सम्पति से जुड़े मामलों में जल्दबाजी करने से बचें।

वृश्चिक – आज धर्म-कर्म में अच्छी ख़ासी रुचि लेंगे। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आत्मविश्वास और पराक्रम मे वृद्धि होगी। जॉब मे आपका सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। सोशल मीडिया में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

धनु – आज आप किसी से वायदा करने से बचें। नौकरी पेशा लोगों को अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं से अच्छी तरह से बात करें। धन के कारण परिवार में कलह हो सकती है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

मकर – आज आर्थिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों के वेतन में बढ़ोत्तरी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहने वाली है। इसके बावजूद आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मनोरञ्जन के कार्यों में रुचि लेंगे। जीवनसाथी का व्यवहार काफी अच्छा रहेगा।

कुंभ – आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर विश्वास की कमी रहेगी। अनजाने में की हुई पुरानी गलती भारी पड़ सकती है। अनुभवी लोगों से सलाह लेकर कोई फैसले लें। कार्यक्षेत्र में आपको अचानक निर्णय लेने से बचना चाहिए। उधार धन के लेन-देन में सावधानी रखें।

मीन – आज सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। भोग-विलास में वृद्धि होगी। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आध्यात्मिक गतिविधियों जैसे योग और ध्यान आदि में रुचि लेंगे। धैर्य और मेहनत दोनों का अच्छा संयोजन रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
कर्मा – सुबह : 09.00
रूप की रानी चोरों का राजा – शाम : 06.00

SONY MAX
अफवाह – सुबह : 11.24
यारियां 2 – शाम : 06.59

SONY PIX
अल्फा – सुबह : 11.00
जर्नी 2 – शाम : 05.02

ZEE CINEMA
गुंजन सक्सेना – सुबह : 08.30
बाजीगर – दोपहर : 03.35

colors CINEPLEX
गब्बर इज बैक – सुबह : 09.26
बुड्ढा होगा तेरा बाप – शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी (पति से)- कुछ साल पहले मेरा फिगर पेप्सी की बोतल की तरह था।

पति- वो तो तुम्हारा अब भी है

पत्नी- सच में!

पति- हां पहले बोतल 300ml की थी अब 2 लीटर की है।

पत्नी ने पति से पूछा पत्नी- अच्छा यह बताओ कि तुम मूर्ख हो या मैं?

पति- (शान्त मन से) प्रिये ये बात तो सब लोग जानते हैं कि तुम अत्यन्त तीव्र बुद्धि की स्वामिनी हो इसलिए यह कभी हो ही नहीं सकता कि तुम किसी मूर्ख व्यक्ति से शादी करो पति का नाम राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भेजा गया है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

6.8% की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी

अगले वर्ष के लिए रेटिंग एजेंसी ने जताया अनुमान, 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला बनेगा देश

नई दिल्ली, एजेंसी

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाते हुए बुधवार को कहा कि यह 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और अर्थव्यवस्था भी दोगुनी होकर सात लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने इंडिया आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय स्थितियों से समर्थन मिलेगा और यह वर्ष 2031 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपनी वृद्धि संभावनाओं को बरकरार रखने के साथ उसमें सुधार भी कर सकती है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से बेहतर 7.6 प्रतिशत

वृद्धि रहने के बाद भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में थोड़ा मध्यम होकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि अगले सात वित्त वर्षों (2024-25 से 2030-31) में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर सात लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंच जाएगी। क्रिसिल ने कहा-इस अवधि में 6.7 प्रतिशत की अनुमानित औसत वृद्धि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी और 2030-31 तक इसकी प्रति व्यक्ति आय भी उच्च-मध्यम आय समूह तक पहुंच जाएगी। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उस समय तक देश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और भारत उच्च-मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा।

घरेलू हवाई यात्रियों के आंकड़ों में होगी बढ़ोत्तरी

मुंबई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि घरेलू हवाई यात्री यातायात के चालू वित्त वर्ष में आठ-13 प्रतिशत बढ़कर कोविड-पूर्व स्तर से आगे 15-15.5 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। महामारी से पहले घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 14.12 करोड़ थी। रेटिंग एजेंसी ने अगले दो वित्त वर्षों में विमानन उद्योग के शुद्ध घाटे में खासी गिरावट का अनुमान जताने के साथ ही कहा है कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां और इंजन से जुड़े मसले निकट अवधि में प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में निरंतर सुधार और अपेक्षाकृत स्थिर लागत वातावरण के बीच इक्रा ने घरेलू विमानन उद्योग को लेकर 'स्थिर' दृष्टिकोण कायम रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय एयरलाइंस के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2022-23 में कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गया था लेकिन यह वर्ष 2018-19 में दर्ज 2.59 करोड़ के उच्चतम स्तर से पीछे था। चालू वित्त वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 2.5-2.7 करोड़ रहने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना: शाह

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पांच 'नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शाह ने यहां 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति-संचालित देश के रूप में उभरा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा।

● सहकारिता मंत्री ने मुंबई में एक सम्मेलन को संबोधित किया

शाह ने कहा-हमने 2025 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी और 2040 तक एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की योजना भी है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा-हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 साल की रूपरेखा के साथ चुनाव में उतर रहे हैं। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'दूरदर्शी प्रधानमंत्री' बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित व आत्मनिर्भर होगा।

भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश

गृह मंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश है। इसने खुद को एक निष्क्रिय सरकार से एक गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और एक नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना संप्रग सरकार के शासनकाल से की जानी चाहिए।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	74,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	66,000
गिन्नी (प्रति नग)	49,150-49,350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,600
सोना जेवरात गिन्नी	63,600
चांदी पक्की	728 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,750
चांदी आभूषण	73,000।

फसल बीमा योजना में 23 करोड़ किसानों के दावों का हुआ भुगतान

नई दिल्ली। पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 56 करोड 80 लाख किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए और 23 करोड़ 22 लाख से अधिक किसानों को उनके दावों का भुगतान किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31 हजार 139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया। इस प्रकार, किसानों द्वारा भुगतान किए गए प्रत्येक 100 रुपये के प्रीमियम के लिए उन्हें लगभग 500 रुपये दावे के रूप में दिए गए।

सोना 150 रुपये चढ़कर 65,150 रुपये के नए रिकॉर्ड पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की बढ़त के साथ 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

लगातार दूसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोने की कीमत 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये की गिरावट के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये की तेजी को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,122 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

● चांदी की कीमत में 400 रुपये की आई गिरावट

बैंक कार्ड जारी करते समय ग्राहक को नेटवर्क चुनने का विकल्प दें

मुंबई। रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे पात्र ग्राहकों को क्रेडिट या डेबिट कार्ड जारी करते समय कई कार्ड नेटवर्क में से एक को चुनने का विकल्प मुहैया कराएं। केंद्रीय बैंक ने क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं से यह भी कहा है कि वे कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी ऐसा समझौता या व्यवस्था न करें जो ग्राहकों को दूसरे नेटवर्क की सेवाएं लेने से रोकता हो। आरबीआई ने कहा, समीक्षा करने पर यह पाया गया कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच मौजूद कुछ व्यवस्थाएं ग्राहकों के लिए विकल्प उपलब्ध कराने के लिहाज से अनुकूल नहीं हैं।

पेटीएम वॉलेट उपयोग करने वाले लोगों को नहीं होगी कोई समस्या: दास

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्रवाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

वहीं शेष उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है। रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार करने से रोक दिया। दास ने

कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। उन्होंने समयसीमा आगे बढ़ाये जाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि 15 मार्च तक का दिया गया समय पर्याप्त है और इसे आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।

राष्ट्रीय

लालू और उनका परिवार सबसे बड़ा गुनहगार

प्रधानमंत्री ने बिहार में राजद-कांग्रेस गठबंधन पर जंगल राज कायम करने का लगाया आरोप

बेतिया (बिहार), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनका परिवार बिहार का सबसे बड़ा गुनहगार है और उन पर एक दशक से अधिक के कार्यकाल के दौरान राज्य में जंगल राज कायम करने का आरोप लगाया।

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि राजद-कांग्रेस गठबंधन के कुशासन के परिणामस्वरूप बिहार के युवा बड़ी संख्या में पलायन करने के लिए मजबूर हुए और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सत्ता संभालने के बाद ही राज्य में चीजें बेहतर दिखने लगीं। उन्होंने कहा-जंगल राज के लिए जिम्मेदार परिवार...वे बिहार

के सबसे बड़े गुनहगार हैं। उनके कुशासन ने एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डाल दिया। युवाओं को देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि केवल एक परिवार समृद्ध हुआ।

मोदी ने प्रसाद के उनका ''कोई परिवार नहीं होने'' के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए कहा-जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, बाबासाहेब आंबेडकर और कर्पूरी ठाकुर जैसे लोग जीवित होते तो ये लोग अपने स्वयं के परिवारों को बढ़ावा न देने के लिए उन पर भी हमला करते। उन्होंने कहा-मुझसे उनकी शिकायत यह है कि मेरा कोई परिवार नहीं है। मेरे लिए पूरा देश मेरा परिवार है और आज पूरा देश कह रहा है कि वह खुद को मोदी के परिवार के रूप में देखता है। राजद प्रमुख की टिप्पणी पर भाजपा नेताओं और समर्थकों ने प्रधानमंत्री के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए अपने सोशल मीडिया खाते के नाम के साथ ''मोदी का परिवार'' भी जोड़ दिया।

अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे श्रीनगर का दौरा

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म किये जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को अपनी पहली कश्मीर यात्रा के दौरान श्रीनगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम में शामिल होंगे और केंद्र शासित प्रदेश में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा चुनाव नजदीक आने और विपक्षी दलों द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा की मांग के मद्देनजर सबकी नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर क्या कहते हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना की कांग्रेस में वापसी

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। यह जेना की पार्टी में वापसी है। उन्हें 2019 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजय कुमार ने पार्टी मुख्यालय में 73 वर्षीय जेना का पार्टी में स्वागत किया। जेना ने कहा-मैं शुरू से ही कांग्रेसी हूं। कुछ गलतफहमियां थीं, वो दूर हो गईं। मैंने कांग्रेस नेतृत्व के साथ बातचीत की और अब वापसी कर रहा हूं। उन्होंने बीजू जनता दल और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-ओडिशा में एक चुनौती है। बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब खुलकर साथ आ गए हैं। मुझे भरोसा है कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन बीजद-भाजपा का सामना करेगा तथा उन्हें पराजित करेगा।

भाजपा मुख्यालय में रात तक जारी रहा चुनावी मंथन

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में बुधवार को बिहार एवं उत्तर प्रदेश के टिकट दावेदारों की सर्वाधिक चहलकदमी रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अलग-अलग कई बैठकों में दावेदारों के साथ चुनावी मंथन किया। बैठकों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

सर्वाधिक चर्चा बिहार, उत्तर प्रदेश की शेष 29 सीटों को लेकर हुई। बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी नेताओं के साथ जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति, राष्ट्रीय लोक मोर्चा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के नेताओं में गतिरोध जारी है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में बिहार के टिकट दावेदारों का जमावड़ा लगा रहा। बीजेपी ने अपने कोटे की 17 सीटों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक बिहार से लौटने के बाद देर रात तक

● उत्तर प्रदेश की कानपुर सुल्तानपुर व गोंडा सहित 29 सीटों पर चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन नाम का अवलोकन करेंगे और गुरुवार को बिहार से भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। लोक जनशक्ति पार्टी को लेकर बीजेपी में चर्चा हुई है जिसमें चिराग पासवान और उनके चाचा के बीच तनाव की बात सामने आई है। बीजेपी ने दोनों गुटों को 6 सीटें देना तय किया है। केंद्रीय मंत्री पशुपतिनाथ एवं चिराग पासवान के बीच 6 सीटों में बंटवारा होना है। जनता दल यूनाइटेड ने 17 सीटों पर दावा किया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के जीतन राम मांझी ने भी एक-एक सीट पर दावा किया है। बिहार में इस समय बीजेपी के 17, जनता दल यूनाइटेड के 16 एवं लोक जनशक्ति पार्टी के 6 सांसद हैं।

उत्तर प्रदेश की भी कुछ सीटों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से कई नेताओं की मुलाकात हुई है। अभी कानपुर, सुल्तानपुर व गोंडा की सीटों पर फैसला नहीं हुआ है। वहीं अकबरपुर संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद देवेंद्र सिंह भोले का टिकट फाइनल होने के बाद कानपुर संसदीय क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की दावेदारी कमजोर हो गई है। भाजपा हाई कमान कानपुर से किसी ब्राह्मण उम्मीदवार की खोज में है। कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी अपनी बेटी के लिए टिकट मांग रहे हैं। गोंडा से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का भी टिकट विवादों में है। सुल्तानपुर से मेनका गांधी की जगह किसी नए चेहरे पर विचार किया जा रहा है जिसमें प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक एवं लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह के नाम पर भी चर्चा हुई है। उत्तर प्रदेश में 29 उम्मीदवारों की सूची जारी होना है।

एक नजर

दिल्ली विधानसभा से सात भाजपा विधायकों का निलंबन रद

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने विधानसभा में बजट सत्र के प्रारंभ में उपराज्यपाल वी के सक्सेना के अभिभाषण में व्यवधान डालने को लेकर सदन से निलंबित कर दिए भाजपा के सात विधायकों के निलंबन को रद कर दिया। सात भाजपा विधायकों- मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओ पी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता ने अपने निलंबन को चुनौती देते हुए पिछले महीने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

दक्षिणी दिल्ली में व्यक्ति ने खुद को मारी गोली

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के नेब सराय इलाके में 38 वर्षीय व्यक्ति ने अपने दोस्त के घर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले की हत्या समेत सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान भरत सचदेवा के रूप में हुई है जो पेशे से एक ऑटो-रिक्शा चालक था। हाल ही में उसकी नौकरी छूट गई थी। भरत के पिता ने हालांकि आरोप लगाया है कि उनके बेटे की हत्या की गई है।

स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार अन्य पांच आरोपी गिरफ्तार

दुमका। झारखंड में दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में बीते दिन स्पेन की रहने वाली महिला की लज्जा भंग करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को पांच अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खैरवार ने मंगलवार देर शाम को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शर्मसार कर देने वाली इस घटना पर त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीररता को देखते हुए गहन छानबीन कर रही है।

शरद पवार ने सीबीआई जांच संबंधी याचिका को दी चुनौती

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने पुणे के लवासा में एक निजी हिल स्टेशन का निर्माण करने की कथित अवैध अनुमति देने के लिए उनके, उनकी बेटी सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग

निर्माण करने की अवैध अनुमति देने का मामला

वाली जनहित याचिका को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

राकांपा (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष ने अधिवक्ता जोएल कार्लोस के माध्यम से दायर आवेदन में एक वकील की जनहित याचिका में प्रतिवादी बनाये जाने की मांग की है ताकि वह याचिका के खिलाफ अपनी दलील पेश कर सकें। अधिवक्ता नानासाहेब जाधव ने पिछले साल पीआईएल दायर कर अनुरोध किया था कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को कथित अनियमितताओं के मामले में तीनों के खिलाफ और राज्य सरकार के कुछ अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया जाए।

मुख्य संदिग्ध के बारे में जानकारी देने पर 10 लाख रुपये का इनाम मिलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट के मामले में संदिग्ध बम हमलावर की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की बुधवार को घोषणा की। एनआईए ने 'एक्स' पर संदिग्ध बम हमलावर की तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह टोपी, मास्क और चश्मा लगाकर कैफे के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहा है।

एनआईए ने फोन नंबर और ईमेल आईडी साझा करते हुए कहा है कि इनके माध्यम से लोग इस अज्ञात व्यक्ति के बारे में सूचना भेज सकते हैं। यह अज्ञात व्यक्ति को हमले को अंजाम देने वाला माना जा रहा है। एनआईए ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। कैफे में विस्फोट की जांच इस सप्ताह के प्रारंभ में एनआईए को सौंपी गयी थी। एक मार्च को पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे के अंदर विस्फोट होने से कम से कम दस लोग घायल हो गये थे। संदेह है कि आईईडी के माध्यम से यह विस्फोट किया गया। धमाके के

● एनआईए ने कैफे विस्फोट के मामले में की घोषणा

शीघ्र बाद कर्नाटक पुलिस ने कठोर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

गृह मंत्री परमेश्वर बोले-पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले : कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि एक मार्च को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और वह गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंच रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को पिछले दो दिन में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। परमेश्वर ने कहा कि हमारे अधिकारी (मामले को सुलझाने के लिए) करीब पहुंच रहे हैं। कल और परसों कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिसे हमने बहुत गंभीरता से लिया है।

कांग्रेस सत्ता में आई तो जाति आधारित जनगणना कराएगी

बदनावर (मप्र), एजेंसी

राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो उसकी प्राथमिकता जाति आधारित जनगणना कराने और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी बनाने की होगी।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत आदिवासी बहुल धार जिले के बदनावर शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि जाति जनगणना ''हरित क्रांति और श्वेत क्रांति जितना बड़ा'' एक क्रांतिकारी कदम होगा। गांधी ने मप्र में अपनी यात्रा के अंतिम दिन कहा-जाति आधारित जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है। जैसे ही हम केंद्र में सत्ता में आएंगे, हम यह काम

भारत जोड़ो न्याय यात्रा

● मध्य प्रदेश में राहुल गांधी बोले हमारी प्राथमिकता एमएसपी पर कानून बनाना होगा

करेंगे। दूसरी चीज जो हम करेंगे वह किसानों को एमएसपी प्रदान करने के लिए कानूनी गारंटी प्रदान करना है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि जाति आधारित जनगणना से देश में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और पिछड़े वर्ग के लोगों की सही संख्या का आकलन होगा। उन्होंने कहा-जनगणना से इन वर्गों की वित्तीय स्थिति और विभिन्न संस्थानों में उनके प्रतिनिधित्व का पता चलेगा। इससे सब कुछ पता चल जाएगा।

आदिवासियों को वनवासी कहना उनका सबसे बड़ा अपमान

कांग्रेस के कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज आदिवासियों के बीच बिना किसी का नाम लिए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है और ये आदिवासियों का सबसे बड़ा अपमान है। गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले के बदनावर में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उपस्थित रहे। सभा में बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासियों को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत राज्य के सीधी कांड का संदर्भ देते हुए की। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा ऐसी ही है। भाजपा सिर्फ आदिवासियों के साथ नहीं, दलितों और गरीब पिछड़ों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार करती है। भाजपा के लोग सभी जगह कमजोरों का अपमान करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने अब आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने दोनों शब्दों का अर्थ समझाते हुए कहा कि आदिवासी का मतलब वो व्यक्ति, जो जमीन का सबसे पहला मालिक था।

स्टालिन, शेखर बाबू और ए राजा के खिलाफ याचिकाएं खारिज

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्रियों- उदयनिधि स्टालिन और पी के शेखर बाबू एवं सांसद ए राजा के खिलाफ एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों की ओर दायर की गईं याचिकाओं पर 'अधिकार पृच्छा' रिट जारी करने से इनकार कर दिया। एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों ने इन नेताओं द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध कथित रूप से टिप्पणी करने के बाद पद पर बने रहने पर सवाल उठाए थे। याचिकाओं में सवाल किया गया था कि किस अधिकार से वे सरकारी पदों पर बने हुए हैं। न्यायमूर्ति अनीता सुमंत ने हिंदू मुन्नानी के दो पदाधिकारियों तथा एक अन्य व्यक्ति की ओर से दायर याचिकाओं का निस्तारण कर दिया।

मूनी और लॉरा के अर्धशतक, गुजरात ने आरसीबी को 19 रनों से हराया

दोनों बल्लेबाजों ने की 140 रन की साझेदारी, जाइंट्स ने बेंगलुरु को दिया 200 रन का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान बेथ मूनी और लॉरा वोलवार्ट के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से गुजरात जाइंट्स ने महिला प्रीमियर लीग में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 19 रन से हराकर पहली जीत दर्ज की। गुजरात ने मूनी के 51 गेंद में 12 चौके और 1 छक्के की मदद से नाबाद 85 रन और लॉरा वोलवार्ट (45 गेंद में 76 रन, 13 चौके) के साथ पहले विकेट की उनकी 140 रन की साझेदारी से 5 विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में आरसीबी 8 विकेट पर 180 रन ही बना सकी। आरसीबी की जॉर्जिया वेयरहम ने 22 गेंद में 48 रन 6 चौके और 2 छक्के से बनाए। रिचा घोष (30), स्मृति मंधाना (24), एलिस पैरी (24) और सोफी डिवाइन (23) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकीं। गुजरात की एशलेग गार्डनर ने 2 विकेट लिए। कप्तान स्मृति मंधाना

ने तीसरे ओवर में बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर की गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन ऐशलेग गार्डनर ने उन्हें पगबाधा कर दिया। टीम ने पावर प्ले में 1 विकेट पर 39 रन बनाए। एस मेघना (13 गेंद में 4 रन)रन आउट हुईं। डिवाइन ने आठवें ओवर में मन्नत कश्यप पर छक्के के साथ टीम का अर्धशतक पूरा किया। तनुजा ने डिवाइन को बोल्ड किया। रिचा घोष ने मेघना सिंह पर छक्का जड़ा लेकिन कैथरिन ब्राइस ने पैरी (24) को विकेटकीपर मूनी के हाथों कैच कराया। रिचा ने शबनम पर 2 चौके मारे जबकि जॉर्जिया ने भी इस तेज गेंदबाज पर चौका जड़ा। आरसीबी को अंतिम 5 ओवर में 81 रन की दरकार थी। एशलेग ने रिचा को मेघना के हाथों कैच कराके टीम को बड़ा झटका दिया। रिचा ने 30 रन बनाए। जॉर्जिया ने बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा की गेंदों पर छक्का और चौका मारा। टीम को अंतिम दो ओवर में 49 रन की जरूरत थी और जॉर्जिया रन आउट हो गई। इससे पहले आरसीबी की गेंदबाजों को विकेटों के लिए जूझना पड़ा। सोफी मोलिन्यु (32 रन पर 1 विकेट) और जॉर्जिया (36 रन पर 1 विकेट) के अलावा किसी गेंदबाज को विकेट नहीं मिले। गुजरात की 3 बल्लेबाज रन आउट हुईं। मूनी ने टॉस



बेथ मूनी

85* रन **1** छक्का

51 गेंद **12** चौके

जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और लॉरा के साथ शानदार शुरुआत की। दोनों ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 59 रन बनाए। वोलवार्ट ने सोफी के पहले ओवर में दो चौकों से शुरुआत की और फिर मोलिन्यु को दो चौके मारे। मूनी ने भी रेणुका सिंह पर दो चौके जड़े। मूनी ने एकता बिष्ट का स्वागत दो चौकों से किया। लॉरा ने 32 गेंद में अर्धशतक बनाया। गुजरात ने लीग में पहली शतकीय साझेदारी है। लॉरा ने बिष्ट पर गईं। मूनी ने और रन के लिए से पहले बिष्ट के भी दो चौके मारे लेकिन रन आउट हो मोलिन्यु की गेंद बैकवर्ड प्वाइंट पर खेला दौड़ीं। लॉरा के बल्लेबाजी छोर पर पहुंचने थ्रो पर रिचा घोष ने उन्हें रन आउट कर दिया।

विमेंस प्रीमियर लीग

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	नेट रन रेट
दिल्ली	5	4	1	8	1.301
बेंगलुरु	6	3	3	6	0.038
मुंबई	5	3	2	6	0.018
यूपी	5	2	3	4	-0.073
गुजरात	5	1	4	2	-1.278

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

गुजरात जायंट्स : 199/5, बेथ मूनी 85*, लॉरा वुलफार्ट 76, फीबी लिचफील्ड 18। **विकेट :** सोफी मोलिन्यू 1, जॉर्जिया वेयरहम 1।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : 180/8, जॉर्जिया वेयरहम 48, ऋचा घोष 30, स्मृति मंधाना 24, एलिस पेरी 24, सोफी डिवाइन 23। **विकेट :** एश्ली गार्डनर 2, कैथरीन ब्राइस 1, तनुजा कंवर 1।

खेल डायरी

विदर्भ रणजी फाइनल में, अब मुकाबला मुंबई से

नागपुर, एजेंसी। तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर की गेंदबाजी से विदर्भ ने बुधवार को मध्य प्रदेश को 62 रन से हराकर रणजी के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना 41 बार के चैंपियन मुंबई से होगा। मध्य प्रदेश ने मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 228 रन से आगे बढ़ाई। तब वह लक्ष्य से 93 रन पीछे था लेकिन ठाकरे और ठाकुर (दोनों दो-दो विकेट) की तेज गेंदबाजी के सामने उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए और टीम 258 रन पर आउट हो गई। यह तीसरा अवसर है जबकि विदर्भ ने रणजी फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दोनों अवसरों पर वह चैंपियन बना था। उसने 2017-18 में दिल्ली और 2018-19 में सौराष्ट्र को हराया था। मध्य प्रदेश 2021-22 का रणजी चैंपियन है। उसके सामने 321 रन का लक्ष्य था तथा 6 विकेट गंवाने के बावजूद उसके पास जीतने का मौका था लेकिन उसके निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं चल सके। ठाकरे ने कल के अविजित बल्लेबाज कुमार कार्तिकेय को बोल्ड करके उन्हें खाता भी नहीं खोलना दिया। ठाकरे ने अनुभव अग्रवाल (0) को भी बोल्ड करके मध्य प्रदेश का स्कोर 8 विकेट पर 234 रन कर दिया। सारांश जैन (25) ने कुछ देर तक संघर्ष किया। ठाकुर ने उनको बोल्ड करके विदर्भ की जीत तय की।

इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट

अंतिम क्वालीफाइंग राउंड में हारे नागल

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में द. कोरिया के सियोंग चान होंग से हार गए। मंगलवार को खेले गए इस मैच में नागल को 6-2, 2-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिका के खिलाड़ी स्टीफन डोस्टानिक को सीधे सेटों में हराया था। क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हारने के बावजूद नागल को 10 रैंकिंग अंक और 14400 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। नागल इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे।

'वास्तविक' पहलवानों को ही ट्रायल्स में भाग लेने देगा संघ

नई दिल्ली, एजेंसी। कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने स्पष्ट किया है कि वह 10 मार्च से शुरू होने वाले दो दिवसीय चयन ट्रायल्स में केवल उन्हीं पहलवानों को भाग लेने की अनुमति देगा जो अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। डब्ल्यूएफआई ने पहलवानों को एक से अधिक वजन वर्गों में प्रतिस्पर्धा की अनुमति का भी फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई ने लिखा कि जयपुर में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहलवान अपने राज्य की वास्तविकता की पुष्टि करने के लिए डब्ल्यूएफआई की लाइसेंस बुक, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लेकर आएंगे। हरियाणा के कई पहलवानों ने जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा कराई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अरुणाचल और सिक्किम का प्रतिनिधित्व किया था।

मैच को यादगार बनाने उतरेगा भारत जीत संग स्वदेश जाना चाहेगा इंग्लैंड

भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन और इंग्लैंड के बेयरस्टो खेलेंगे अपना 100वां टेस्ट मैच

धर्मशाला, एजेंसी

तीन मैच में जीत से श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को अपने स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए यादगार बनाने की कोशिश करेगी जिनका यह 100वां मैच होगा। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां मैच होगा और उनकी टीम भी जीत के साथ अभियान का समापन करने को प्रतिबद्ध है।

भारत ने रांची में चौथा टेस्ट जीत कर घरेलू धरती पर शानदार रिकार्ड बरकरार रखा। अब भारत की निगाह श्रृंखला 4-1 से जीत कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की है। वहीं, यहां की पिच और मौसम को देखकर इंग्लैंड को घरेलू धरती पर होने का अहसास हो रहा है। मैच के पहले दो दिन तापमान 10 डिग्री तक रहने की संभावना है। मैच की पूर्व संध्या पर पिच सपाट नजर आ रही है लेकिन नमी से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन स्पिनरों की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता है।

हाल में यहां खेले गए रणजी मैचों में टीमों ने कई बार 300 रन से अधिक का स्कोर बनाया। बड़ौदा ने एक मैच में 482 रन बनाए जो वर्तमान सत्र में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर है। हालांकि भारत के दो तेज गेंदबाजों और तीन स्पिनरों के साथ उतरने की संभावना है। जसप्रीत बुमराह की वापसी

से भारतीय आक्रमण मजबूत हुआ है। मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी और अश्विन, जडेजा और कुलदीप के कंधों पर स्पिन की जिम्मेदारी होगी। कुलदीप ने 2017 में इसी मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। केएल राहुल ने अभी तक पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं की है और ऐसे में रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। टीम में जगह बनाए रखने के लिए यह उनके पास आखिरी मौका हो सकता है।

भारतीय टीम प्रबंधन के पास मध्यक्रम में देवदत्त पडिक्कल के रूप में एक अन्य विकल्प है। सरफराज खान ने राजकोट में पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी लेकिन रांची में उनका बल्ला नहीं चला था और वह उसकी भरपाई यहां करना चाहेंगे। यशस्वी जायसवाल एक और बड़ी पारी खेल कर किसी एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बनने की कोशिश करेंगे। केवल सुनील गावस्कर के नाम यह उपलब्धि हैं।

मैच : सुबह 9.30 बजे से

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

इंग्लैंड : बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर।

धर्मशाला की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल: स्टोक्स

धर्मशाला, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने धर्मशाला की पिच को पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल बताया और यही मुख्य कारण है कि उन्होंने भारत के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट के लिए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को टीम में नहीं चुना।

धर्मशाला में सामान्य से अधिक ठंड होने से गेंदबाजों की दिलचस्पी बनी रहती है लेकिन पिच पर कोई घास नहीं छोड़े जाने से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इंग्लैंड ने अंतिम एकादश में ओली रोबिन्सन की जगह मार्क वुड को लिया है। स्टोक्स ने कहा कि यहां पहुंचने से पहले हम सोच रहे थे कि आक्रमण में 3 तेज गेंदबाज और 1 स्पिनर शामिल होगा लेकिन फिर जब हमने विकेट देखा और आज इसे फिर से देखा तो मुझे लगता है कि दो तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों के साथ जाना शायद सही होगा।

उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम जहां हैं, उसके कारण शायद विकेट पर थोड़ी घास होगी लेकिन विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल दिखता है इसलिए दो तेज गेंदबाजों को खेलना और फिर भी बैश (शोएब बशीर) तथा टॉम (हार्टले) के होने से हमें एक अच्छा मिश्रण मिलता है। मैं इस बारे में थोड़ा अनिश्चित हूं कि जैसे-जैसे टेस्ट आगे बढ़ेगा तो क्या होगा। इंग्लैंड ने स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में शुरू हुए 'बैजबॉल' युग में पहली बार टेस्ट श्रृंखला गंवाई है।

इंग्लैंड ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों पर लगाया दांव

धर्मशाला। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी के साथ स्पिनरों को टीम में तरजीह दी है। इंग्लैंड की टीम और प्रबंधन ने बुधवार को पिच का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद उन्होंने टीम में एक बदलाव करते हुए तेज गेंदबाजों को कल होने वाले मैच में खिलाने के लिए ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। इंग्लैंड ने कल के टेस्ट के लिए स्पिनर टॉम हार्टले और शोएब बशीर को टीम में बरकरार रखने का फैसला किया। हालांकि चौथे टेस्ट में 70 ओवर के दौरान बशीर की उंगली में चोटिल हो गई थी।

फिट और उपलब्ध होने पर घरेलू क्रिकेट खेलना अहम: रोहित

बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान और श्रेयस को केंद्रीय अनुबंध से किया गया था बाहर

धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें, बशर्ते बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें 'अनफिट' घोषित न किया हो।

बीसीसीआई ने अनुबंधित क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी थी और रणजी खेलने के बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंधित पूल से बाहर कर दिया था। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट से पूर्व रोहित ने स्पष्ट किया कि यह कदम सभी पर लागू होता है। रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों को खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध कराना होगा जब तक कि उन्हें चिकित्सा समूह से प्रमाण पत्र नहीं मिल जाए उन्हें आराम की जरूरत है। अगर आप उपलब्ध हैं, आप फिट हैं, अगर आप ठीक हैं, तो यह अहम है कि हम जाएं और खेलें। रोहित धर्मशाला टेस्ट की तैयारी में व्यस्त हैं लेकिन फिर भी उन्हें रणजी के सेमीफाइनल को देखने का समय मिला है, जिसमें उनकी अपनी घरेलू टीम मुंबई ने भाग लिया था।

अश्विन की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम

धर्मशाला। कप्तान रोहित शर्मा ने 100वां टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में लगे रविचंद्रन अश्विन को दुर्लभ प्रतिभा का खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी। भारत 5 मैच की श्रृंखला में पहले ही 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर चुका है तथा इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच के परिणाम का श्रृंखला के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन यह मैच अश्विन और इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का 100वां टेस्ट होगा। रोहित ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट खेलना बड़ी उपलब्धि होती है। वह हमारे लिए मैच विजेता खिलाड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 5-7 वर्षों में उसके प्रदर्शन को देखिए। प्रत्येक श्रृंखला में उसने योगदान दिया है। उस जैसे खिलाड़ी दुर्लभ होते हैं। अश्विन के नाम पर टेस्ट में 507 विकेट दर्ज हैं।

शबनीम ने महिला क्रिकेट में फेंकी सबसे तेज गेंद

नई दिल्ली, एजेंसी

द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर नया इतिहास रचा। गेंद की रफ्तार नापने वाली मशीन 'स्पीड गन' आने के बाद यह पहला अवसर है जबकि महिला क्रिकेट में किसी गेंदबाज ने 130 किमी से अधिक की रफ्तार से गेंद की।

डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस से खेलते हुए इस्माइल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान 132.1 किमी (80.08 मील) प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करके नया रिकॉर्ड बनाया। महिला क्रिकेट की यह सबसे तेज गेंद ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के पैड से टकराई। यह तीसरे ओवर की दूसरी गेंद थी। मुंबई के खिलाड़ियों ने पगबाधा की अपील की लेकिन अंपायर ने ठुकरा दिया। द. अफ्रीका से महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली इस्माइल ने पिछले साल घरेलू धरती पर खेली गई इस प्रतियोगिता के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने 2022 में महिला विश्व कप के दौरान दो बार 127 किमी की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने कहा कि जब मैं गेंदबाजी करती हूं तो वास्तव में बड़ी स्क्रीन की तरफ नहीं देखती हूं। इस्माइल इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई तथा उन्होंने 4 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट लिया।

बॉलीवुड हलचल

अजय देवगन की फिल्म मैदान का पोस्टर जारी



मुंबई, एजेंसी। अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर मैदान का पोस्टर शेयर किया, जिसमें उन्हें युवाओं को गले लगाते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर में टैगलाइन है 'एक आदमी, एक विश्वास, एक भावना और एक राष्ट्र'। अजय देवगन ने पोस्टर के कैप्शन में लिखा, एक व्यक्ति, एक टीम, एक राष्ट्र और उस अटूट विश्वास का गवाह बनें, जिसने फुटबॉल के इतिहास पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी। फिल्म में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद पर रिलीज होने वाली है।

योद्धा के लिए सिद्धार्थ ने की कड़ी मेहनत

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने फिल्म योद्धा के लिए कड़ी मेहनत की है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। योद्धा में सिद्धार्थ आर्मी जवान हैं। फिल्म में कई एक्शन दृश्य हैं। कोरियोग्राफर क्रेग मैक्रे ने चाकू की तकनीक और हाथ से हाथ का मुकाबला डिजाइन किया है। सिद्धार्थ की छह महीने की तैयारी में फिटनेस आहार भी शामिल था। पुष्कर ओझा ने कहा कि हमने बेहतरीन विवरण के साथ स्टोरीबोर्ड किया। फिर, फाइट कोरियोग्राफर हमारे साथ बैठा और इसमें जोड़ा। जब सिद्धार्थ ने दृश्य में प्रवेश किया, तो उन्होंने सबसे पहले मॉक सेट पर एक्शन किया। निर्देशक सागर आम्ब्रे का कहना है कि उन्होंने सिद्धार्थ के किरदार अरुण को पारिवारिक व्यक्ति के रूप में गढ़ा है। अरुण सच्चे सैनिक हैं।

देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'देवरा' से उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। 'देवरा : भाग 1' में मैन ऑफ मास एनटीआर जूनियर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार जाह्नवी कपूर आज अपना जन्मदिन मना रही हैं और उन्हें विश्व स्तर पर शुभचिंतकों और नेटिज़न्स से प्यार मिल रहा है। आज विशेष अवसर को चिह्नित करते हुए, 'देवरा : पार्ट 1' के निर्माताओं ने जाह्नवी कपूर को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें जाह्नवी 'थंगम' के किरदार में नजर आ रही हैं। निर्माताओं ने लिखा, हमारी प्यारी थंगम, जाह्नवी कपूर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! जाह्नवी ने इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया और लिखा, सेट पर वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती, कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 10 अक्टूबर 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

रामचरण संग आरसी 16 में होंगी जाह्नवी

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों के स्टार रामचरण के साथ फिल्म आरसी 16 में नजर आएगी। जाह्नवी कपूर का आज जन्मदिन है। इस खास दिन पर जाह्नवी कपूर की एक फिल्म की अनाउंसमेंट भी हुई है, जिसमें वह राम चरण के साथ नजर आएंगी। वृद्धि सिनेमा प्रोडक्शन कंपनी और मैत्री मूवी मेकर्स ने जाह्नवी की एंट्री आरसी 16 में कन्फर्म की है। यह फिल्म पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होगी। इस फिल्म को सुकुमार ने लिखा है और एआर रहमान ने संगीत तैयार किया है।

जीनत बोलीं- मेरे बिना मेरी बायोपिक बनाना मूर्खता

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री जीनत अमान ने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है जीनत सोशल मीडिया पर लगातार फैंस को अपना अपडेट देती रही हैं। जीनत ने इंस्टाग्राम पर अपनी पुरानी फोटो शेयर की और इसी के साथ मैसेज भी लिखा। इसमें उन्होंने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है। जीनत ने कैप्शन में लिखा, हो सकता है कि आप इसे एक बूढ़ी औरत की शिकायत कहकर खारिज कर दें, लेकिन मेरी राय में, मुझे शामिल किए बिना मेरे बारे में बायोपिक बनाना मूर्खता होगी। बिल्कुल स्पष्ट रूप से, कोई भी मुझे उस तरह नहीं जानता जैसे मैं जानती हूं। इसलिए इस संबंध में कोई भी शोध मेरे इनपुट के बिना अधूरी, यहां तक कि त्रुटिपूर्ण भी होगा। मैं शर्त लगाती हूं कि मेरे बारे में सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हर तथ्य के लिए सैकड़ों और तथ्य हैं जो केवल मुझे पता हैं। यहां बहुत सारे मील के पत्थर, उपाख्यान और व्यक्तिगत रहस्योद्घाटन हैं जो मेरी यात्रा को समझने के लिए अभिन्न अंग हैं। यह वास्तव में एक दिलचस्प जीवन रहा है। जीनत ने लिखा, संभावित बायोपिक को लेकर मेरी बात हुई है और मैं खुद धीरे-धीरे इस विचार पर विचार कर रही हूं। क्या ऐसा होगा? कौन जानता है? मेरी बायोपिक के लिए संवेदनशील निर्देशक, बहादुर लेखक, बेदाग कलाकार की जरूरत होगी...!

बिग गर्ल्स डोंट क्राई का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो की नई सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' एक गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल की कहानी है और इसमें सारे मुख्य किरदार यंग लड़कियां हैं। यह सीरीज नित्या मेहरा द्वारा बनाई गई है और इसका निर्देशन सुधांशु सरिया, करण कपाड़िया और कोपल नैथानी के साथ नित्या ने किया है। बिग गर्ल्स डोंट क्राई ट्रेलर' का ट्रेलर 'वंदना वैली' स्कूल में बोर्डिंग लाइफ की झलक दिखाता है, जहां 7 लड़कियों का एक ग्रुप स्कूल पर शासन करने के इरादे से अपने आखिरी साल की तैयारी कर रहा है। एक लड़की, काव्या यादव दोस्त बनाने और जीवन जीने की उम्मीद में स्कूल में आती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चल जाता है कि यहां के माहौल में ढलने के लिए उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' 14 मार्च से अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

एमएच 60आर सीहॉक हेलीकॉप्टर बेड़े में शामिल

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने बुधवार को

'एमएच 60आर सीहॉक' बहु-उद्देश्यीय हेलीकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल कर लिया। यह ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण है। इसे भारत के रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। आईएनएएस 334 'सीहॉक' नौसेना वायु स्क्वाड्रन को नौसेना प्रमुख आर हरि कुमार की उपस्थिति में कोच्चि में आईएनएस गरुड़ में एक समारोह में शामिल किया गया।

रूस-चीन चंद्रमा पर परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की बना रहे योजना

मॉस्को। रूस और चीन अगले दशक में चंद्रमा पर परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की परियोजना पर विचार कर रहे हैं। अंतरिक्ष उड़ानों और अनुसंधान के लिए जिम्मेदार रोस्कोस्मोस के सीईओ यूरी बोरिसोव ने कहा कि इस तरह के मिशन को स्वचालित रूप से अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तकनीकी समाधान लगभग तैयार हैं। बोरिसोव ने कहा कि हम 2033 और 2035 के बीच अपने चीनी भागीदार के साथ संयुक्त रूप से चंद्रमा तक पहुंचने और वहां एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की परियोजना पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

फांसी से पहले पूर्व पीएम जुल्फिकार भुट्टो का ट्रायल निष्पक्ष नहीं

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो, जिन्हें 44 साल पहले हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद फांसी दी गई थी, को निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिली। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संस्थापक भुट्टो, जो अब उनके पोते और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा संचालित हैं, को 1979 में दिवंगत जनरल जिया-उल-हक के सैन्य शासन के तहत एक मुकदमे के बाद फांसी दे दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने फैसले का सीधा प्रसारण करते हुए कहा, हमने नहीं पाया कि निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया की आवश्यकताएं पूरी की गईं। उन्होंने कहा उनकी अध्यक्षता वाली पीठ का सर्वसम्मत निर्णय था।

नेपाल: प्रचंड ने नए मंत्रिमंडल में शामिल किए 16 नए मंत्री

काठमांडू : नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल में 16 नए मंत्रियों को शामिल किया। पूर्व गुरिल्ला नेता प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस का साथ छोड़कर नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के साथ सोमवार को नया गठबंधन बनाया, जिसके बाद तीन मंत्रियों ने पद की शपथ ली थी। प्रचंड ने एक दिन पहले नेकपा से चार, नेकपा (एकीकृत माओवादी लेनिनवादी) से सात, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से तीन और नेकपा (एकीकृत सोशलिस्ट) से दो को मंत्री बनाया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में द. कोरिया के साथ भारत में हो विस्तार: एस जयशंकर

सियोल, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत दक्षिण कोरिया के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करना चाहता है ताकि द्विपक्षीय संबंधों को और समकालीन बनाया जा सके।

जयशंकर ने अपने समकक्ष चो ताइ युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह अध्यक्षता करने के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2015 में दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। बता दें, जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में सोल में हैं। मंत्री ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम उस पर खरा उतरें। हम बीते वर्षों में मजबूती से आगे बढ़े हैं। हम एक दूसरे के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण भागीदार बन गए हैं। हमारे द्विपक्षीय आदान-प्रदान, व्यापार, निवेश, रक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग सभी ने सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों में गति बनाए रखते हुए एक स्थिर विकास देखा है।

दक्षिण कोरिया के सियोल में राष्ट्रीय संग्रहालय में भारत की बौद्ध कला प्रदर्शनी को देखते जयशंकर।

हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते

जयशंकर ने कहा, मैंने बहुत उम्मीदों के साथ संयुक्त आयोग से संपर्क किया था। मैं जानता हूं कि हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते हैं। हमारी चुनौती इसे व्यावहारिक परिणामों में बदलना है। उन्होंने कहा, हमारे नेताओं ने पिछले साल हिरोशिमा और नई दिल्ली में दो बार मुलाकात की। मुझे लगता है कि उनकी चर्चा ने हमें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया है।

राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप और बाइडन की भिड़ंत तय, दौड़ से बाहर हुईं निक्की हेली

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला होगा। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 52 वर्षीय निक्की हेली को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया है, लेकिन वह किसी भी अन्य रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी की तुलना में लंबे समय तक 77 वर्षीय ट्रंप के सामने टिकी रहीं।

पार्टी के समर्थक एकजुट: ट्रंप

डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात को घोषणा की कि रिपब्लिकन के समर्थक उनके पीछे एकजुट है, लेकिन कुछ ही समय बाद एक बयान में हेली के प्रवक्ता ओलिविया पेरेज-क्यूबास ने कहा, केवल यह दावा करने से एकता हासिल नहीं होती है, हम एकजुट हैं। सुपर ट्यूजडे के चुनाव बाद ट्रंप के पास 893 डेलीगेट हो गए हैं, जबकि हेली को 66 डेलीगेट का समर्थन है। पार्टी उम्मीदवारी के लिए कम से कम 1215 डेलीगेट की जरूरत होती है। परेज क्यूबास ने कहा कि आज एक के बाद एक राज्य में रिपब्लिकन प्राथमिक मतदाताओं का एक बड़ा समूह बना हुआ है, जो डोनाल्ड ट्रंप के बारे में गहरी चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में राष्ट्रपति बाइडन की बल्ले-बल्ले

जो बाइडन को प्राइमरी चुनाव में किसी भी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने अभी तक सभी डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में कामयाबी हासिल की। जिसका मतलब साफ है कि डेमोक्रेटिक नामांकन के लिए बाइडन के सामने अन्य नेता मैदान में नहीं है। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन के सामने ट्रंप एक बार फिर से देखे जा सकेंगे।

किसने कितना फंड जुटाया

राष्ट्रपति बाइडन ने प्रचार फंड में सितंबर तक 590 करोड़ रुपये जुटाए हैं। उनका औसतन दान 40 डॉलर (3324 रुपये) का था और 97% दानदाताओं ने 200 डॉलर (16621 रुपये) से कम पैसे दिए थे। वहीं, ट्रंप ने पिछले 9 महीनों में 598 करोड़ रुपये जुटाए हैं। दूसरी तरफ निक्की हेली का फंड 340 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

हेली राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस से पीछे हटी

हेली के करीबी ने बताया है कि, उन्होंने फैसले की पुष्टि की कि राष्ट्रपति पद के लिए अपना नाम वापस ले रहीं है। हेली उदारवादी रिपब्लिकन और स्वतंत्र मतदाताओं के गठबंधन का समर्थन अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। बता दें फरवरी 2023 में रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति बनने की रेस में ट्रंप के खिलाफ वह सामने आई थी। गौरतलब है कि निक्की हेली के पीछे हटने की चर्चाओं के बाद ट्रंप का रिपब्लिकन से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने का रास्ता साफ हो गया है।

भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे नवीनीकरण नहीं करेगा मालदीव

मुइज्जू बोले-जलीय सीमा में खुद ही सर्वेक्षण करेंगे, इसके लिए सरकार बना रही योजना

माले, एजेंसी

भारत और मालदीव के बीच राजनयिक तनाव बना हुआ है। ऐसे में माले ने नई दिल्ली को एक और झटका देते हुए मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वे को समाप्त करने का मन बनाया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने एलान किया कि भारत के साथ मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू नहीं किया जाएगा और इस अभ्यास के लिए आवश्यक सुविधाओं और मशीनों को हासिल करने की योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा, पिछले साल चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद से भारत-मालदीव संबंधों को झटका लगा है। नवंबर 2023 में शपथ लेने के कुछ घंटों बाद ही मुइज्जू ने मालदीव की संप्रभुता सुनिश्चित करने की कसम खाई और पहला कदम उठाते हुए भारत से अपने सभी सैनिकों को वापस लेने की मांग करने लगा। मुइज्जू ने यह एलान एक चीनी रिसर्च जहाज 'जियांग यांग होंग 03' माले के आसपास तकरीबन एक सप्ताह का वक्त गुजारने के कुछ दिनों बाद किया। मुइज्जू ने सोमवार को जिन द्वीपों का दौरा किया था उनमें से एक पर एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मालदीव का रक्षा मंत्रालय स्वयं ही हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए जरूरी सुविधाएं हासिल करने की कोशिशों में जुटा हुआ है। गौरतलब है कि मुइज्जू की हालिया घोषणा को चीनी अनुसंधान पोत की गतिविधि से भी जोड़ा जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण मामले में मुइज्जू का बयान चीनी पोत के माले के आसपास लगभग एक सप्ताह और मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के ठीक बाहर एक महीने से अधिक समय बिताने के कुछ दिनों बाद आई है।

पूर्ववर्ती सरकार ने किया था भारत से समझौता

तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के नेतृत्व में प्रशासन ने मालदीव के पानी के नीचे की विशेषताओं का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण कराने के लिए भारत सरकार के साथ एक समझौत पर दस्तखत किए थे, लेकिन मौजूदा राष्ट्रपति ने इस समझौते को रिन्यू करने से इनकार करते हुए कहा कि हम अपने पानी के भीतर की विशेषताओं के बारे में खुद ही सभी जानकारियां हासिल करेंगे और चार्ट तैयार करेंगे।

जरूरी मशीन अपने स्तर से हासिल कर रही मालदीव सरकार

खबरों के मुताबिक मालदीव का रक्षा मंत्रालय हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए जरूरी मशीन और सुविधाएं अपने स्तर पर हासिल करने के प्रयास कर रहा है। मालदीव की मीडिया ने राष्ट्रपति के हवाले से बयान जारी किया गया। इसके मुताबिक राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि मालदीव को अपनी जलीय सीमा के भीतर खुद ही सर्वेक्षण की अनुमति मिल जाएगी। इसके बाद सरकार समुद्र के भीतर की विशेषताओं के बारे में सभी जानकारियां हासिल कर सकेगी। जानकारी जुटाने के बाद चार्ट तैयार किया जाएगा।

बैंक धोखाधड़ी मामला

अमेरिका से भारत लाया गया जालसाज

नई दिल्ली। बैंक धोखाधड़ी मामले से जुड़े एक आरोपी के खिलाफ जारी इंटरपोल रेड नोटिस होने के बाद उस अमेरिका में पकड़ा गया, जिसे भारत वापस लाया गया। अधिकारियों ने इस मामले की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 25 साल पुराने धोखाधड़ी मामले में आरोपी राजीव मेहता ने बैंक ड्रॉफ्ट को रोक लिया था, जिसके बाद आरोपी ने पैसा निकाल लिया था। गौरतलब है कि वर्ष 2000 से आरोपी मामले में फरार चल रहा था। अधिकारियों ने कहा कि ग्लोबल ऑपरेशंस सेंटर ने इंटरपोल चैनलों का इस्तेमाल करके नेशनल सेंट्रल ब्यूरो वाशिंगटन ने उसे अपने अधिकार क्षेत्र में ढूंढ लिया। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि इंटरपोल ने सीबीआई के अपील पर 16 जून 2000 को मेहता के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया था। प्रवक्ता ने कहा कि आरोपियों की लोकेशन और गिरफ्तारी के लिए सभी इंटरपोल सदस्य देशों को रेड नोटिस भेजा गया था। गौरतलब है कि सेंट्रल बैंक ऑप इंडिया में फर्जी बैंक खाते खोलने से जुड़े धोखाधड़ी, चोरी और आपराधिक साजिश के संबंध में मुकदमा चलाने के लिए 1998 में दर्ज एक आपराधिक मामले में सीबीआई को इस व्यक्ति की तलाश थी।

सिंगापुर शीर्ष कोर्ट की जज संविधान पीठ में हुई शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- बतौर मेहमान जूडिथ प्रकाश खनिज-खनन पर रॉयल्टी टैक्स को लेकर करेंगी सुनवाई

सिंगापुर सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जूडिथ प्रकाश को बुधवार को भारतीय सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ में शामिल किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में नौ जजों की ये पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है कि क्या केंद्र सरकार द्वारा खनिज-खनन पर ली जाने वाली रॉयल्टी को टैक्स माना जा सकता है या नहीं।

जस्टिस जूडिथ प्रकाश संविधान पीठ में बतौर मेहमान जज शामिल की गई हैं। जूडिथ प्रकाश दिल्ली आर्बिट्रेशन वीकेंड में शामिल होने के लिए भारत आई हुई हैं। बुधवार को जस्टिस जूडिथ प्रकाश का स्वागत करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कुछ महीने पहले सिंगापुर के मुख्य न्यायाधीश सुंदरेश मेनन हमारे साथ थे और जस्टिस जूडिथ प्रकाश हमारे बीच हैं। वे दिल्ली आर्बिट्रेशन वीक में शामिल होने आई हैं, जहां वे संबोधन देंगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और खनिज-खनन पर रॉयल्टी मामले में दलीलें रख रहे वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने भी जस्टिस जूडिथ प्रकाश का स्वागत किया।

महिलाओं को बड़े पदों पर बढ़ावा देना अहम कदम

महिलाओं से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि महिलाओं को बड़े पदों पर बढ़ावा देना और सम्मेलनों में मुख्य वक्ताओं के रूप में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना, पैनलों में उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना अचेतन पूर्वाग्रह पर काबू पाने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बढ़ावा देने से वास्तविक मूल्य को पहचान मिलेगी। न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि युवा महिला वकीलों को इंटर्नशिप देने, कानूनी विभागों और सरकारी क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के दरवाजे खोलने से कानून फर्मों, न्यायाधीशों और न्यायाधिकरणों और आयोगों के सदस्यों के रूप में उनके भविष्य में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। कोहली ने कहा कि निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए मध्यस्थों के बीच लिंग आधारित विविधता अनिवार्य है।

पीएम के स्वागत के लिए तैयार घाटी...

श्रीनगर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज घाटी दौरे पर हैं। जम्मू-कश्मीर में असाधारण सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पीएम के दौरे से एक दिन पहले झेलम नदी पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते मरीन कमांडो। सुरक्षा बल किसी भी प्रकार की कोताही नहीं छोड़ना चाहते हैं, इसलिए अलर्ट मोड पर हैं। ड्रोन के जरिए भी निगरानी की गई है। पुनर्निर्मित बख्शी स्टेडियम के आसपास बढ़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों को मुस्तैद किया गया है। अचूक सुरक्षा में घाटी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार है। ● एजेंसी

रूस-यूक्रेन जंग में एक भारतीय की मौत : भारतीय दूतावास

मॉस्को, एजेंसी

- पार्थिव देह स्वदेश लाने के प्रयास जारी, विदेश मंत्रालय बोला- रूसी अधिकारियों के संपर्क में है भारत

रूस-यूक्रेन जंग में अब तक 4.44 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। रूस अब बाहर के युवाओं को मोटी रकम देकर सेना में भर्ती कर रहा है। इस कड़ी में भारतीय युवा भी शामिल है। भारतीय विदेश मंत्रालय पिछले माह ही युद्ध से दूर रहने की हिदायत दे चुका है।

इस बीच भारतीय दूतावास ने जानकारी दी है रूसी सेना में भर्ती भारतीय नागरिक मोहम्मद असफान यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में अपनी जान गंवा बैठा। भारतीय दूतावास से बुधवार को जारी बयान में कहा गया कि विदेश मंत्रालय मृतक के परिवार और रूसी अधिकारियों के संपर्क में है। उनके पार्थिव शरीर को भारत भेजने का प्रयास किया जा रहा है। दूतावास ने बताया कि मृतक की पहचान मोहम्मद असफान के रूप में हुई है। इनकी मौत रूस और यूक्रेन के बीच डेढ़ लगभग दो साल से जारी हिंसक संघर्ष के बीच हुई।

बता दें, विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की थी। यूक्रेन में संघर्ष से दूर रहने का आह्वान करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा, खबरें सामने आई हैं कि भारतीय नागरिकों ने रूसी सेना में सहायक बनने की पहल की है।

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में संदिग्ध नक्सलियों ने भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। बता दें, पिछले एक साल से प्रभावित इलाकों में भाजपा नेता की यह आठवीं हत्या है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के जांगला थाना क्षेत्र के अंतर्गत भुर्रीपानी गांव के निकट संदिग्ध नक्सलियों ने कैलाश नाग (40) की हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। जानकारी मिलने पर पुलिस के दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। नाग भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष थे। पुलिस ने कहां आगे की जांच की जा रही है।

यमन में पोत पर हमला, 13 भारतीय सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदन की खाड़ी में लाइबेरिया के जहाज पर हुए हमले का भारतीय नौसेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब

अदन की खाड़ी में ड्रोन हमले की चपेट में आने के बाद लाइबेरिया के ध्वज वाले व्यापारिक जहाज की सहायता करने के दो दिन बाद भारतीय नौसेना ने बुधवार को कहा कि 13 भारतीय नागरिकों सहित मालवाहक जहाज का 23 सदस्यीय चालक दल सुरक्षित है। व्यापारिक पोत एमएससी स्काई-2 पर चार मार्च को हमला किया गया था।

भारतीय नौसेना ने कहा कि हमले के बाद जहाज पर धुआं उठने और आग लगने की सूचना दी गई थी। आईएनएस कोलकाता को तुरंत आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचा। नौसेना ने कहा कि 13 भारतीय नागरिकों सहित 23 कर्मियों का दल सुरक्षित है और

जहाज अपने अगले गंतव्य की ओर बढ़ रहा है।

लाइबेरिया के ध्वज वाले व्यापारिक जहाज पर हमले के एक दिन बाद बुधवार को हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के दो युद्धक जहाजों को लाल सागर में निशाना बनाया है। ड्रोन हमले में एक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अदन की खाड़ी में बुधवार को हुए हमले में बारबाडोस के ध्वज वाले 'ट्रू कॉन्फिडेंस' नामक मालवाहक पोत को निशाना बनाया गया। वहीं हूती संगठन के प्रवक्ता याहया सरेया ने टेलीविजन पर जारी किए गए बयान में ये बड़ा दावा किया है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि उन्होंने लाल सागर में अमेरिका के दो युद्धक जहाजों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया।

इजराइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ही हूती विद्रोही फिलिस्तीन के समर्थन में अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग रूट पर लाल सागर, अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इन हमलों के चलते कई व्यापारिक फर्म ने अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की बजाय अपने जहाजों को दक्षिण अफ्रीका के लंबे रूट से भेजना शुरू कर दिया है। इसके चलते दुनिया में महंगाई बढ़ने की आशंका है।

गुजरात दंगों के 22 साल बाद गुलबर्ग सोसाइटी में लौटी रौनक

अहमदाबाद। गुजरात में गोधरा कांड के बाद फैले दंगे के दौरान अहमदाबाद की गुलबर्ग सोसाइटी में हिंसा भड़क गई थी। दंगों में 69 लोगों की मौत हुई थी। हिंसा के बाद अधिकतर लोग गुलबर्ग सोसाइटी छोड़कर चले गए थे और यह इलाका वीरान सा हो गया था। अब गुजरात दंगों के 22 साल बाद गुलबर्ग सोसाइटी में पहली बार जश्न मना।

दरअसल यहां एक परिवार में शादी हुई, जिसका हल्दी का कार्यक्रम गुलबर्ग सोसाइटी में आयोजित किया गया। गुलबर्ग सोसाइटी के रहने वाले रफीक मंसूरी की 19 साल की बेटी मिसबाह की बुधवार को शादी है। शादी से पहले रफीक मंसूरी, उनके दोस्त और परिवार के अन्य लोग गुलबर्ग सोसाइटी में इकट्ठा हुए और मिसबाह की हल्दी सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल हुए।

विज्ञान जीवन की तलाश की राह महासागरीय बर्फीले ग्रहों की ओर बढ़ी

शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ऐसा कैसे संभव है कि ब्रह्मांड में इकलौता जीवन पृथ्वी पर ही मौजूद है। खगोल वैज्ञानिक ऐसा सोचते हैं। जिस कारण पिछले कई दशकों से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश में वैज्ञानिकों का बड़ा समूह जुटा हुआ है।

तलाश की यह राह अब महासागरीय बर्फीले उपग्रहों की ओर बढ़ चली है। शनि का उपग्रह एन्सेलेडस , बृहस्पति का यूरोपा और गेनीमेड पर वैज्ञानिको को यकीन है कि यह तीन उपग्रह बर्फ से ढके हुए हैं और इनकी सतह में महासागर समाए हुए हैं। इन महासागरों में जीवित जीवों के उद्भव की अनुकूल परिस्थितियाँ हो सकती हैं। इन चंद्रमाओं पर जीवन के संकेत मिले है। जिस कारण खगोलविद इन ग्रहों पर खुदाई कर जीवन तलाशने की योजना बना रहे हैं।

पृथ्वी से करोड़ों किलोमीटर दूर इन ग्रहों पर खुदाई का काम बेहद जटिल तकनीकी चुनौती है। इस खोज का आधार अंटार्कटिका की संरचना को बनाया गया है। अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हालही में कई किमी में फैली अंटार्कटिका की विशाल बर्फ की सिल्लियों का अध्ययन किया है।

जिससे पता चला कि हमारी पृथ्वी पर मौजूद अंटार्कटिका की बर्फ की संरचना शनि व बृहस्पति के उपग्रहों से कई मायनों में समान हैं। जिस कारण इन ग्रहों पर जीवन की संभावना प्रबल नजर आती है और इस दिशा में कड़ी मेहनत के जरिए सफलता हासिल की जा सकती है। वैज्ञानिक इस खोज में लगें हुए है।



बर्फ से ढके बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा की तस्वीर।

आधुनिक तकनीक के जरिए संभव है जीवन की खोज

खगोलविदों का मानना है कि पिछले पांच दशकों में दिनपरदिन तकनीक में सुधार आते रहे हैं। जिसके चलते ब्रह्मांड में खोज की दिशा में अद्वितीय सफलता हासिल कर चुके हैं। बृहस्पति व शनिग्रह हमसे बहुत दूर नही हैं। इन ग्रहों तक हमारी पहुच है और आधुनिक तकनीक के जरिए मंजिल तक पहुच सकते हैं और एक मुकाम हासिल कर सकते हैं।

प्राकृतिक कारणों से हुई थी एलेक्सी नवलनी की मौत

मॉस्को। रूस की विदेशी खुफिया सेवा के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि नेता एलेक्सी नवलनी की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उनका यह बयान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर विरोधी की मौत पर उपजे अंतर्राष्ट्रीय आक्रोश को शांत करने के क्रेमलिन के प्रयासों को दर्शाता है।

विदेशी खुफिया सेवा के निदेशक सर्गेई नारीश्किन ने एक साक्षात्कार में यह बयान दिया। उन्होंने जेल में नवलनी की मौत का कारण नहीं बताया। लेकिन उन्होंने कहा कि देर-सबेर जीवन समाप्त हो जाता है और लोग मर जाते हैं। उसी तरह नवलनी की मृत्यु भी प्राकृतिक कारणों से हुई है। उन्होंने कहा, नवलनी की 16 फरवरी को मास्को से लगभग 1,900 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित एक जेल में मौत हो गई थी। वह चरमपंथ के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे।

कम बीमार पड़ रहे लॉकडाउन में जन्में बच्चे, शोध में हुई पुष्टि

डबलिन, एजेंसी

- आयरलैंड की विवि के शोधकर्ताओं ने किया अध्ययन, बच्चों के पेट में अलग तरह के जीवाणु मिले

लॉकडाउन में पैदा हुए बच्चों का इम्यून सिस्टम पहले पैदा हुए बच्चों से बेहतर है। आयरलैंड की यूनिवर्सिटी कॉलेज कॉर्क के शोधकर्ताओं द्वारा किए अध्ययन में पाया गया कि जो बच्चे लॉकडाउन में पैदा हुए थे, उनके पेट के माइक्रोबायोम दूसरों से अलग हैं। इससे कोविड में जन्में बच्चों में पहले के बच्चों की तुलना में एलर्जी में कमी आई।

अध्ययन में पाया गया कि कोविड में पैदा हुए बच्चों में सिर्फ 5 फीसदी बच्चों को ही एलर्जी हुई, जबकि पहले ये दर लगभग चार गुना यानी 22.8 फीसदी थी। वहीं सिर्फ 17 फीसदी बच्चों को एक साल के अंदर किसी एंटीबायोटिक्स की जरूरत पड़ी। इससे पहले 1 साल तक 80

फीसदी बच्चों ने एंटीबायोटिक्स ली थी। मां के साथ पर्यावरण ने भी दिए एंटीबायोटिक गुणः गर्भवस्था में माताओं ने बच्चों को एंटीबायोटिक गुण दिए। बच्चों के जन्म के बाद उन्हें वातावरण से अतिरिक्त गुण मिले। लॉकडाउन के दौरान पर्यावरण में प्रदूषण कम होने से बच्चों में संक्रमण कम था क्योंकि वे कीटाणुओं-बैक्टीरिया के संपर्क में नहीं थे।